haribhoomi.com

नई दिल्ली, शनिवार, 21 जून 2025

आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष,
एकादशी वर्ष : 29, अंक : 67
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

**मौसम**
अधि. 29
न्यून. 23

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस आज



हरियाणा सरकार | हरियाणा सरकार

" एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग "



"योग एक ऐसे स्वस्थ और सामर्थ्यशाली समाज का निर्माण करता है, जिसकी सामूहिक ऊर्जा कई गुना ज्यादा होती है।"
- नरेन्द्र मोदी

## 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस
21 जून, 2025

योग युक्त हरियाणा नशा मुक्त हरियाणा

आयुष विभाग, हरियाणा एवं हरियाणा योग आयोग द्वारा

**राज्य स्तरीय कार्यक्रम**
का आयोजन

मुख्य अतिथि
**श्री बंडारू दत्तात्रेय** राज्यपाल, हरियाणा | **श्री नायब सिंह सैनी** मुख्यमंत्री, हरियाणा

योग निर्देशन
**योग गुरु स्वामी रामदेव जी**

अध्यक्षता
**कुमारी आरती सिंह राव**
आयुष एवं स्वास्थ्य मंत्री, हरियाणा

21 जून, 2025 । प्रातः 5 बजे । ब्रह्म सरोवर, कुरुक्षेत्र

इस अवसर पर 1 लाख से अधिक योग साधक लेंगे भाग और बनाएंगे विश्व रिकॉर्ड



प्राणायाम और योगध्यान
स्वस्थ तन, मन ऊर्जावान

हरियाणा के सभी 121 खण्डों तथा 22 जिलों में होगा योग प्रतियोगिताओं का आयोजन जिसमें 10 लाख से अधिक योग साधक लेंगे भाग

आप सभी सादर आमंत्रित हैं

कार्यक्रम से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा

www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

सूचना एवं जन संपर्क विभाग, हरियाणा के Whatsapp चैनल से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

## क्लास रूम निर्माण घोटाले का मामला

# एसीबी ने सिसोदिया से तीन घंटे से अधिक समय तक की पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



एंटी करप्शन ब्रांच ने दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया से शुक्रवार को स्कूलों में कक्षाओं के निर्माण से संबंधित कथित भ्रष्टाचार के मामले में तीन घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की। एसीबी लंबे समय से केस की जांच कर रही है। सिसोदिया के साथ पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन को भी तलब किया जा चुका है। जैन 6 जून को एसीबी अधिकारियों के समक्ष पेश हुए थे।

ज्वाइंट सीपी मधुर वर्मा के अनुसार सिसोदिया सुबह 11 बजे एसीबी के समक्ष पेश हुए थे। सिसोदिया से एक स्वतंत्र 'पंच' गवाह की मौजूदगी में पूछताछ की गई और मामले से जुड़े विभिन्न तथ्यों और परिस्थितियों के बारे में उनके जवाब दर्ज किए गए। पूछताछ पूरी होने के बाद वह दोपहर 2.30 बजे एसीबी कार्यालय से निकले। दिल्ली सरकार के स्कूलों में 12,000 से अधिक कक्षाओं या अर्ध-स्थायी संरचनाओं के निर्माण में 2,000 करोड़ रुपये की वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों के आधार पर 30 अप्रैल को एसीबी द्वारा एक प्राथमिकी दर्ज किए जाने के बाद समन जारी किये गये। एसीबी के समक्ष पेश होने से पहले सिसोदिया ने इस मामले को 'राजनीति से प्रेरित' और महत्वपूर्ण मुद्दों से ध्यान हटाने की कोशिश बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा राजनीतिक उद्देश्यों से प्रेरित है और झूठे आरोप लगा रही है। हमने उत्कृष्ट स्कूल बनाए। भाजपा सरकार स्कूलों के प्रबंधन में खराब है। दिल्ली में जलभराव है और बिजली कटौती हो रही है। भाजपा महत्वपूर्ण मुद्दों से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है। भाजपा कार्यकर्ताओं को भी नहीं पता कि सरकार क्या कर रही है। सिसोदिया ने दावा किया कि इस मामले में कुछ भी नहीं निकलेगा। उन्होंने कहा कि किसी अन्य मामले में हमारे खिलाफ कुछ नहीं मिला है। मैं इस मामले में एसीबी के समक्ष तथ्य रखूंगा। यह मामला केवल राजनीति से प्रेरित है। भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने इस मामले में मेरे खिलाफ आरोप लगाए थे और मैंने उनके खिलाफ मानहानि का मामला दर्ज कराया था। वह मानहानि के मामले में जमानत पर हैं। सिसोदिया को पहले 9 जून को एसीबी के समक्ष पेश होना था, लेकिन उनके वकील ने एजेंसी को सूचित किया कि वह कुछ 'पूर्व निर्धारित' कार्यक्रमों को लेकर व्यस्त हैं। वह तब एजेंसी के समक्ष उपस्थित नहीं हुए थे। पिछले समन पर एजेंसी के समक्ष पेश नहीं होने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि भाजपा केवल प्राथमिकी दर्ज करने का खेल खेलती है।

# सभी जिलों में नशे के खिलाफ चला अभियान 139 लोग किए गिरफ्तार, 133 केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस ने ऑपरेशन कवच-8.0 के तहत नार्को अपराधियों और संगठित अपराध के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है। दिल्ली के 15 जिलों में 1040 स्थानों पर सभी जिलों/इकाइयों द्वारा एक साथ अभियान चलाया गया। इसमें अपराध शाखा और स्पेशल सेल भी शामिल रही। स्पेशल सीपी देवेश चंद्र श्रीवास्तव के अनुसार 133 एनडीपीएस मामलों में 139 लोगों को गिरफ्तार किया गया, जिसके परिणामस्वरूप बड़ी मात्रा में ड्रग्स बरामद हुई। पकड़े गये इन लोगों से 90.3 ग्राम हेरोइन, 25.9 किलोग्राम गांजा, 3.32 ग्राम कोकीन, 4.63 ग्राम एमडीएमए, 20.08 ग्राम एम्फेटामाइन और 12 ब्यूप्रेनॉर्फिन टैबलेट बरामद हुईं। इसके अतिरिक्त, दिल्ली आबकारी अधिनियम के तहत 217 मामले दर्ज किए गए, जिसमें 224 व्यक्तियों की गिरफ्तारी और 125 बीयर की बोतलें और 158 बीयर के डिब्बे, 47476 क्वार्टर अवैध शराब जब्त की गई। 159 व्यक्तियों को दिल्ली आबकारी अधिनियम की धारा 40 के तहत गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा 29 आर्म्स एक्ट मामलों में 30 लोगों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें छह सेमी ऑटोमेटिक पिस्तौल, दो देशी कट्टे, सात कारतूस, तीन मैगजीन और 23 चाकू बरामद किए गये। जुआ अधिनियम के 28 मामलों में 55 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इनसे 25,592 रुपये नकद बरामद किए गए। 5682 व्यक्तियों को एहतियातन हिरासत में लिया गया। सिगरेट और अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम (सीओटीपीए) के तहत 2031 उल्लंघनकर्ताओं पर मुकदमा दर्ज किया गया। सीओटीपीए के तहत एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया, जिसके पास से 8,560 पैकेट (469 ई-सिगरेट और 1,71,200 प्रतिबंधित विदेशी सिगरेट) बरामद हुई। दो घोषित अपराधी और एक ऑटो चोर को गिरफ्तार किया गया। 66 डीपी अधिनियम के तहत 494 वाहन जब्त किए गए। पुलिस के अनुसार चालू वर्ष (15.06.2025 तक) के दौरान दिल्ली पुलिस ने 1127 एनडीपीएस मामलों में 1439 नार्को-अपराधियों को गिरफ्तार किया है और लगभग 38 किलोग्राम हेरोइन/स्मैक, 3118 किलोग्राम गांजा, 269 किलोग्राम अफीम, 33 किलोग्राम चरस आदि बरामद किया है। ऑपरेशन कवच मई, 2023 में शुरू किया गया था, जिसका उद्देश्य नशीले पदार्थों की तस्करी और वितरण में शामिल व्यक्तियों की पहचान करना और उन्हें पकड़ना था। अब तक 'कवच' के तहत कुल सात ऑपरेशन किए जा चुके हैं। ऑपरेशन को अंजाम देने के लिए क्राइम ब्रांच और स्पेशल सेल सहित 15 जिलों के सभी पुलिस स्टेशनों की 350 पुलिस टीमों का गठन किया गया था। ऑपरेशन कवच की कार्रवाई 18 जून को शाम छह बजे से शुरू होकर 19 जून को शाम छह बजे तक चली।

# ठगी और जालसाजी में शामिल 50 हजार का इनामी बदमाश दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



क्राइम ब्रांच की साइबर सेल ने बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी और जालसाजी में शामिल वांछित इनामी अपराधी को गिरफ्तार किया है। इसकी गिरफ्तारी पर सीपी द्वारा 50 हजार का इनाम भी घोषित किया जा चुका था। ईओडब्ल्यू थाने में दर्ज चार मामलों और अमर कॉलोनी थाने के एक मामले में इसे भगौड़ा अपराधी भी घोषित किया जा चुका था।

डीसीपी आदित्य गौतम और एसीपी साइबर सेल अनिल शर्मा की टीम द्वारा बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी और जालसाजी के मामलों में शामिल इस भगौड़े व इनामी अपराधी का नाम दत्तात्रेय गणपति मोहिते (56) निवासी जिला रायगढ़, महाराष्ट्र को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी दत्तात्रेय गणपति मोहिते ने नवी मुंबई के कर्जत में काल्पनिक प्रगति वैली प्रोजेक्ट के इर्द-गिर्द एक बड़े पैमाने पर रियल एस्टेट धोखाधड़ी की थी। जांच में एक सुनियोजित धोखाधड़ी और जालसाजी रैकेट का पता चला, जिसमें दिल्ली भर में हजारों पीड़ितों को एक गैर-मौजूद हाउसिंग प्रोजेक्ट में निवेश करने के लिए धोखा दिया गया था। आरोपी फर्म प्रगति लैंड एंड हाउसिंग कॉरपोरेशन ने 70 से अधिक फर्जी एस्टेट कंपनी के एजेंटों के साथ साजिश रचकर दिल्ली में एक जबरदस्त मार्केटिंग अभियान चलाया। जाली ब्रोशर, फर्जी प्री-लॉन्च ऑफर और विस्तृत प्रस्तुतियों का उपयोग करके भूमि स्वामित्व, उच्च रिटर्न और सरकारी मंजूरी के झूठे वादे किए गए। पीड़ितों को धोखाधड़ी के आश्वासन के आधार पर चेक और नकद के माध्यम से 20 करोड़ से अधिक की राशि का निवेश करने के लिए प्रेरित किया गया। हालांकि, बाद में जालसाजी और धोखा उजागर हो गया। फर्म के पास उक्त साइट पर कोई जमीन नहीं थी। कोई सरकारी मंजूरी या पंजीकरण मौजूद नहीं था। 2010 तक कंपनी ने अपना संचालन बंद कर दिया और इसके निदेशक गायब हो गए थे। तथाकथित एस्टेट्स फर्म ने केवल बुकिंग के लिए काम किया। कोई वास्तविक परियोजना कभी अस्तित्व में नहीं आई। हजारों से अधिक निवेशक अब तक इस धोखाधड़ी और जालसाजी योजना के शिकार हुए थे, जिसमें फर्जी दस्तावेज, जाली साइट प्लान और फर्जी आवंटन पत्र शामिल थे। आरोपी को गिरफ्तार किया गया और रायगढ़ कोर्ट में पेश करने के बाद दिल्ली में पेशी के लिए ट्रांजिट रिमांड पर लाया गया है। इसके सह-आरोपी और साथियों के व्यापक नेटवर्क की पहचान करने के लिए आगे की जांच जारी है।

## एलजी ने ही खोली रेखा सरकार में सरकारी अस्पतालों की बदहाली की पोलः यादव

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा है कि उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने सरकारी अस्पतालों की बदहाली चिंता जताते हुए भाजपा की रेखा गुप्ता सरकार के 100 दिनों की सफलता की पोल खोलकर रख दी है। कांग्रेस द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली के सवाल उठाने पर सीधे सीधे एलजी सक्सेना ने सही होने की मुहर लगा दी है। उन्होंने कहा कि दिल्ली कांग्रेस पिछले 10 सालों से बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था पर लगातार आवाज उठा रही है। अब उपराज्यपाल के हस्तक्षेप ने दिल्ली की स्वास्थ्य व्यवस्था की बदहाली पर अपनी मोहर लगा दी है। जिसके बाद रेखा सरकार को अपने दावों को पूरा करना चाहिए। यादव ने कहा कि भाजपा की रेखा गुप्ता सरकार 100 दिनों में पूरी तरह नाकाम साबित हुई है। उन्होंने कहा कि रेखा सरकार की नाकामी के कारण उपराज्यपाल को दिल्ली सरकार के अस्पतालों में सुरक्षा, बुनियादी सुविधाएं देने, इनके मरीजों के लिए बेहतर सुविधाएं बहाल करने, डाक्टरों के लिए आवास और अस्पताल परिसर में अनाधिकृत अतिक्रमण हटाने के लिए मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की एक आपातकालीन बैठक बुलानी पड़ी जिससे सरकार की असंवेदनशीलता खुलकर सबके सामने आ गई है।

# शादियों में हुआ घोड़ी का उपयोग तो उठा लेगी एमसीडी

दया राम ▶▶ नई दिल्ली



■ वार्ड समिति की बैठक में पार्षद के सवाल पर बोले अधिकारी

दिल्ली में शादियों के सीजन में बड़ी संख्या में शादियां होती है और भारतीय संस्कृति में घुड़चढ़ी यानी घोड़ी पर चढ़कर शादी के लिए बारात ले जाना एक रस्म है, इसे शगुन भी माना जाता है और शादी के दौरान दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के अधिकारी नियमों का हवाला देते हुए यदि घोड़ी को उठा ले तो क्या होगा। ऐसे में इसे शादियों में बड़ी बाधा और अपशगुन की तरह ही माना जाएगा और ऐसा हो भी सकता है क्योंकि निगम पार्षद के एक प्रश्न पर निगम के पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारी ने निगम के नियमों का हवाला देते हुए घोड़ी उठाने की बात कही है। बता दें कि शुक्रवार को नरेला जोन में वार्ड समिति की अध्यक्ष बबीता डबास की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में बांकनेर वार्ड के पार्षद दिनेश भारद्वाज ने मामला उठाते हुए कहा कि हाल ही में आसपास के गांव से अपनी पशु खच्चर संचालित रेहड़ी आदि से सामान लेने के लिए नरेला शहर आये हुए थे और इस दौरान निगम के पशु विभाग के अधिकारियों ने उनके पशु उठा लिए और फिर मोटा चालान किया जिसके लिए खुद दो पार्षदों ने अधिकारियों से कहा कि यह देहात इलाका है और यह सामान्य बात है लेकिन अधिकारी ने पार्षदों की एक नहीं सुनी और बताया जाता है कि करीब दस हजार का मोटा चालान कर दिया। इसके बाद बैठक में जब अधिकारी से पूछा गया कि यह क्यों किया तो अधिकारी ने नियमों का हवाला देने में कोई कसर नहीं छोड़ी। फिर पार्षद दिनेश भारद्वाज ने कहा कि क्या शादियों में ऐसा किया जाएगा तो अधिकारी ने उत्तर देते हुए कहा कि बिलकुल किया जा सकता है। वहीं, इस जबाव को सुनकर अन्य पार्षद भी हैरान हो गए और जोन के उपायुक्त राकेश कुमार ने अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि माना के नियम हैं लेकिन क्षेत्र भी देखा जाता है। बैठक में वार्ड समिति की अध्यक्ष बबीता डबास, उपाध्यक्ष जनता देवी, पार्षद अंजू, नेहा, रामचंद्र और मनोनीत निगम पार्षद लक्ष्मण सिंह आर्य ने भी जलभराव, सफाई, जर्जर भवन,

### घुड़चढ़ी की परंपरा प्राचीन काल से चलती आ रही है

जानकारी के अनुसार बता दें कि शादी में दूल्हा घोड़ी पर बैठता है, क्योंकि घोड़ी को शक्ति, समृद्धि, और पवित्रता का प्रतीक माना जाता है। यह रस्म दूल्हे के अच्छे स्वास्थ्य और परिवार को संभालने की क्षमता का भी प्रतीक है और दूल्हे के बारात में घोड़ी पर चढ़ने की परंपरा प्राचीन काल से चलती आ रही है।

### पहले अपने गिरेबान में झांके अधिकारी, फिर ले ऐसा एक्शन : नाजिया

कांग्रेस दल की नेता नाजिया दानिश ने इस मामले में निगम अधिकारियों को नसीहत देते हुए कहा है कि निगम अधिकारी पहले अपने गिरेबान में झांके और फिर ऐसा एक्शन लें। उन्होंने कहा कि निगम अधिकारियों को पशुओं की यदि इतनी ही चिंता है तो वह पहले आवारा पशुओं गाय, कुत्तों, बंदरों आदि को नियंत्रित करे और लोगों को काटने व दुर्घटनाओं से बचाए। दिल्ली में फुटपाथों से अतिक्रमण हटाने में अधिकारी शांत है और देहात में तो अपने पशुओं से कृषि कार्य करना और शहर से सामान आदि ले जाना आम बात है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मो0 सागीर पुत्र** अब्दुल मास्टर, **निवासी** मकान नं0 1030, गली नं0–12, के–ब्लॉक, संगम विहार, नई दिल्ली, ने **FIR No. 0695/2022, U/S 33 Delhi Excise Act, पुलिस स्टेशन संगम विहार, दक्षिण जिला, नई दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मो0 सागीर** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मो0 सागीर** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 0695/2022, U/S 33 Delhi Excise Act, पुलिस स्टेशन संगम विहार, दक्षिण जिला, नई दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **मो0 सागीर** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **24.09.2025** को या इससे पहले हाज़िर हो। **आदेशानुसार**

**श्री संकल्प कपूर**
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–04,
दक्षिण जिला, कमरा नं0–211,
साकेत कोर्ट परिसर, नई दिल्ली

**DP/8052/SD/2025**
**(Court Matter)**

# फर्जी डिग्री रैकेट का किया भंडाफोड़ , पांच पकड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



■ सैकड़ों फर्जी दस्तावेज बरामद

क्राइम ब्रांच की आईएससी टीम ने फर्जी डिग्री और मार्कशीट रैकेट चलाने के आरोप में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। कई विश्वविद्यालयों की 228 मार्कशीट, 27 डिग्री सर्टिफिकेट और 20 माइग्रेशन सर्टिफिकेट बरामद किए गए। कार्रवाई के दौरान छह लैपटॉप और 20 मोबाइल फोन भी जब्त हुये हैं।

स्पेशल सीपी देवेश चंद्र श्रीवास्तव के अनुसार विभिन्न विश्वविद्यालयों से फर्जी और पुरानी तारीख वाली डिग्री, मार्कशीट और माइग्रेशन सर्टिफिकेट बनाने वाले एक बड़े रैकेट का भंडाफोड़ किया गया है। दरअसल हेड कांस्टेबल हरेंद्र मलिक को अपने सूत्रों से दिल्ली और एनसीआर में कई शिक्षण संस्थानों के बारे में विश्वसनीय जानकारी मिली थी, जो छात्रों से मोटी रकम वसूलने के बाद फर्जी डिग्री जारी कर रहे थे। ये डिग्रियां, जो अक्सर पुरानी होती थी, देश भर के विभिन्न विश्वविद्यालयों से होने का दावा किया जाता था। प्रारंभिक जांच में कई कोचिंग सेंटर मालिकों और विश्वविद्यालय के कर्मचारियों की संलिप्तता का पता चला। तेजी से कार्रवाई करते हुए टीम ने नेताजी सुभाष प्लेस में परमहंस विद्यापीठ के मालिक विक्की हरजानी को गिरफ्तार किया गया। उसके वाहन और कार्यालय की तलाशी में उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, सिक्किम, मेघालय और तमिलनाडु के विश्वविद्यालयों के 75 जाली शैक्षणिक दस्तावेज बरामद हुए। हरजानी की गिरफ्तारी और पूछताछ के बाद रैकेट में शामिल चार और व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। इनके नाम विवेक गुप्ता, सतबीर सिंह, नारायण जी और अवनीश कंसल पता चलें। इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के फोरेंसिक विश्लेषण से पता चला कि बीए, बीएससी, बीकॉम, बीटेक, बीएएमएस, बीएड, एमबीए और एमए जैसे कार्यक्रमों के लिए फर्जी डिग्री और मार्कशीट की 5000-5500 से अधिक सॉफ्ट कॉपी हैं। जांच से पता चलता है कि 20 से 25 कोचिंग सेंटर इस सुव्यवस्थित नेटवर्क का हिस्सा हैं, जो छात्रों को उनकी जरूरतों के आधार पर कस्टमाइज किए गए नकली दस्तावेज प्रदान करते हैं। आरोपी विक्की हरजानी महज 10वीं कक्षा तक पढ़ा लिखा है। वह एनएसपी और रोहिणी में परमहंस विद्यापीठ चलाता था। संभावित छात्रों तक पहुंचने के लिए टेली कॉलर तक नियुक्त किये जाते थे। विवेक गुप्ता 12वीं कक्षा तक पढ़ा है। वह नोएडा में 6-7 शैक्षणिक केंद्र संचालित करता था। वह पहले भी शिमला में इसी तरह के मामलों में शामिल रहा है। सतबीर सिंह भी 12वीं कक्षा तक पढ़ा है। वह फरीदाबाद में एक पार्टनर के साथ गुरुकुल शिक्षा केंद्र चलाता था। वहीं नारायण जी कला स्नातक (बी.ए.) डिग्री धारक है। वह बिहार में शैक्षणिक केन्द्र संचालित करता था। वर्तमान में दिल्ली/एनसीआर में विस्तार करने की कोशिश कर रहा था। अवनीश कंसल बी.टेक ग्रेजुएट है। वर्तमान में सेंट्रल जेल, जयपुर में बंद था। वह पहले से राजस्थान में इसी तरह के दो मामलों में शामिल पाया गया है।

## गन प्वाइंट पर 25 लाख लूटने वाले दो गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** केशवपुरम पुलिस ने दिनदहाड़े 25 लाख रुपये लूट का मामला सुलझा लिया है। दो लुटेरों को गिरफ्तार कर लूटी गई रकम में से नौ लाख बरामद किये हैं। बदमाशों से एक देसी कट्टा व कारतूस के अलावा एक आईफोन व वारदात में इस्तेमाल स्कूटी व कार भी जब्त की गई है। दोनों आरोपी आसानी से पैसा कमाने के उद्देश्य से अपराध को अंजाम देते थे। इनके खिलाफ पूर्व में 10 आपराधिक मामले दर्ज पाये गये। एक आरोपी आदर्श नगर थाने का बीसी है। पकड़े गये बदमाशों के नाम योगेश कुमार उर्फ कालू और मुकेश कुमार उर्फ शनिचर है। मुकेश बीसी है। डीसीपी भीष्म सिंह के अनुसार 5 जून को शिकायतकर्ता सुनील कुमार (62) निवासी पश्चिम विहार ने थाने में आकर लूट की सूचना दी। उन्होंने बताया कि लगभग 10 बजे वह अपनी स्विफ्ट कार से 5 लाख नगद व कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेजों के साथ बीएसईएस में बिजली का बिल जमा करने निकले थे। बिल जमा करने के बाद वे अपने कार्यालय शिवाजी एनक्लेव पहुंचे, वहां से अपने स्टाफ मुकेश को लेकर फतेहपुरी, चांदनी चौक की ओर निकल गए। दोपहर करीब 12 बजे वे कन्हैया नगर मेट्रो स्टेशन के पास पार्किंग में कार खड़ी कर एक ऑटो में सवार हो गए। काले रंग का बैग उनके बीच में रखा था। जब ऑटो इंद्रलोक सिग्नल के पास रुका, एक अज्ञात व्यक्ति अचानक दाएं ओर से ऑटो में चढ़ा और शिकायतकर्ता की छाती पर देसी कट्टा तान कर धमकाया। आरोपी ने मारपीट कर बैग छीना और उसी समय एक लाल रंग की स्कूटी वहां आई जिस पर बैठकर दोनों बदमाश फरार हो गए।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राकेश पुत्र श्री नेताराम, निवासी मकान नंबर 207, नसीब विहार, इलाचीपुर, लोनी, उत्तर प्रदेश और मकान नंबर 31, गली नंबर 1, उस्मानपुर, दूसरा पुस्ता, लाल अस्पताल के पास, दिल्ली** ने **FIR No. 431/2013, U/S 325/34 IPC, अन्तर्गत थाना दरिया गंज, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राकेश** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राकेश** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 431/2013, U/S 325/34 IPC, अन्तर्गत थाना दरिया गंज, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **राकेश** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **24.09.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
**डॉ. राज कुमार सिंह**
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–05 (केंद्रीय)
केंद्रीय जिला, कमरा नं. 241
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

**DP/8024/CD/2025(Court Matter)**

# महिला शेयर ब्रोकर से पौने पांच करोड़ ठगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

■ कुछ ही घंटों में पुलिस ने 4.74 करोड़ किए बरामद

■ शेयर्स की खरीद बिक्री में हैंडसम रिटर्न का दिया था झांसा

दक्षिण पूर्वी जिले की साइबर टीम ने शेयर ब्रोकर महिला से पौने पांच करोड़ की ठगी के मामले को कुछ ही घंटों में सुलझा लिया है। पुलिस ने 4.74 करोड़ रुपये की राशि भी बरामद कर ली है। जालसाज ने महिला को शेयर्स की खरीद बिक्री में हैंडसम रिटर्न का झांसा देकर इस ठगी को अंजाम दिया था। जालसाज अभी गिरफ्त से बाहर है। उसकी तलाश में पुलिस जुटी है।

एडिशनल डीसीपी एश्वर्या शर्मा के अनुसार 19 जून को दोपहर करीब साढ़े तीन बजे अशिमा नय्यर नामक महिला बदहवास हालत में साइबर थाने पहुंची। उन्होंने पौने पांच करोड़ की ठगी की शिकायत दी। महिला ने पुलिस को बताया कि वह एक कंपनी चलाती है और शेयर्स की सब ब्रोकर है। इसी दौरान वह मुकेश गर्ग नामक शख्स के संपर्क में आई। उसने खुद को चार्टर्ड अकाउंटेंट बताया और एक कंपनी का मालिक भी। उसने महिला को बताया कि उसके द्वारा शेयर्स की खरीद बिक्री करने पर हैंडसम रिटर्न मिलेगा। महिला उसके झांसे में आ गई और सात बार में उसे आरटीजीएस और एनईएफटी के जरिये पौने पांच करोड़ रुपये भेज कुछ शेयर्स खरीद लिये। रकम मिलते ही गर्ग ने उनके फोन कॉल रिसीव करना बंद कर दिया। ठगी की रकम करोड़ों में होने के कारण साइबर टीम तुरंत हरकत में आई और उस बैंक के नोडल ऑफिसर से संपर्क किया जिसमें रकम ट्रांसफर की गई थी। रकम अन्य जगह ट्रांसफर होने से पहले ही 4.74 करोड़ रुपये होल्ड करवा दिये गये। पुलिस आरोपी मुकेश गर्ग की तलाश में जुटी है। केस को आगे की जांच के लिये स्पेशल सेल के अंतर्गत कार्य करने वाली आईएफएसओ यूनिट को ट्रांसफर किया गया है।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प अम्बाला | कार्य कार्यक्रम 2025–26 के तहत अम्बाला छावनी निर्वाचन क्षेत्र में अम्बाला जिले में प्रांतीय मंडल सं. 1, लोनिवि भ व प शाखा, अम्बाला छावनी के तहत 2 अदद रोड को चोड़ा करना और मजबूतीकरण। (रोड आईडी 63 और 12552) | 19.06.2025 25.06.2025 | 33.34 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1712977224 pwd-eepd1-ambala@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प पलवल | पलवल जिले में (हैड–5054–ग्रुप–2 के तहत) (जीएसटी के बिना) कार्य कार्यक्रम 2025–26 के तहत प्रांतीय मंडल, लोनिवि भ व प शाखा, पलवल में होडल निर्वाचन क्षेत्र में विभिन्न 6 अदद रोड को चौड़ा करने / मजबूतीकरण के प्रावधान द्वारा विशेष मरम्मत, लिंक से बापतोली (आईडी 3481) आरडी 0 से 1.32 कि.मी. पर 80 मिमी आईपीबी, होडल हस्सनपुर रोड से रामगढ़ (आईडी 3477) आरडी 0 से 0.65 कि.मी. पर 80 मिमी आईपीबी और सीसीबी पुनः बिछाना, हडल हस्सनपुर रोड से भांडोली (आईडी 3476) आरडी 0 से 0.50 कि.मी. पर सीसीबी पुनः बिछाना, ऐप रोड से दिघोट (आईडी 3459) आरडी 0 से 0.57 कि.मी. पर 80 मिमी आईपीबी, 50 मिमी डीबीएम जमा 30 मिमी बीसी और सीसीबी पुनः बिछाना और माहोली से यूपी बॉर्डर तक (आईडी 3479) आरडी 0 से 1.25 कि.मी. पर सीसीबी और 50 मिमी डीबीएम जमा 30 मिमी बीसी पुनः बिछाना, सीसीपी को ऊपर उठाना और होडल हस्सनपुर रोड से माहोली (आईडी 3478) आरडी 0 से 4.10 कि.मी. पर सीसीबी पुनः बिछाना + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 02.07.2025 | 1511.12 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466219169 pwd-eepd-palwal@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प हिसार | सिरसा जिले में सिविल हॉस्पीटल डबवाली में इलैक्ट्रिक सब स्टेशन का अपग्रेडेशन (एलटी पैनल और छोटी–मोटी सामग्रियों का प्रावधान केवल) + 3 कार्य। | 19.06.2025 03.07.2025 | 34.04 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 4 | बी.पी.एस. राजकीय महिला चिकित्सा महाविद्यालय खानपुर कलां, सोनीपत | बीपीएस जीएमसी (डब्ल्यू) खानपुर कलां सोनीपत में लिक्विड मेडिकल ऑक्सीजन की आपूर्ति और लिक्विड मेडिकल ऑक्सीजन (एलएमओ) स्टोरेज वेसल की स्थापना, आपूर्ति, प्रचालन हेतु ई–निविदा। | 21.06.2025 10.07.2025 | 70,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 8168583080 Bpsgmc.purchase@gmail.com |
| 5 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, सोनीपत | खेतों से बाढ़ के पानी को निकालने के लिए डीडी नं. 8 के आरडी 100400 पर एक अदद इनलेट का निर्माण। | बंद होने की तिथि 26.06.2025 | 3.75 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8920236776 xenrws@rediffmail.com |
| 6 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, बहादुरगढ़ | सोंधी माइनर के आरडी 1998 पर कल्वर्ट का निर्माण (एमईटीएल डिपॉजिट वर्क)। | बंद होने की तिथि 09.07.2025 | 64.49 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01276-298418 wsdivisionbgarh@gmail.com |
| 7 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव बलाली, ब्लॉक झोझू कलां में ऑक्सीजन पार्क, प्लांटेशन, जल संग्रहण टैंक और वॉकिंग ट्रैक का निर्माण (स्कीम–डीएमएफ) + 2 कार्य। | 16.06.2025 23.06.2025 | 58.74 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812347814 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 8 | महिला एवं बाल विकास, हिसार | हिसार जिले में डीपीओ और डब्ल्यूसीडीपीओ'एस हेतु वाहनों (कार/जीप) को किराये पर लेना। | 10.06.2025 29.06.2025 | 10,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 7015484549 pohsr.wcd@gmail.com |
| 9 | जिला परिषद, सोनीपत | गांव – पबसारा ब्लॉक राई में एसएचसी का निर्माण + 10 कार्य। | बंद होने की तिथि 26.06.2025 | 709.33 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeengzp.snp@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच–11/2026/180/35854/I/88/7 दि. 20.06.25

नई दिल्ली
शनिवार, 21 जून 2025
आषाढ मास कृष्ण पक्ष, एकादशी वर्ष : 29, अंक : 67
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 29
न्यून. 23

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस आज

## वैदिक पथ के पथिक चौधरी मित्रसेन आर्य की धर्मपत्नी व हरियाणा के पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु की माता थी परमेश्वरी देवी

# माता परमेश्वरी देवी जी का निधन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

वैदिक पथ के पथिक स्व. चौधरी मित्रसेन आर्य की धर्मपत्नी एवं पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु समेत नौ पुत्र-पुत्रियों की माताजी परमेश्वरी देवी जी का शुक्रवार को 89 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वो बीते कुछ दिनों से बीमार चल रही थीं। उन्होंने दिल्ली में अंतिम सांस ली। उनका अंतिम संस्कार शनिवार सुबह 10 बजे गांव खांडा खेड़ी में किया जाएगा। परमेश्वरी देवी अपने पीछे 6 बेटों और 3 बेटियों का भरापूरा परिवार छोड़ गईं। बेटों में कैप्टन रुद्रसेन, वीरसेन, व्रतपाल, कैप्टन अभिमन्यु, मेजर सतपाल और देव सुमन शामिल हैं, जबकि, बेटियों में दया, बिमला और मधु हैं।



देशभर के अनेक गुरुकुलों व आर्य समाजी संस्थाओं में अग्रणी भूमिका में थी माता परमेश्वरी देवी

यह दुःखद खबर कैप्टन अभिमन्यु ने खुद सोशल मीडिया पर साझा की। उन्होंने लिखा, मेरी माता का प्रेम, त्याग और उच्च संस्कार परिवार व समाज के बीच सदैव अमिट रहेंगे। उनकी दी हुई सीख और आशीर्वाद हमेशा साथ रहेंगे। अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर की गई पोस्ट में कैप्टन अभिमन्यु ने लिखा- बड़े ही भारी मन से सूचित करना पड़ रहा है कि हमारी पूज्य माता परमेश्वरी देवी अपनी सांसारिक यात्रा पूर्ण कर आज ईश्वर के श्रीचरणों में विलीन हो गईं। उन्होंने लिखा- उनका प्रेम, स्नेह, त्याग और उच्च संस्कार परिवार व समाज के बीच सदैव अमिट रहेंगे। उनकी कमी कभी पूरी नहीं हो सकेगी, लेकिन उनकी दी हुई सीख और आशीर्वाद ⏩ शेष पेज 8 पर



स्मृति विशेष पढ़ें पेज 4

### बच्चों को किया शिक्षित

*परमेश्वरी देवी औपचारिक रूप से ज़्यादा पढ़ी-लिखी नहीं थीं, इसके बावजूद भी उन्होंने अपने सभी बच्चों को अच्छी शिक्षा देकर शिक्षित किया। परिवार को एकजुट रखकर अच्छे संस्कार दिए। परमेश्वरी देवी की शादी स्वर्गीय चौधरी मित्र सेन आर्य के साथ 1948 में हो गई थी। काम के सिलसिले में 1961 में स्वर्गीय चौधरी मित्र सेन उड़ीसा चले गए थे। उसके बाद बच्चों को संभालने की जिम्मेदारी उनकी थी। वह सभी बच्चों को पढ़ने के लिए प्रेरित करती थी और सभी बच्चों को बैठाकर उनके बीच में बैठकर उनकी देखरेख करती थी। वे हर किसी को अच्छे संस्कार देकर उनको ऊर्जावान बनाने का पाठ पढ़ती थी। शादी के बाद गांव खांडाखेड़ी में ही काफी वर्षों तक रही। इस दौरान घर का सारा काम निपटाने की भी उनकी जिम्मेवारी होती थी। चुनाव के समय कैप्टन अभिमन्यु को सीख देती थी कि ईमानदारी के साथ चुनाव लड़ें और भाइचारे को मजबूत बनाकर सामाजिक ताने-बाने को और आगे ले जाने का काम करें।*

### मुख्यमंत्री नायब सैनी ने जताया दुख

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने राष्ट्रीय दैनिक हिंदी समाचार हरिभूमि पत्र समूह के मालिक, वरिष्ठ पत्रकार एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, हरियाणा के पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु जी की पूज्य माताश्री श्रीमती परमेश्वरी देवी जी के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने एक्स पर अपने संदेश में कहा कि उनके निधन का समाचार अत्यंत दुखद है। इस कठिन समय में शोकाकुल परिवार के साथ मेरी पूरी संवेदनाएं हैं। प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि पुण्य आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

## संघर्षविराम की पहल के साथ पहले अमेरिका और फिर सऊदी अरब से लगाई मध्यस्थता की गुहार

# पाकिस्तानी एयरबेसों पर भारत के ताबड़तोड़ हमलों से निकल गई पाक की सारी हेकड़ी

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

पाकिस्तान के उप-प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार ने पहली बार सार्वजनिक रूप से 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद हुए उनके देश की पहल पर भारत के साथ हुए संघर्षविराम की असल सच्चाई पूरी दुनिया के सामने स्वीकार की है। जियो न्यूज से बातचीत में उन्होंने बताया कि 6-7 मई की दरमियानी रात प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के निर्देश पर हमारी सारी तैयारी पूरी हो चुकी थी।

तड़के 4 बजे हम भारत पर हमला करने वाले ही थे कि उससे पहले रात में ढाई बजे भारत ने ही हम पर दोबारा हमला बोल (ब्रह्मोस मिसाइलों के साथ) दिया और पाकिस्तानी वायुसेना के रावलपिंडी और पंजाब प्रांत में मौजूद दो बेहद महत्वपूर्ण ठिकानों नूरखान और शोरकोट समेत कई जगहों को निशाना बनाकर भयंकर तबाही मचाई। जिसके बाद पाकिस्तान ने पहले अमेरिका और उसके बाद सऊदी-अरब से भारत के साथ संघर्षविराम के लिए मध्यस्थता करने की गुहार लगाई। यहां बता दें कि पूर्व में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज ⏩ शेष पेज 8 पर

> पाकिस्तान के उप-प्रधानमंत्री इशाक डार ने पहली बार सार्वजनिक रूप से स्वीकारी संघर्षविराम की सच्चाई



### सऊदी प्रिंस ने भारत तक पहुंचाया संदेश

*डार ने कहा, हमारे दोनों एयरबेसों व अन्य जगहों पर भारत के हमले के लगभग 45 मिनट के अंदर सऊदी अरब के प्रिंस फैसल ने मुझे फोन किया और कहा कि मैं जानता हूं कि आपकी अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो से बात हुई है। लेकिन अगर आप कहो तो मैं भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर से बात कर उनके सामने पाकिस्तान की तरफ से सैन्य कार्रवाई रोककर संघर्षविराम करने की पहल करने का प्रस्ताव रखता हूं। मैंने उन्हें हां कहा और उसके कुछ देर बाद उन्होंने मुझे फोन कर बताया कि मेरी उनसे (जयशंकर) बात हो गई है। इससे पहले अमेरिकी विदेश मंत्री ने कहा था कि आप बिना किसी देरी के पाकिस्तान के सैन्य संचालन महानिदेशक (डीजीएमओ) को कहिए कि वो हॉटलाइन पर सीधे भारत के डीजीएमओ से बात कर संघर्षविराम की पहल करें। इसके बाद 10 मई की दोपहर करीब 3 बजकर 35 मिनट पर पाकिस्तान के डीजीएमओ मेजर जनरल कासिफ अब्दुल्ला ने अपने भारतीय समकक्ष लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई को फोन कर संघर्षविराम का प्रस्ताव रखा। इसी दिन 5 बजे से दोनों देशों के बीच संघर्षविराम लागू कर दिया गया था। जिसकी बाद में घोषणा करते हुए भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने भी पुष्टि की थी।*

### भारत ने मार गिराए 9 कैंपों में छिपे 100 आतंकी

*गौरतलब है कि इस साल 22 अप्रैल को पाकिस्तान समर्थित लश्कर-तैयबा आतंकवादी संगठन ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 26 निर्दोष लोगों की उनका धर्म पूछकर बेरहमी से हत्या कर दी थी। इसमें 25 भारतीय और 1 नेपाली नागरिक शामिल था। जवाब में भारत ने 7 मई की मध्यरात्रि के बाद ऑपरेशन सिंदूर नामक सैन्य कार्रवाई के जरिए पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में मौजूद लश्कर और जैश-ए-मोहम्मद के कुल 9 आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद कर दिया। जिसमें कुल 100 से अधिक आतंकवादी मारे गए। पाकिस्तान ने 8 से 10 मई की सुबह तक भारत पर हमला करने की कोशिश की। लेकिन उसके सारे वार नाकाम कर उसे चारों खाने चित कर दिया गया। जिससे घबराया पाकिस्तान घुटनों पर आ गया और भारत के साथ संघर्षविराम के लिए गिड़गिड़ाने लगा।*

### दोबारा आतंकी हमले को युद्ध मानेंगे

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीते दिनों अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ हुई बातचीत में उन्हें संघर्षविराम से जुड़े हर छोटे-बड़े पहलू के बारे में जानकारी दे दी है। अमेरिकी राष्ट्रपति को उन्होंने बताया कि संघर्षविराम पाकिस्तान के अनुरोध पर दोनों देशों के शीर्ष सैन्य अधिकारियों की द्विपक्षीय बातचीत पर किया गया था और इसमें अमेरिका की किसी तरह की कोई भूमिका नहीं है। साथ ही उन्होंने ये भी साफ किया कि सीमा पार आतंकवाद को अब भारत छद्म युद्ध के रूप में कतई नहीं देखेगा। अब अगर दोबारा पहलगाम जैसा हमला हुआ तो भारत उसे युद्ध के रूप में देखेगा और उसी के हिसाब से जवाब देगा। भारत की तरफ से ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई अभी भी पूरी तरह से समाप्त नहीं हुई है। ये सैन्य अभियान जारी है।*

## विशाखापत्तनम के आरके बीच से भोगापुरम तक 26 किमी. लंबे गलियारे में आयोजित किया जाएगा कार्यक्रम



फाइल फोटो

# विशाखापत्तनम में 5 लाख लोगों के साथ योग करेंगे पीएम मोदी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत की पहल पर हर साल 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। इस मौके पर पूरे देश-दुनिया में योग के कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आंध्र प्रदेश में शनिवार को विशाल अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में भाग लेंगे जो बंदरगाह शहर विशाखापत्तनम के आरके बीच से भोगापुरम तक 26 किलोमीटर लंबे गलियारे में आयोजित किया जाएगा और वहां 5 लाख से अधिक लोग एक साथ योग कर सकेंगे। मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि सुबह साढ़े छह बजे से आठ बजे तक निर्धारित इस कार्यक्रम को इस तरह से आयोजित किया जाएगा कि 'गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड' सहित कई रिकॉर्ड स्थापित हों। दुनिया भर के कई देशों द्वारा मनाए जाने वाले 11वें अंतरराष्ट्रीय ⏩ शेष पेज 8 पर

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस आज

### 25 हजार से अधिक छात्र 108 मिनट तक करेंगे सूर्य नमस्कार

*नायडू ने कहा कि 25,000 से अधिक आदिवासी छात्र 108 मिनट तक सूर्य नमस्कार करेंगे। सरकार का लक्ष्य राज्य भर में एक लाख केंद्रों में योग सत्र आयोजित करना और विशाखापत्तनम में योग गतिविधियों में भाग लेने के लिए पांच लाख लोगों को आकर्षित करना है।*

### 2.39 करोड़ से अधिक पंजीकरण

*इस ऐतिहासिक आयोजन में भाग लेने के लिए अब तक राज्य, देश और दुनिया भर से 2.39 करोड़ से अधिक पंजीकरण हो चुके हैं।*

## खबर संक्षेप

### काली पट्टी बांधकर मैदान में उतरे खिलाड़ी

**नई दिल्ली।** लीड्स के मैदान पर भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला खेला जा रहा है। दोनों टीमों के खिलाड़ी जब मैदान पर खेलने के लिए उतरे तो उन्होंने अहमदाबाद विमान हादसे के मृतकों को श्रद्धांजलि देने के लिए पहले दिन के खेल में काली पट्टी बांधकर खेलने का फैसला लिया है। प्लेयर्स ने अहमदाबाद प्लेन हादसे के मृतकों के श्रद्धांजलि देते हुए एक मिनट का मौन भी रखा।



### स्कूटर रजिस्ट्रेशन के लिए दिए 14 लाख रु.

**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर के एक व्यवसायी ने अपने नये स्कूटर के लिए एक खास रजिस्ट्रेशन नंबर पाने की खातिर 14 लाख रुपये चुकाए। इस पसंदीदा नंबर के लिए दो लोगों ने बोली लगाई, लेकिन संजीव कुमार ने अपने प्रतिद्वंद्वी को 50,000 रुपये से पछाड़ते हुए नंबर हासिल किया। संजीव कुमार ने नंबर मिलने के बाद कहा कि आधुनिक जीवनशैली और जुनून की कोई कीमत नहीं होती।



हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्रों से संवाद करने के लिए सरकार ने गठित की 4 सदस्यीय कमेटी

## सरकार हर मोर्चे पर युवाओं और छात्रों के साथः नायब सिंह

- आंदोलनरत छात्रों का सवाल : किसने दिये प्रोफेसर और सिक्योरिटी गार्ड के हाथों में डंडे?



हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार से संबंधित मुद्दे पर संज्ञान लेते हुए छात्रों से संवाद के लिए 4 सदस्यीय कमेटी का गठन किया है। इस कमेटी में शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा, लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी और नलवा से विधायक रणधीर पनिहार को शामिल किया गया है। यह कमेटी छात्रों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनेगी ⏩ शेष पेज 8 पर

अनुराग अब 30 जून 2026 तक हरियाणा के मुख्य सचिव के पद पर बने रहेंगे

## हरियाणा के सीएस रस्तोगी को मिला एक साल का सेवा विस्तार

- केंद्र सरकार ने हरियाणा सरकार की सेवा विस्तार अनुशंसा को दी मंजूरी



हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने हरियाणा सरकार के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी को एक साल का सेवा विस्तार प्रदान किया है। अब वे आगामी 30 जून 2026 तक अपने पद पर बने रहेंगे। यह विस्तार हरियाणा सरकार की अनुशंसा पर केंद्र द्वारा मंजूर किया गया है। अनुराग रस्तोगी भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 1990 बैच के वरिष्ठ अधिकारी हैं। नियमों के मुताबिक उन्हें इस साल 30 जून 2025 को सेवानिवृत्त होना था, लेकिन राज्य सरकार द्वारा भेजी ⏩ शेष पेज 8 पर

अहमदाबाद विमान हादसे के बाद एयरस्पेस संबंधी बढ़ी चुनौतियां

## एयर इंडिया की 4 अंतरराष्ट्रीय उड़ानों समेत 9 फ्लाइट्स रद्द

- केंद्र सरकार ने हरियाणा सरकार की सेवा विस्तार अनुशंसा को दी मंजूरी



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

एयर इंडिया ने एक बार फिर अपनी कई उड़ान सेवाएं रद्द कर दी हैं। एयरलाइन की ओर से अब तक चार अंतरराष्ट्रीय उड़ानों समेत 9 फ्लाइट्स को रद्द करने की सूचना दी गई है। एयरलाइन ने बताया कि शुक्रवार को रखरखाव और परिचालन संबंधी कारणों से एअर इंडिया ने चार अंतरराष्ट्रीय सेवाओं सहित 9 उड़ानें रद्द कर दी हैं। एयरलाइन ने कहा कि उसने यात्रियों को टिकट रद्द करने पर पूरे पैसों की वापसी या यात्रा को फिर से निर्धारित करने की ⏩ शेष पेज 8 पर

## पूर्वोत्तरी राज्य के राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर ने श्रद्धालुओं को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

# सिक्किम से रवाना हुआ कैलाश मानसरोवर यात्रा का पहला जत्था



> एससीओ की बैठक में भाग लेने के लिए अगले सप्ताह चीन की यात्रा करेंगे राजनाथ सिंह

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए शुक्रवार को सिक्किम के नाथुला दर्रे से 33 तीर्थयात्रियों का पहला जत्था रवाना हुआ। प्रदेश के राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर ने तीर्थयात्रियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस बाबत विदेश मंत्रालय द्वारा आयोजित किए गए कार्यक्रम में पर्यटन और नागरिक उड्डयन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सी.एस. राव ने श्रद्धालुओं का स्वागत किया। 33 यात्रियों के समूह में विदेश मंत्रालय के दो संपर्क अधिकारी भी शामिल हैं। सिक्किम के राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर ने अपने संबोधन में श्रद्धालुओं की सफल यात्रा के साथ उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। साथ ही इस ऐतिहासिक मार्ग के एक बार फिर से चालू होने को वैश्विक मैत्री और भारतीय ⏩ शेष पेज 8 पर

### इस वर्ष 750 श्रद्धालु करेंगे यात्रा

*यहां बता दें कि बीते पांच साल बाद कैलाश मानसरोवर की इस पवित्र यात्रा की शुरुआत हो रही है। 2020 में पूर्वी लद्दाख में भारत और चीन की सेनाओं के बीच हुए एलएसी विवाद के बाद इस यात्रा पर भी रोक लगा दी गई थी। पिछले साल 2024 में दोनों देशों के बीच एलएसी विवाद के पूरी तरह से खत्म होने के बाद 2025 से यात्रा की फिर से शुरुआत की गई है। इस वर्ष कुल 750 यात्रियों का इसके लिए चयन किया गया है। जिनमें से 10 के समूहों में 500 यात्री नाथूला से और 250 यात्री उत्तराखंड के लिपुलेख से कैलाश मानसरोवर की यात्रा के लिए जाएंगे। बीते दिनों उत्तराखंड के लिपुलेख से कैलाश मानसरोवर यात्रा करने वाले तीर्थयात्रियों के एक दल को नई दिल्ली से रवाना किया गया था।*

## ऑपरेशन सिंधु के तहत जारी कवायद, ईरान के 3 विशेष विमानों का किया जाएगा इस्तेमाल

# ईरान ने खोली अपनी हवाई सीमा, 1 हजार भारतीय सुरक्षित स्वदेश लौटेंगे

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

इजरायल के साथ जारी अपने भीषण युद्ध के शुक्रवार को आठवें दिन में प्रवेश करने के साथ ही ईरान ने भारत के लिए अपनी हवाई सीमा खोलने का निर्णय लिया है। जिसके बाद उनके देश में फंसे हुए कुल 1 हजार भारतीयों की हवाई मार्ग से सुरक्षित वापसी सुनिश्चित की जाएगी। ईरानी अधिकारियों ने बताया कि इन 1 हजार भारतीय नागरिकों को ईरान से स्वदेश वापसी के लिए ईरान के तीन विशेष विमानों का इस्तेमाल किया जाएगा। जिनमें से पहली फ्लाइट 20 जून की रात में भारत पहुंचने की संभावना है। जबकि दो अन्य फ्लाइट शनिवार दोपहर तक भारत पहुंचेंगी। यह तीनों विमान पूर्वी ईरान के मशहद शहर से भारत के लिए उड़ान भरेंगे। एक हजार भारतीय नागरिकों में छात्र भी शामिल हैं। ⏩ शेष पेज 8 पर



### यूं भारत पहुंचे 110 भारतीय

गौरतलब है कि पूर्व में बीते गुरुवार को ईरान से 110 भारतीय छात्रों की सुरक्षित वतन वापसी हुई है। नई दिल्ली में इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर इनका विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने स्वागत किया था। इनमें से ज्यादातर जम्मू-कश्मीर के रहने वाले छात्र थे। जो ईरान के अलग-अलग विश्वविद्यालयों में एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहे थे। छात्रों को पहले ईरान ⏩ शेष पेज 8 पर

### इजरायल से होगी भारतीयों की वापसी

*भारत ने ईरान के बाद इजरायल से भी भारतीय नागरिकों की सुरक्षित वतन वापसी का फैसला किया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि देश के जो भी नागरिक वापस लौटना चाहते हैं। उन्हें पहले इजरायल द्वारा सड़क मार्ग से और उसके बाद भारत द्वारा हवाई मार्ग से देश वापस लाया जाएगा। इजरायल में सड़क मार्ग के इस्तेमाल के पीछे ईरान के साथ जारी उसके युद्ध की वजह से हवाई सीमाओं पर लगी हुई पाबंदियां मुख्य वजह है।*

## खबर संक्षेप

### नाबालिग लड़की को पुलिस ने मप्र से किया तलाश



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस की कैट टीम व पुलिस चौकी टाउन नंबर 1 की टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक गुमशुदा लड़की को मध्यप्रदेश से तलाश किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना कोतवाली में एक नाबालिग लड़की के परिजनों द्वारा एक शिकायत दी थी, 18 अप्रैल को उनकी नाबालिग लड़की के घर से बिना बताए निकल जाने बारे बताया गया। जिस पर थाना कोतवाली में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया।

### मकान का ताला तोड़कर लाखों की चोरी



**गुरुग्राम।** सोहना शहर एरिया में चोरों ने एक मकान का ताला तोडक़र लाखों की नकदी व जेवरात लेकर फरार हो गए। वारदात के दौरान महिला घर से बाहर गई हुई थी। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी। पुलिस को दी शिकायत में सोहना के वार्ड नंबर 21 में रहने वाली प्रीति पत्नी जगमोहन ने बताया कि वह किसी काम से घर से बाहर गई थी। इस दौरान चोरों ने उनके मकान का ताला तोड़ दिया और 70 हजार रुपए कैश और गहने चुराकर ले गए।

### जहरीला पदार्थ खाने से युवक की मौत



**गुरुग्राम।** सोहना एरिया में जहरीला पदार्थ खाने से 22 वर्षीय युवक की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार गांव गढ़ी मुरली के 22 वर्षीय सचिन ने अज्ञात कारणों से जहरीला पदार्थ का सेवन किया। इसके बाद उसकी तबीयत तेजी से बिगड़ने लगी। उसने अपने एक दोस्त को सूचित किया। दोस्त ने तुरंत उसे सोहना के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

# अपनी माता के नाम पर एक पौधा अवश्य लगाएं: अध्यक्ष गोयल

मां धरती की तरह हर मां अपने बच्चों को निस्वार्थ पोषण देती है। 'एक पेड़ मां के नाम' जरूर लगाएं केवल पौधरोपण नहीं, बल्कि हमारी भावनात्मक श्रद्धांजलि है उस मातृत्व के प्रति, जिसने हमें जीवन दिया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

भारतीय जनता पार्टी गाजियाबाद महानगर इकाई ने शुक्रवार को एक पेड़ माँ के नाम वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ शुक्रवार को नवयुग मार्केट स्थित महर्षि वाल्मीकि पार्क में किया। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं, पार्षदगण, समाजसेवियों और स्थानीय नागरिकों ने सामूहिक रूप से पौधरोपण किया। मयंक गोयल ने बताया कि अभियान के अंतर्गत गाजियाबाद महानगर के सभी मंडलों में हज़ारों की संख्या में पौधरोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

**खास बातें**

- वाल्मीकि पार्क में पौधरोपण अभियान का शुभारंभ हुआ
- समाजसेविवयों ने सामूहिक रूप से पौधरोपण किया
- एक पौधा अवश्य लगाएं ताकि पर्यावरण की रक्षा हो सके



**गाजियाबाद में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का शुभारंभ**

### सप्ताह भर चलेगा पौधरोपण अभियान

प्रत्येक कार्यकर्ता को प्रेरित किया जा रहा है कि वे अपनी माता के नाम पर एक पौधा अवश्य लगाएं, ताकि पर्यावरण की रक्षा के साथ ही मातृत्व के प्रति कृतज्ञता भी व्यक्त की जा सके।

मयंक गोयल ने कहा कि माँ धरती की तरह हर माँ अपने बच्चों को निस्वार्थ पोषण देती है। 'एक पेड़ माँ के नाम' केवल पौधरोपण नहीं, बल्कि हमारी भावनात्मक श्रद्धांजलि है उस मातृत्व के प्रति, जिसने हमें जीवन दिया। यह अभियान आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ व हरित भविष्य की नींव रखेगा। भाजपा कार्यकर्ता इसे व्यक्तिगत संकल्प के रूप में लें और हर मंडल में इसको जनआंदोलन का स्वरूप दें। उन्होंने बताया कि इस अभियान में विशेष रूप से महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों एवं युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। अभियान का संचालन आगामी सप्ताह भर चलेगा, जिसमें शहर के विभिन्न पार्कों, स्कूलों, कॉलोनियों एवं धार्मिक स्थलों में पौधरोपण किया जाएगा।

### आरएसएस के पूर्व प्रांत प्रमुख स्व. गंगा शंकर मिश्र को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

# पौधरोपण केवल पर्यावरण को ही नहीं संवारता, बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन का भी मार्ग प्रशस्त करता है: खंडेलवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

जिला रेडक्रॉस सोसाइटी एवं जय सेवा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, हरियाणा के पूर्व प्रांत संपर्क प्रमुख एवं भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, हरियाणा राज्य शाखा की कार्यकारिणी सदस्य स्व. गंगा शंकर मिश्र की प्रथम पुण्यतिथि पर उनकी अमूल्य स्मृति में त्रिवेणी (बरगद, नीम, पीपल) का पौधरोपण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। विमल खंडेलवाल ने इस अवसर पर कहा कि पौधरोपण केवल पर्यावरण को ही नहीं संवारता, बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन का भी मार्ग प्रशस्त करता है।

यह हमारे भविष्य की सुरक्षा के लिए उठाया गया एक प्रभावी कदम है, जो सभी को प्रेरित करता है कि वे भी प्रकृति से जुड़कर सेवा भाव अपनाएं। उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों ने स्व. गंगा शंकर मिश्र के सेवा, अनुशासन और संगठन कौशल को नमन करते हुए उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

### छायादार, फलदार पौधे लगाकर बच्चों को भी इसके महत्व से परिचित कराना चाहिए

उनका सरल और सेवाभावी व्यक्तित्व जीवनभर भाईचारे और समाज सेवा का संदेश देता रहा। इतने बड़े पद पर रहते हुए भी जो अनुशासन और सद्भावना उन्होंने स्थापित की, वह आज भी समाज को सही दिशा दे रही है। इस अवसर पर जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव बिजेंद्र सोरौत ने अपील की कि महान विभूतियों की स्मृति में अधिक से अधिक पौधारोपण किया जाए। मानसून का आगमन हो चुका हैए अतः सभी सामाजिक संगठन आगे आकर सक्रियता से वृक्षारोपण अभियान चलाएं और हर व्यक्ति अपने नाम से एक पौधा अवश्य लगाए। रेडक्रॉस सोसायटी के उपाधीक्षक पुरुषोत्तम सैनी ने कहा कि हमें छायादार, फलदार और उपयोगी पौधे लगाकर बच्चों को भी इसके महत्व से परिचित कराना चाहिए, ताकि वे बचपन से ही पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी समझें। आज लगाया गया पौधा ही कल सुरक्षित भविष्य का आधार बनेगा। इस अवसर पर बिजेंद्र सोरौत, विमल खंडेलवाल,



पर्यावरण सेविका पूर्णिमा रस्तोगी, डीएलएफ इंडस्ट्रीज के प्रेसिडेंट राम अग्रवाल, नीलम चौधरी, कमलेश शास्त्री भाजपा नेता विक्रम अरुवा, सरपंच संगठन के अध्यक्ष सूरजपाल भूरा, अधिवक्ता सौरव मुद्गल, मधुसूदन माटोलिया समेत समाज के कई सम्मानित जन उपस्थित रहे और पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

### अब मांगों का रिजल्ट चाहिए, जारी रहेगी भूख हड़ताल

# रेफर मुक्त संघर्ष समिति के संयोजक चोपड़ा ने अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू की



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

रेफर मुक्त संघर्ष समिति द्वारा दिए जा रहे धरने के 200 दिन पूरे होने पर सरकार व स्वास्थ्य विभाग के रवैये से नाराज होकर संयोजक सतीश चोपड़ा ने अनिश्चिकालीन भूख हड़ताल शुरू कर दी है।

इस मौके पर धरने के वरिष्ठ सदस्य अवधेश कुमार ओझा, प्रमोद भड़ाना, विजय दहिया, वीरेन्द्र तंवर, दीपक झा, नवीन ग्रोवर, सतेन्द्र शर्मा, सुनील कन्डेरा, ज्योति, सुनील कुमार आदि ने सतीश चोपड़ा को माला पहनाकर भूख हड़ताल पर बैठाया। भूख हड़ताल की सूचना जैसे ही जिला प्रशासन को लगी तो उन्होंने तुरन्त आनन-फानन में डाक्टर टीम का गठन कर उनके स्वस्थ्य की जांच करवाई। चोपड़ा ने कहा कि फरीदाबाद के इतिहास में इतना लंबा धरना कभी नहीं चला। सरकार व स्वास्थ्य विभाग ने उनके द्वारा रखी गई मांगों को धरातल पर उतराने की कोशिश भी नहीं कर पा रहा है।

उधर फरीदाबाद का घायल व बीमार मरीज दिल्ली के अस्पतालों में दम तोड़ रहा है। घायल लोगों को केवल और केवल रैफर का खेल खिलाकर निजी अस्पताल से लूटवाया जा रहा है। सतीश चोपड़ा ने कहा कि 200 दिन बहुत हुए अब मांगों का रिजल्ट चाहिए न की आश्वासन। उनकी भूख हड़ताल उनके मरने तक जारी रहेगी।

# योग के नियमित अभ्यास से मिलती है निरोगी काया: एडीसी मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

योग भारत की प्राचीनतम पद्धति है। यदि हम नियमित रूप से योग करें तो निश्चित तौर पर निरोग रहेंगे। योग के नियमित अभ्यास से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार होता हैए और कई बीमारियों से बचाव होता है।

एडीसी सतबीर मान ने यह शब्द आज स्थानीय खेल परिसर सेक्टर.12 में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की फाइनल रिहर्सल की अध्यक्षता करते हुए कहे। इस अवसर पर योग मैराथन का भी आयोजन किया गया जिसको की एडीसी सतबीर मान और एसडीएम फरीदाबाद अमित गुलिया ने हरी झंडी दिखाई।



### फरीदाबाद में मैराथन के साथ योग दिवस की फाइनल रिहर्सल संपन्न

मैराथन की शुरुआत सेक्टर.12 स्थित खेल परिसर से हुई, जो सेक्टर-15 स्थित टाउन पार्क की परिक्रमा करते हुए मथुरा रोड से होते हुए लघु सचिवालय के सामने से गुजरी और पुनः खेल परिसर पहुंचकर संपन्न हुई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में युवाओं, नागरिकों, खिलाड़ियों और अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मैराथन के उपरांत जिला स्तरीय योग कार्यक्रम की फाइनल रिहर्सल आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में योग प्रशिक्षकों, स्कूली छात्रों, स्वयंसेवी संगठनों और नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### दुहाई और मटियाला में 47 बीघा में विकसित की जा रही अवैध कालोनियों पर चला जीडीए का बुलडोजर

**गाजियाबाद।** जीडीए का दुहाई और मटियाला में 47 बीघा में भूमि विकसित हो रही अवैध कालोनियों पर जीडीए का बुलडोजर चला। प्रभारी प्रवर्तन जोन-3 के नेतृत्व में संजय चौधरी, अजय कुमार व संजीव चौधरी द्वारा खसरा सं0-468, दुहाई गाजियाबाद पर लगभग 5 बीघे में, मौ. आबिद व मौ. अतीक व इन्द्रपाल हरि सिंह आदि द्वारा जनहित इंस्टीट्यूट के सामने, मटियाला रोड, सदरपुर, गाजियाबाद पर लगभग 21 बीघे में, विजय चौधरी व गौरव सोलंकी द्वारा खसरा सं0-10, ग्राम-मटियाला, डासना, गाजियाबाद पर लगभग 9000 वर्गमी0 क्षेत्रफल में, अश्वनी चौधरी द्वारा खसरा संख्या-367 व 368, ग्राम मटियाला, गाजियाबाद में लगभग 12 बीघे में विकसित की जा रही कालोनी की सड़क, भूखंड की बाउण्ड्रीवाल को ध्वस्त किया गया। इसके अलावा रोहित कुमार पुत्र रामवीर सिंह द्वारा आई-171, गोविंदपुरम, गाजियाबाद पर अनाधिकृत निर्माण किये जाने पर निर्माण को सील बन्द किया गया।

### भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गए सर्वोच्च न्यायालय के आदेश

# वन विभाग के अधिकारियों के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय जाएंगे अनंगपुर गांव के लोग

बिजेन्द्र शर्मा ▶▶ फरीदाबाद

सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अरावली वन संरक्षित क्षेत्र में तोड़फोड़ के संदर्भ में दिए गए आदेश भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ते जा रहे है। गांव अनंगपुर के लोगों ने वन विभाग के अधिकारियों के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय में जाने का मन बना लिया है।

बैंकेट हाल लॉबी के दवाब के बाद अब वन विभाग के अधिकारियों ने वसूली गई रकम आधी अधूरी लौटानी भी शुरू कर दी है। काबिलेगौर यह है कि वर्ष 1990 में सर्वोच्च न्यायालय ने अरावली पर्वत माला को वन संरक्षित क्षेत्र घोषित किया था और इस क्षेत्र में फरीदाबाद जिले के 1500 एकड़ रकबे को शामिल किया गया था। सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों के बावजूद वन विभाग के अधिकारियों ने बैंकेट हाल लॉबी के साथ बड़े स्तर पर सांठ-गांठ कर वन संरक्षित क्षेत्र में बड़े स्तर पर अवैध निर्माण करवा दिए। इस संदर्भ में जब हाल ही में बड़खल विधानसभा क्षेत्र से विधायक धनेश अदलक्खा ने विधानसभा में मामला उठाया तो उस पर संज्ञान लेते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने सभी तरह के अवैध निर्माणों को तोड़ने के लिए पांच सदस्यीय कमेटी का गठन कर दिया। बताया गया है कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों के बावजूद वन विभाग के अधिकारियों ने तोड़फोड़ की कार्यवाही में पारदर्शिता नहीं बरती। जहां से विभाग के अधिकारियों ने अवैध वसूली की उन अवैध निर्माणों को छोड़ दिया तथा जहां से वसूली नहीं हो सकी उन निर्माणों को ध्वस्त कर दिया। वन विभाग के अधिकारियों की इन गतिविधियों के खिलाफ अब गांव अनंगपुर के लोगों में रोष पनप रहा है।

### क्या कहते है गांव के लोग

गांव अनंगपुर निवासी सुबोध महाशय का कहना है कि पिछले तीन-चार साल में 50 करोड़ के करीब की अवैध उगाही वन विभाग के अधिकारियों द्वारा की गई है तथा मजे की बात तो यह है कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेश आने के बाद भी विभाग के अधिकारी लगातार अवैध वसूली करने में लगे हुए है।

### एक करोड़ के नशीले पदार्थ बरामद

# पुलिस ने किया इंटरनेशनल ड्रग रैकेट का भंडाफोड़, सात विदेशी सहित आठ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

सेक्टर-43 क्राइम ब्रांच ने इंटरनेशनल ड्रग रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए एक महिला व सात विदेशी सहित आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से एक करोड़ रुपए के नशीले पदार्थ बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपियों पर केस दर्ज कर लिया है। पकड़े गए विदेशी आरोपियों में से एक को छोड़कर किसी के पास भी भारत में रहने के वैध दस्तावेज नहीं थे, जिसके चलते विदेशी अधिनियम की धाराएं भी मुकदमे में जोड़ी गईं। एक आरोपी पुलिस हिरासत रिमांड पर है। जबकि बाकी सभी आरोपियों को पुलिस ने अदालत में पेश किया। जहां से सभी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी



पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है ताकि इस नेटवर्क के अन्य सदस्यों का पता लगाया जा सके। दरअसल, सेक्टर-43 क्राइम ब्रांच के प्रभारी इंस्पेक्टर नरेंद्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने सेक्टर-39 से नेपाल मूल के बिमल पहाड़ी को 1 किलो 60 ग्राम सुल्फा और 116 ग्राम कोकीन के साथ काबू किया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सदर थाना में केस दर्ज कर अदालत में पेश किया। जहां से आरोपी बिमल को चार दिन की पुलिस हिरासत रिमांड पर लिया। रिमांड के दौरान पूछताछ में बिमल ने मादक पदार्थ मुहैया कराने वाले एक महिला सहित सात सहयोगियों का खुलासा किया। जिसके बाद पुलिस दिल्ली से महिला सहित सात आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। जिसके आधार पर पुलिस ने दिल्ली से सात अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इनमें लाल कोठारी (मिजोरम) और छह नाइजीरियाई नागरिक उगोचुकमु जॉन उर्फ डेविड, ननजियोफोर पीटर, हेनरी ओनुचुकवु, ओजुकवा इफेन्या, फ्राइडे टोबियास, और ओकोली रोमनस शामिल हैं।

### सात आरोपी पहुंचे जेल

पुलिस ने बिमल को छोड़कर बाकी सभी आरोपियों को पुलिस ने अदालत में पेश किया। जहां से सभी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है ताकि इस नेटवर्क के अन्य सदस्यों का पता लगाया जा सके।

### अलग-अलग मुठभेड़ों में गाजियाबाद पुलिस ने किया बदमाशों को गिरफ्तार

# दिनदहाड़े 8 लाख लूटने वाले पांच बदमाश पुलिस मुठभेड़ में घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

16 जून को थाना कवि नगर क्षेत्र से 8लाख 15 हजार रुपए लूटने वाले पांच बदमाशों को गाजियाबाद पुलिस ने गुरुवार की रात को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। अलग-अलग थाना क्षेत्र में रात्रि में हुई इस मुठभेड़ में गिरफ्तार किए गए पांच बदमाशों को पुलिस की गोली लगी है। जिन्हें इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एसीपी कवि नगर भास्कर वर्मा ने शुक्रवार को बताया कि थाना कविनगर में पुलिस को सूचना मिली कि 8 लाख 15 हजार रुपयों की लूट करने वाले बदमाश क्षेत्र में घूम रहे हैं। इस सूचना पर पुलिस द्वारा जगह-जगह पर चेकिंग कराई जा रही थी। सिकरोड़ रोड़ पर चेकिंग के दौरान दो बाइको पर कुछ व्यक्ति जिनमें एक बाइक 2 व्यक्ति सवार थे तथा दूसरी बाइक पर 3 व्यक्ति सवार थे।



### बदमाशों से 4 लाख 30 हजार रुपए बरामद

इनको पुलिस ने रोकने का प्रयास किया गया तो एक बाइक पर सवार 2 व्यक्ति मौके से फरार हो गए तथा दूसरी बाइक पर सवार 3 बदमाशो ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। आगे उनकी बाइक गिर गई इसी दौरान उन्होंने पुलिस टीम पर दौबारा फायरिंग की। पुलिस की जवाबी करवाई में तीन बदमाशों सूरज, नितिन तथा मनीष को गिरफ्तार किया गया। पुलिस की ओर से की गई फायरिंग में सूरज तथा नितिन के पैर में गोली लगने से घायल हो गए। बदमाशों के कब्जे से 4 लाख 30 हजार रुपए, 3 तमन्चे (315 बोर) व एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है। आरोपियों ने पूछताछ में बताया गया कि इस घटना में पीड़ित अमित भी योजना में शामिल था तथा इसके अलावा 2 अन्य व्यक्ति अंकुश और बृजेश भी शामिल थे। उन्होंने बताया कि थाना मधुबन बापुधाम पुलिस ने क बुनकर मार्ट चौराहे के पास चैकिंग के दौरान की एक बाइक पर 2 संदिग्ध युवकों को पुलिस टीम द्वारा रोकने की कोशिश की गई तो उन्होंने वापस भागते हुए पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने जवाबी फायरिंग की। जिसमें में दोनों युवक घायल हो गए। पूछताछ के दौरान इन्होंने अपने नाम अंकुश तथा बृजेश बताया गया। उन्होंने बताया कि थाना कविनगर क्षेत्रान्तर्गत हुई लूट की घटना में वे संलिप्त थे। उनके साथ नितिन नामक व्यक्ति एवं अमित मुनीम, सूरज एवं मनीष भी शामिल थे।

### मकान का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

**गुरुग्राम।** सोहना शहर एरिया में चोरों ने एक मकान का ताला तोड़कर लाखों की नगदी व जेवरात लेकर फरार हो गए। वारदात के दौरान महिला घर से बाहर गई हुई थी। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी।

पुलिस को दी शिकायत में सोहना के वार्ड नंबर 21 में रहने वाली प्रीति पत्नी जगमोहन ने बताया कि वह किसी काम से घर से बाहर गई थी। चोरों ने मकान का ताला तोड़ दिया और 70 हजार रुपए कैश और गहने चुराकर ले गए।

जब वह घर लौटी तो सारा सामान बिखरा हुआ मिला और कई चीजें गायब थीं। पीड़िता ने तुरंत इसी सूचना 112 पर कॉल करके पुलिस को दी। सोहना सिटी थाना प्रभारी प्रवीण मलिक ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है।

### महापौर ने ग्रीनलैंड को खूबसूरत बनाने अधिकारियों संग किया निरीक्षण

# यूपी गेट से वसुंधरा लिंक रोड की ग्रीनलैंड पर होगा सौंदर्यीकरण : महापौर दयाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

शहर में ग्रीनलैंड को ओर अधिक सुंदर बनाने उनके सौन्दर्यकरण करने के लिए महापौर सुनीता दयाल ने अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। जिसमे वरिष्ठ उद्यान प्रभारी एन के चौधरी, उद्यान प्रभारी डॉ अनुज सिंह, अवर अभियंता उद्यान राजेन्द्र कुमार उपस्थित रहे। महापौर ने इस के साथ साथ यूपी गेट पर स्थित ग्रीन बेल्ट के सौंदर्यीकरण की डिज़ाइन तैयार करने के भी निर्देश दिए है जिससे दिल्ली से यू पी में आते समय कोई अंतर न दिखाई दे और शहर को खूबसूरत बनाया जा सके।



इसके साथ साथ वैशाली रेपिड रेल के नीचे भी ग्रीनलेंड को खूबसूरत बनाने की योजनाएं तैयार की जाएगी और वह से वसुंधरा होते हुए साहिबाबाद रेपिड स्टेशन तक भी सौर्न्यीकरण का कार्य किया जाएगा। महापौर सुनीता दयाल व नगर आयुक्त दोनों मिलकर शहर के9 स्वच्छ और सुंदर बनाने का कार्य कर रहे है जिसको लेकर महापौर ने भी ग्रीनलैंड पर सौंदर्यीकरण के लिए कार्ययोजना तैयार कर ली है जिसको लेकर अधिकारियों को निर्देशित भी किया है और यह सौन्दर्यीकरण दूर से ही दिखाई देगा व शहर में हरयाली बढ़ने के साथ साथ प्रदूषण का स्तर भी कम होगा। जिससे शहरवासियों को भी राहत मिलेगी।

## खबर संक्षेप

### लगातार दूसरे दिन कई क्षेत्रों में हुई हल्की बारिश



**नई दिल्ली।** दिल्ली में लगातार दूसरे दिन शुक्रवार को कई क्षेत्रों में हल्की बारिश देखने को मिली। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार हालांकि गुरुवार की तुलना में बारिश अधिक हुई, लेकिन आंकड़ा केवल रिज एरिया में ही 6.2 मिमी तक पहुंच सका। लगभग शुष्क मौसम की तरह अधिकतम तापमान 34.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो सामान्य से 3.8 डिग्री सेल्सियस कम है। जबकि न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.2 डिग्री सेल्सियस गिरकर 26.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। वही निजी मौसम अनुमान कंपनी स्काईमेट वेदर ने बताया कि शुक्रवार को बादलों की गैरमौजूदगी और हल्की हवाओं के कारण दिन का तापमान मामूली बढ़ गया।

### दिल्ली में इन दिनों बह रही है खुलकर सांस लेने वाली साफ सुथरी हवा



**नई दिल्ली।** अधिकांश समय दम घोटू सी रहने वाली दिल्ली में गत तीन दिनों से खुलकर सांस लेने वाली साफ सुथरी हवा बह रही है। पर्यावरण विभाग के अनुसार दिल्ली में शुक्रवार को एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 75 दर्ज हुआ जो संतोषजनक श्रेणी में आता है। वहीं शादीपुर 61, नॉर्थ कैंपस 64, पंजाबी बाग 73 सहित अन्य क्षेत्रों में भी एक्यूआई राहत भरा दर्ज हुआ। यह एक्यूआई को हवा में खुलकर सांस लेने से परेशानी न के बराबर होती है। वहीं गुरुवार व बुधवार को एक्यूआई ऐसे ही बना रहा जिससे लोगों को वायु प्रदूषण जैसी परेशानी से काफी राहत मिली हुई है। पर्यावरण विभाग का कहना है कि दिल्ली में तेज हवाओं और गत दिनों हुई अच्छी बारिश के बाद हवा में सुधार हुआ जिसका असर अब तक दिखाई दे रहा है।

### निगम मुख्यालय में हुआ योग कार्यक्रम का आयोजन



**नई दिल्ली।** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में दिल्ली नगर निगम के मुख्यालय, सिविक सेंटर के प्रांगण में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। निगम प्रशासन ने शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि इस मौके पर दिल्ली के महापौर राजा इक़बाल सिंह, स्थायी समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा, नेता सदन प्रवेश वाही, निगम आयुक्त अश्विनी कुमार, अतिरिक्त आयुक्त, जितेंद्र कुमार, अतिरिक्त आयुक्त, पंकज नरेश अग्रवाल उपस्थित थे। बता दें कि यह दिल्ली नगर निगम ने यह कार्यक्रम सेंट्रल कॉउन्सिल फॉर रिसर्च इन योगा एंड नेचुरपैथी के सहयोग से आयोजित किया। इस कार्यक्रम में काफी संख्या निगम कर्मी मौजूद थे। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन में योग के प्रति जागरूकता फैलाना और स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना था।

### मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारियों के साथ हुई बैठक

# 45 प्वाइंट एक्शन प्लान से यमुना नदी की सफाई को मिलेगी रफ्तार : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

8000 करोड़ रुपये की लागत से 303 ड्रेनेज परियोजनाओं पर कार्य प्रगति पर, मुख्यमंत्री ने दिए समयबद्ध और गुणवत्ता पूर्ण क्रियान्वयन के निर्देश

दिसम्बर 2027 तक सभी अनधिकृत कॉलोनियों में सीवर लाइनें बिछाई जाएंगी



दिल्ली सरकार यमुना नदी की सफाई और पुनर्जीवन के लिए एक व्यापक 45 पॉइंट एक्शन प्लान तैयार कर उसे चरणबद्ध तरीके से लागू करेगी। यह बात शुक्रवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली सचिवालय में दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक करने के बाद बताई। इस बैठक के दौरान जल आपूर्ति, सीवरेज प्रणाली और यमुना नदी की सफाई जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। इस अवसर पर दिल्ली के कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने बताया कि बैठक दिल्ली जल बोर्ड का वित्तीय एक्शन प्लान ,यमुना की सफाई और इससे संबंधित परियोजनाओं की प्रगति और जल आपूर्ति और सीवरेज नेटवर्क से जुड़े कार्य जैसे तीन प्रमुख विषयों पर केंद्रित रही। बैठक के बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि दिल्ली के हर नागरिक को स्वच्छ और पर्याप्त जल आपूर्ति सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है।

एक आधुनिक, स्वच्छ और विकसित दिल्ली की कल्पना तभी साकार होगी जब हर नागरिक को शुद्ध जल और प्रभावी सीवरेज सुविधा मिलेगी। यमुना का पुनरुद्धार हमारी सरकार की नैतिक और पर्यावरणीय प्राथमिकता है। उन्होंने आगे कहा कि सरकार द्वारा यमुना नदी की सफाई के लिए एक बहुपक्षीय एवं चरणबद्ध कार्य योजना पर क्रियान्वयन किया जा रहा है, जिसमें नालों के ट्रीटमेंट, सीवरेज नेटवर्क के विस्तार, आधुनिक सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स की स्थापना जैसे कार्य शामिल है। आज इसी क्रम में आगे बढ़ते हुए सरकार ने दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गई। उन्होंने बताया कि इस बहुआयामी योजना का उद्देश्य न केवल यमुना को प्रदूषणमुक्त करना है, बल्कि उसके इकोसिस्टम को पुनर्जीवित करते हुए इसे दिल्लीवासियों के लिए एक स्वच्छ, सुंदर और जीवंत नदी के रूप में विकसित करना है।

इस एक्शन प्लान में यमुना नदी में उपचारित जल का प्रवाह, नाला प्रबंधन, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, सीवेज प्रबंधन, वर्षा जल प्रबंधन,शासन और प्रवर्तन,अंतराल पहचान/निगरानी व्यवस्था, नदी तट संरक्षण / रिवरफ्रंट विकास, जनसंपर्क अभियान और सेप्टेज एवं डेयरी अपशिष्ट प्रबंधन जैसे विषय मुख्य रहेंगे।

#### यमुना किनारों पर ठोस कचरे के अवैध निस्तारण को रोका जा रहा

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि यमुना किनारे और आसपास के क्षेत्रों में ठोस कचरे के अवैध निस्तारण को सख्ती से रोका जा रहा है। साथ ही, सीवर नेटवर्क को आधुनिक और विस्तारशील बनाकर यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि गंदा पानी बिना उपचार के नदी में न जाए। इसके लिए निलोठी, पप्पनकला समेत अमृत 2.0 के तहत 8 मौजूदा एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) जिसमे यमुना विहार, ओखला, केशोपुर, वसंत कुंज, घिटोरनी, महरौली और मोलारबंध शामिल है को अपग्रेड और उनकी क्षमता को बढ़ने का काम जारी है। इसके अलावा अमृत 2.0 के तहत 13 नए डीसेंट्रलाइज्ड एसटीपी और 27 अतिरिक्त नए डीएसटीपी की स्थापना की योजना बनाई गई है। मुख्यमंत्री ने सभी सम्बंधित अधिकारियों को नए एसटीपी के निर्माण कार्य को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए।

#### चरणबद्ध तरीके से बदली जाएंगी पुरानी सीवर लाइनें

मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली के कई क्षेत्रों में आज भी सालों साल पुरानी जल और सीवर लाइनें उपयोग में हैं। तेजी से बढ़ती आबादी और पानी की बढ़ती मांग के बीच, इन पुरानी और जर्जर हो चुकी व्यवस्थाओं पर निर्भर रहना अब मुमकिन नहीं है। उन्होंने बताया कि आज की समीक्षा बैठक में यह विस्तार से आकलन किया गया कि किन-किन इलाकों में पाइपलाइन और सीवर नेटवर्क को प्राथमिकता के आधार पर बदलने की जरूरत है। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि फेज-वाइज प्लानिंग के तहत इन सभी पुरानी लाइनों को आधुनिक तकनीक के साथ बदला जाए। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री ने सभी अनधिकृत कॉलोनियों में दिसम्बर 2027 तक पानी की पाइप लाइन और सीवेज लाइनें बिछाने का काम पूर्ण किया जाएगा।

### मुख्यमंत्री ने योग थीम सॉन्ग किया जारी

## योग दिवस पर दिल्ली के लाखों लोगों की होगी भागीदारी : रेखा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आज शनिवार को दिल्ली में लाखों लोग भागीदारी करेंगे। यह बात शुक्रवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने प्रैसवार्ता में कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार योग दिवस के अवसर पर तो भव्य आयोजन कर ही रही है, साथ ही दिल्ली की सैंकड़ों योग संस्थाएं, सामाजिक संगठन, शैक्षिक संस्थान, व सैकड़ों ग्रुप आदि शामिल हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ने प्रैसवार्ता में योग थीम सॉन्ग भी जारी किया। प्रैसवार्ता में मुख्यमंत्री के अलावा दिल्ली सरकार के मंत्री आशीष सूद, मनजिंदर सिंह सिरसा, कपिल मिश्रा भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली सरकार 11 स्थानों पर योग कार्यक्रम आयोजित कर रही है। इसके अलावा अन्य संगठन भी ये कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं। उन्हें भरोसा है कि पूरी दिल्ली में लाखों लोग योग करते दिखेंगे, जो उनकी योग के प्रति रुचि को दिखाता है। उन्होंने बताया कि जिन 11 स्थानों पर योग कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, उनमें यमुना तट, सोनिया विहार के योग कार्यक्रम वह खुद शामिल होंगी। इसके अलावा छत्रसाल स्टेडियम, त्यागराज स्टेडियम, स्पोट्र्स कॉम्प्लेक्स ईस्ट विनोद नगर, स्पोट्र्स कॉम्प्लेक्स झिलमिल, राजीव गांधी स्टेडियम बवाना, स्पोट्र्स कॉम्प्लेक्स प्रहलादपुर, स्पोट्र्स कॉम्प्लेक्स भारत नगर, नजफगढ़ स्टेडियम, क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर 6 द्वारका, हॉकी स्टेडियम अशोक नगर शामिल हैं। इन सभी कार्यक्रमों में दिल्ली के सांसद, मंत्री, विधायक व अन्य जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। मुख्यमंत्री ने योग थीम सॉन्ग के बारे में बताया कि इसे जाने-माने गायक अमित त्रिवेदी ने स्वर दिया है। वह राष्ट्रीय पुरस्कार व फिल्म फेयर पुरस्कार भी प्राप्त कर चुके हैं। इस गीत के गीतकार शैलेंद्र सिंह शैली है।

उन्होंने यह भी बताया कि इस थीम सॉन्ग में दिल्ली के पर्यटन स्थलों की महत्ता को दर्शाया जा रहा है। इन पर्यटन स्थलों में प्रधानमंत्री संग्रहालय, कर्तव्य पथ, वार मेमोरियल, भारत मंडपम, यशोभूमि, अक्षरधाम, लोटस टेम्पल, पुराना किला, राष्ट्रीय चरखा संग्रहालय, दिल्ली हाट, कुतुब मीनार, बान्सेरा पार्क, असिता पार्क, वासुदेव घाट तथा भारत दर्शन पार्क जैसे मनोरम पर्यटन स्थलों को दिखाया गया है। यह वीडियो सॉन्ग दिल्ली की जनता एवं पर्यटकों को इन दर्शनीय स्थलों पर देखने के लिए प्रेरित करेगी। पर्यटन के साथ-साथ योग का हमारे जीवन में कितना महत्व है, इसे भी इस वीडियो में दर्शाया गया है।

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलकर सक्सेना ने दी जन्मदिन की शुभकामनाएं



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के जन्मदिन पर शुक्रवार को उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने राष्ट्रपति भवन जाकर उन्हें शुभकामनाएं दी व मंगल कामना की। इस मौके पर उपराज्यपाल की धर्म पत्नी संगीता सक्सेना भी मौजूद थी। खुद एलजी ने राष्ट्रपति से मिलने व उनको शुभकामनाएं देते हुए फोटो अपने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर जानकारी दी। एलजी ने अपनी पोस्ट में लिखा कि माननीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। आपकी दूरदर्शिता और सरलता सरकार और राष्ट्र का मार्गदर्शन करती रहे। मैं पूरे देश के साथ मिलकर आपकी दीर्घायु, स्वस्थ और खुशहाल जीवन की कामना करता हूँ।

### भारत ने आतंकवाद के खिलाफ अपनाई है जीरो टॉलरेंस की नीति : बांसुरी स्वराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




सर्जिकल स्ट्राइक और ऑपरेशन सिन्दूर ने यह बता दिया कि मोदी सरकार के कुशल नेतृत्व में भारत ने आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है। दिल्ली भाजपा की मंत्री एवं नई दिल्ली से सांसद बांसुरी स्वराज ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के 11 वर्षों का कार्यकाल केवल एक राजनीतिक व्याख्यान नहीं है, यह राष्ट्र-भाग्य के निर्माण का व्याख्यान है। सांसद बांसुरी ने कहा कि कोविड जैसी महामारी में भारत ने 48 देशों को फ्री वैक्सीन दीं और आज पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व की 'फार्मेसी' बन गया है। प्रेस वार्ता में जिला अध्यक्ष वीरेन्द्र बब्बर एवं रविन्द्र चौधरी, विधायक हरीश खुराना, अनिल शर्मा, शिखा राय, नीरज बसोया एवं उमंग बजाज भी उपस्थित थे। इस मौके पर सांसद स्वराज ने मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाई।

### 25 जून को कनॉट प्लेस में लगेगी आपातकाल की पृष्ठभूमि पर प्रदर्शनी: मिश्रा



**नई दिल्ली।** दिल्ली के कला, संस्कृति, भाषा एवं पर्यटन मंत्री ने शुक्रवार को बताया कि 25 जून 2025 को दिल्ली के सेंट्रल पार्क, कनॉट प्लेस में एक विशेष प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी। यह प्रदर्शनी साल 1975 में देश में लगी आपातकाल (इमरजेंसी) की पृष्ठभूमि और भारतीय लोकतंत्र पर उसके प्रभाव को जनमानस के समक्ष लाने के उद्देश्य से लगाई जा रही है। प्रदर्शनी सुबह 10 बजे से लगाई जाएगी। प्रदर्शनी में आपातकाल से संबंधित अभिलेखों और फोटोग्राफ को प्रदर्शित किया जाएगा। प्रदर्शनी में दिल्ली की माननीय मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, मंत्रीगण और अन्य विशिष्ठ जन सम्मिलित होंगे।

### दिल्ली मेट्रो में सांप की अफवाह से मचा हड़कंप, डीएमआरसी ने की जांच, मिली छिपकली

नई दिल्ली। दिल्ली मेट्रो रेल में बीते कल यानी गुरुवार को महिला कोच में सांप घुसने की अफवाह से हड़कंप मंच गया। कोच में अधिकांश महिला यात्रियों में भय पसरा है और चिल्लाहट मची। हालांकि इस दौरान भी किसी को कहीं कोई सांप दिखाई नहीं दिया। कोच में सांप घुसने को लेकर सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल होने के बाद डीएमआरसी भी हरकत में आया और अक्षरधाम मेट्रो स्टेशन पर कोच की तलाशी ली गई। बताया जा रहा है कि जांच के दौरान सुरक्षा अधिकारियों को मेट्रो कोच में कहीं कोई सांप नहीं मिला। अलबत्ता एक छोटी छिपकली मिलने की बात जरूर सामने आई। इस बारे में डीएमआरसी के अधिकारी ने कहा कि एक वीडियो काफी वायरल हो रहा है, जिसमें सांप तो नहीं दिख रहा है, लेकिन कथित तौर पर दावा किया जा रहा है कि महिला कोच में सांप देखा गया है।

### महापौर ने डेंगू एवं मलेरिया जागरूकता अभियान का किया शुभारंभ



नई दिल्ली। डेंगू एक गंभीर चुनौती है और इससे निपटने के लिए सामूहिक भागीदारी आवश्यक है। दिल्ली नगर निगम के महापौर राजा इकबाल सिंह ने शुक्रवार को नागरिकों को डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी बीमारियों की रोकथाम के प्रति जागरूक करने के लिए डेंगू एवं मलेरिया जागरूकता अभियान की शुरुआत के दौरान यह संबोधन दिया। यह अभियान जी.टी.बी. नगर, सिविल लाइंस जोन में शुरू किया गया। इस अवसर पर निगम स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एल.आर. वर्मा, जोनल उपायुक्त अंशुल सिरोही, मुखर्जी नगर के रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्यगण तथा बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर राजा इकबाल सिंह ने मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया की रोकथाम के लिए सावधानीपूर्वक उपायों की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने बताया कि दिल्ली नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा निरंतर एंटी डेंगू व मलेरिया ऑपरेशन चलाया जा रहा है।

## अवैध सीवेज निष्कासन पर की जाए कार्रवाई : प्रवेश

### मंत्री ने संबंधित विभागों को निरीक्षण एवं प्रवर्तन अभियान चलाने का दिया निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली में पर्यावरण को बचाने और यमुना के पुनर्जीवन की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए लोक निर्माण विभाग एवं जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने शुक्रवार को राजधानी के औद्योगिक, वाणिज्यिक तथा अन्य संबद्ध प्रतिष्ठानों द्वारा बिना उपचारित सीवेज एवं औद्योगिक कचरे के अवैध निष्कासन के खिलाफ तुरंत कड़ी कार्रवाई के आदेश दिए हैं। मंत्री ने सभी संबंधित विभागों को मौजूदा पर्यावरण मानकों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए सघन निरीक्षण एवं प्रवर्तन अभियान चलाने का निर्देश दिया है। मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि यह संकट अब और नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। दिल्ली को अपनी जीवनरेखाओं में बिना उपचारित सीवेज का प्रवाह अब और सहन नहीं है। कोई भी प्रदूषक बख्शा नहीं जाएगा। तुरंत कार्रवाई की जाएगी।

मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने सभी संबंधित विभागों को यह सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया है कि जिन प्रतिष्ठानों पर सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) या एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट (ईटीपी) स्थापित करने और संचालित करने की कानूनी आवश्यकता है, उन पर समयबद्ध और विस्तृत निरीक्षण किए जाएं। यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी संयंत्र सही ढंग से स्थापित हों और पूरी क्षमता से कार्यरत हों।

### पंकज ने की दिल्ली परिवहन विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक

# 'इसी माह 150 नई इलेक्ट्रिक बसें डीटीसी के बेड़े होंगी शामिल'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



इसी माह 150 नई देवी इलेक्ट्रिक बसें दिल्ली परिवहन निगम के बेड़े में शामिल हो जाएंगी। और इस साल के अंत तक डीटीसी में इलेक्ट्रिक बसों का बेड़ा बढ़कर 5000 बसों से ज्यादा का हो जाएगा। इस बात की जानकारी दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने शुक्रवार को दिल्ली परिवहन विभाग के अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक करने के बाद दी। बैठक में मंत्री पंकज ने अधिकारियों को डीटीसी के इलेक्ट्रिक बसों के बेड़े को और तेजी से बढ़ाने, दिल्ली के अंतिम छोड़ तक बसों की कनेक्टिविटी बढ़ाने के साथ ही दिल्ली परिवहन निगम की वित्तीय सेहत को और ज्यादा मजबूत बनाने पर जोर दिया। साथ ही मंत्री ने परिवहन विभाग के अधिकारियों को दिल्ली में जल्द से जल्द बसों के रूट रेशनलाइजेशन की प्रक्रिया पूरी लागू करने का निर्देश दिया। परिवहन मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने कहा कि दिल्ली की सड़कों पर दौड़ रही देवी इलेक्ट्रिक बसों को दिल्ली की जनता का शानदार रिस्पांस मिल रहा है। दिल्ली के जिन-जिन इलाकों में देवी बसें चल रही हैं, उस इलाके में रहने वाले लोगों को अब ऑटो और प्राइवेट कैब में धक्के नहीं खाने पड़ रहे हैं। साथ की बसों का किराया बेहद कम होने से लोगों को सफर के दौरान पैसे की भी बचत हो रही है।

#### डीटीसी ने 109 रूट को कर लिया वेरीफाई

बैठक में परिवहन मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने बसों के रूट रेशनलाइजेशन करने पर विशेष तौर पर जोर देते हुए कहा कि फिलहाल डीटीसी ने 109 रूट को वेरीफाई कर लिया है। रूट रेशनलाइजेशन लेकर दिल्ली परिवहन निगम आईआईटी के साथ मिलकर काम कर रहा है। जिसका मकसद डीटीसी की बसों की फ्रीक्वेंसी बढ़ाना, कनेक्टिविटी में सुधार करना और यात्रा को अधिक आरामदायक बनाना है। रूट रेशनलाइजेशन की प्रक्रिया पूरी होने से डीटीसी बसों के मौजूदा मार्गों को पुनर्व्यवस्थित किया जाएगा।

#### विज्ञापन से सुधारेंगे डीटीसी की वित्तीय सेहत

परिवहन मंत्री पंकज ने दिल्ली परिवहन निगम की वित्तीय सेहत को और ज्यादा मजबूत करने और रेवेन्यू बढ़ाने के लिए बैठक में विज्ञापन से कमाई करने पर विशेष तौर पर जोर दिया। परिवहन विभाग के अधिकारियों ने मंत्री को बताया कि 55 हजार स्क्वायर फीट एरिया को चिन्हित किया गया है। डीटीसी बस डिपो से लेकर बसों पर विज्ञापन के जरिए कमाई करने की योजना बना ली गई है। विज्ञापन के जरिए दिल्ली परिवहन निगम को रेवेन्यू बढ़ाने में मदद मिलेगी।

### डीयू ने प्रो. श्री प्रकाश के लिए आयोजित किया विदाई अभिनंदन




हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग के प्रो. श्री प्रकाश सिंह को हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय गढ़वाल (उत्तराखंड) का कुलपति नियुक्त किए जाने पर दिल्ली विश्वविद्यालय ने अभिनंदन समारोह का आयोजन किया। इस मौके पर डीयू कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि प्रो. श्री प्रकाश में सच को सच कहने की हिम्मत है और एक अच्छे प्रशासक के लिए ये चीजें बहुत जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि अगर आप पद पर हैं तो आपको लोगों के काम आते रहना चाहिए, अपने हित की चिंता मत करें, देश और संस्थान के हित की चिंता करें। आपके हित भगवान अपने आप देख लेंगे।

बता दें कि प्रो. श्री प्रकाश सिंह दिल्ली विश्वविद्यालय के दक्षिणी दिल्ली परिसर के निदेशक के पद पर थे। अभिनंदन समारोह में सभी वक्ताओं ने डीयू में उनकी 30 वर्ष की सेवाओं को याद किया। डीयू कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि कुलपति का कार्य देश हित और अपने विद्यार्थियों के हित की रक्षा करना होता है।

**जन्म : 30 अप्रैल 1936**

*परमेश्वरी देवी जी का जन्म हरियाणा के जींद जिले के जुलानी गांव में चौधरी अमृत सिंह सहारण के घर हुआ*

# वैदिक पथ के पथिक स्व. चौधरी मित्रसेन आर्य की धर्मपत्नी परमेश्वरी देवी के निधन से शोक की लहर

**देहांत : 20 जून 2025**

*परमेश्वरी देवी जी दिल्ली में सांसारिक यात्रा पूरी कर परमात्मा के चरणों में विलीन हो गईं*

भारतीय संस्कृति में मान्यता है कि बहू के कदमों में मां लक्ष्मी के क़दमों की आहट होती है। अगर अकेले मां शब्द का वाचन किया जाता है तो उसी में शक्ति की प्रतीक दुर्गा, ज्ञान की देवी सरस्वती, धन और समृद्धि की देवी लक्ष्मी और आतिथ्य की देवी अन्नपूर्णा का समावेश एकमात्र मां शब्द में ही हो जाता है। माता परमेश्वरी देवी इन्हीं स्वरूपों का जीता जागता उदाहरण थी। वो जब बहू के रूप में सिंधु परिवार में आई तो परिवार में समृद्धि की नई उड़ान शुरू की। इसके बाद मां के रूप में माता परमेश्वरी देवी ने संस्कारों की नई बेल रोपित की, जिसमें पूरा परिवार सम्माहित था। हमेशा आर्य समाज के सेवा कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाने वाली माता जी हर जरूरतमंद की सहायता को अपना परम कर्त्वय समझती थी। उनका जीवन केवल सिंधु परिवार ही नहीं अपितु हर इंसान के लिए प्रेरणापुंज है: -

## गुरुकुलीय शैक्षणिक संस्थाओं की कुलाधिपति थीं माताजी


*माताजी परिवार द्वारा संचालित और पोषित सभी गुरुकुलीय शैक्षणिक संस्थाओं की कुलाधिपति थीं। वे सभी परिवार के सदस्यों एवं सभी संस्थाओं के आचार्यों से निरंतर उनके कार्यकलापों के बारे में जानकारी प्राप्त करती रहती थीं। माता जी पूर्वजों द्वारा स्थापित कुल परम्परा व संस्कारों की वाहिनी और एक स्पष्ट व्यक्तित्व के रूप में उभरीं। उन्होंने इस विरासत को आगे पीढ़ी-दर-पीढ़ी कैसे सुरक्षित रखा जाए, इसका हमें स्पष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। उनकी प्रेरणा से खांडा खेड़ी गांव में भारत मित्र स्तंभ का निर्माण करने में इसी विरासत को मूर्त रूप प्रदान करने में प्रमुख योगदान रहा।*

## सिंधु भवन में भव्य वेद मंदिर का निर्माण करवाया

*वैदिक संस्कृति को प्रकाशमान करने वाली परमेश्वरी देवी जी ने अपने पति चौ. मित्रसेन जी के साथ मिलकर सिंधु भवन में भव्य वेद मंदिर का निर्माण भी करवाया। इनके निवास स्थान सिंधु भवन में भव्य और विराट वेद मंदिर का निर्माण किसी आश्चर्य से कम नहीं है। जन्मोत्सव हो या विवाह सहित कोई शुभ अवसर, पूरा सिंधु परिवार माताजी के सानिध्य में बैठकर यज्ञ करता था, यह क्रम आज भी अवनात जारी है। सिंधु परिवार में विवाह का विशेष अवसर होता तो परमेश्वरी देवी जी के मार्गदर्शन में वेद मंदिर में सुबह शाम 3 दिन तीन-तीन घंटे हवन किया जाता था।*

# दान, समर्पण, स्नेह और त्याग की प्रतिमूर्ति परमेश्वरी देवी

महान आर्यसमाजी परमेश्वरी देवी जी के समूचे व्यक्तित्व और कृतित्व को शब्दों में बांधना अत्यंत दुष्कर कार्य है। जिसकी महिमा का वर्णन वाणी भी नहीं कर सकती, ऐसे विराट व्यक्तित्व की धनी थीं माता परमेश्वरी देवी जी। माता परमेश्वरी देवी जी धर्म और संतत्व की ऐसी प्रतिमूर्ति थीं जिनका सानिध्य पाकर आर्य संतों को भी अपार आनंद की अनुभूति होती थी। अथाह भौतिक संपदा के बावजूद इनकी सरल जीवन शैली सबको आश्चर्य में डाल देती थी। अपने अनन्य समर्पण, त्याग और संस्कारों से सिंधु परिवार को आलोकित करने वाली परमेश्वरी देवी जी का जन्म 30 अप्रैल 1936 को हरियाणा के जींद जिले के जुलानी गांव में हुआ था। जुलानी गांव के चौधरी अमृत सिंह सहारण के घर जब इस कन्या ने जन्म लिया तो कोई नहीं जानता था कि यह कन्या भविष्य में न केवल अपने गांव का नाम बल्कि अपने कुल, परिवार और समाज के साथ साथ वैदिक संस्कृति को भी गौरवान्वित करने वाली होगी। इस कन्या के चेहरे पर ईश्वरीय आभा थी और देवियों जैसा तेज था। ईश्वरीय गुणों का आभास होते ही माता-पिता ने प्रेम से अपनी कन्या का नामकरण ईश्वरी देवी के रूप में किया। कन्या के जन्म से पिता अमृत सिंह और माता भरपाई देवी का हृदय प्रसन्नता से भर गया। परमेश्वरी देवी जी जब मात्र 7 बरस की थीं तो नियति ने इनसे इनकी मां को छीन लिया। छोटी सी बच्ची के सिर से मां का साया उठ गया था। वे बचपन से ही निर्णय लेने में इतनी निपुण थीं कि परिवार के अतिरिक्त गांव में भी चर्चा होने लगी कि हरफूल जाट के कुनबे में बेटी के रूप में बेटे ने जन्म लिया है। किशोरावस्था में परमेश्वरी देवी अपने दादाजी की घोड़ी पर बैठकर खेतों की रखवाली करने जाती थी। परमेश्वरी देवी जी अपने सभी भाई बहनों में सबसे बड़ी थीं। इन्होंने अपने नौ भाइयों और तीन बहनों को बड़ी बहन के रूप में नहीं अपितु एक मां की तरह पाला पोसा। पिता अमृत सिंह अक्सर कहा करते थे कि हमारे नौ बेटों में जो शक्ति नहीं है, वह शक्ति इस अकेली बेटी में देखने को मिलती है।



## 8 मार्च 1949 : परमेश्वरी देवी और चौधरी मित्र सेन विवाह के सूत्र में बंधे

युवावस्था की ओर कदम बढ़ाने वाली परमेश्वरी देवी जी के गुणों की ख्याति आस-पास के गांवों में फैलने लगी। आर्य जगत के महान पथिक चौधरी शीशराम जी को जब परमेश्वरी देवी जी के गुणों के बारे में पता चला तो उन्होंने अपने यशस्वी पुत्र चौधरी मित्र सेन से इनका रिश्ता पक्का कर दिया। 8 मार्च 1949 को परमेश्वरी देवी जी और चौधरी मित्र सेन जी विवाह के सूत्र में बंध गए। परमेश्वरी देवी जी को कुलवधू के रूप में प्राप्त कर सास ससुर और समस्त सिंधु परिवार और उनका विशाल कुनबा प्रसन्नता से भर गया। परमेश्वरी देवी जी ने आदर्श बहू बनकर अपने सास-ससुर का हृदय जीत लिया। सर्वगुण संपन्न बहू पाकर सास श्रीमती जिओ देवी जी धन्य हो गई। श्रीमती जिओ देवी जी एक साध्वी की तरह परमात्मा की भक्ति में लीन रहती थीं। वे वैदिक जीवन के अनुसार अपना जीवन यापन करती थी। नई नवेली बहू ने गृहस्थ जीवन की जिम्मेदारियों के साथ-साथ अपनी सास के वैदिक धर्म को भी अपना लिया। धर्म परायण बहू और सास के मैत्री भाव को देखकर ससुर चौधरी शीशराम जी अक्सर कहा करते थे कि हमें बहु नहीं बल्कि बेटी मिली है।

### सेवा की मिसाल : 35 साल तक ससुर की आंखें बनीं परमेश्वरी

सौ वर्ष तक जीवित रहने वाले आपके ससुर चौधरी शीश राम जी को काला मोतिया था। जब चौ. शीशराम जी की आंखों की रोशनी धीरे-धीरे खत्म होने लगी तो पूरा परिवार घबरा गया था। इस खतरनाक बीमारी के कारण अंत में उनकी आंखों की रोशनी पूरी तरह चली गई। उन्होंने अपने ससुर की जो सेवा की वह मिसाल बन गई। चौधरी शीशराम जी बिना किसी भय के 35 वर्ष तक नेत्रहीन का जीवन जिए क्योंकि माता परमेश्वरी देवी उनकी आंखों की रोशनी बन चुकी थीं।

**देश प्रेम**

## अपने तीन पुत्रों को सेना में अधिकारी बनाया

परमेश्वरी देवी जी ने अपनी सभी संतानों को राष्ट्रवाद और देशभक्ति के संस्कारों से पोषित किया। आपने अपने छह पुत्रों में से तीन पुत्रों को भारत माता की सेवा करने के लिए सेना में भेजा। एक ही परिवार से तीन पुत्रों का सेना में जाना बहुत बड़ी बात है। इनके दो पुत्र कैप्टन तथा एक पुत्र मेजर जैसे सम्माननीय पदों को सुशोभित कर चुके हैं। आपके सबसे बड़े पुत्र कैप्टन रूद्रसेन जी प्रभावशाली व्यक्तित्व के धनी हैं और सेना में कैप्टन रह चुके हैं। कैप्टन अभिमन्यु जी ने भी भारतीय सेना में 5 वर्ष तक भारत माता की सेवा की। सबसे कम उम्र में सेना में कमीशन प्राप्त किया और कैप्टन का गौरवशाली पद प्राप्त किया। परमेश्वरी देवी जी के तीसरे पुत्र मेजर सत्यपाल आर्य जी 12 वर्ष तक भारतीय सेना में रहे और देश की सेवा करते हुए मेजर के पद से सेवानिवृत्त हुए।

## 2011 में चौधरी मित्रसेन आर्य जी का देहावसान

*27 जनवरी 2011 को लंबी बीमारी के बाद वैदिक पथ के पथिक चौधरी मित्रसेन आर्य जी का देहावसान हो गया। परमेश्वरी देवी जी ने संकट की इस घड़ी में पूरे परिवार को संभाला और कभी भी अपने बच्चों को पिता की कमी महसूस नहीं होने दी। परमेश्वरी देवी जी की नम्रता का परिचय इसी बात से मिलता है कि जब भी कोई उनसे पूछता कि माता जी आपने इतना लंबा सफर कैसे बिताया और अकेले सब समाज, परिवार सबको किस तरह संभाला तो वे अक्सर यही जवाब देती थीं कि मनै के करया है मनै तो अपणे बालक पाले हैं और अपणा फर्ज निभाया है।*

## सांसारिक यात्रा पूरी करने तक सेवा में लगी रहीं

*2020-21 में आए कोरोना काल के समय भी परमेश्वरी देवी जी ने पूरे परिवार और रिश्तेदारों, और उनके बच्चों का मनोबल बढ़ाया।अपने पति चौधरी मित्र सेन जी के पदचिन्हों पर चलते हुए वे सेवाभाव का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए कोरोना पीड़ितों की मदद करने के लिए राहत कोष में अभूतपूर्व योगदान दिया। 12 अक्टूबर 2023 को परमेश्वरी देवी जी के संरक्षण में खांडा खेड़ी में भारत मित्र स्तंभ देश को समर्पित किया गया। इसका लोकार्पण आरएसएस सरसंघचालक मोहन भागवत जी और योग गुरु रामदेव जी ने किया। 20 जून 2025 को परमेश्वरी देवी जी सांसारिक यात्रा पूरी कर परमात्मा के चरणों में विलीन हो गईं।*



### भरे पूरे परिवार के साथ माता जी

परमेश्वरी देवी जी का जन्मदिन पूरा परिवार एक साथ मिलकर मनाता था। तस्वीर में पूरा परिवार एक साथ नजर आ रहा है।



### मित्रसेन जी के साथ परमेश्वरी देवी

परमेश्वरी देवी जी मित्रसेन जी के साथ हर काम में कंधे से कंधा मिलाकर चलती रहीं। घर का काम हो या खेत खलिहान का कभी पीछे नहीं हटीं। दोनों की एक यादगार तस्वीर।

**स्वामी धर्मानंद सरस्वती, आचार्य, गुरुकुल आश्रम आमसेना, ओडिशा**

## परमेश्वरी देवी ने हमेशा पुरुषार्थ को जीवन का आधार बनाया



परमेश्वरी देवी जी के साहस और दृढ़ इच्छाशक्ति को मैंने अनेक बार स्वयं अनुभव किया है। मुश्किल से मुश्किल परिस्थिति में भी उनके चेहरे पर हमेशा मुस्कान बनी रहती थीं। अनेक ऐसे अवसर आए जब चौधरी साहब का परिवार संकट के दौर से गुजर रहा था, उस समय इन्होंने अपनी इच्छा शक्ति के बल पर परिवार को न केवल शक्ति प्रदान की, बल्कि पूरे परिवार को निराशा के दौर से भी बचाया। परमेश्वरी देवी ने हमेशा पुरुषार्थ को अपने जीवन का आधार बनाया और अपने बच्चों को भी हमेशा पुरुषार्थ के बल पर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। इनका जीवन नारी जाति के लिए अनुकरणीय है। इतनी अधिक आयु होने के बावजूद ये सदैव कर्म और पुरुषार्थ को अपने जीवन का आधार मानती रहीं। अनुशासन और नियमों का पालन करना उनकी दिनचर्या का महत्वपूर्ण हिस्सा रहा।

### कंधे से कंधा मिलाकर चलती रहीं

स्व. चौधरी मित्र सेन जी आर्य उच्च कोटि के नेता महान पुरुषार्थी थे। चौधरी मित्रसेन जी आर्य के फर्श से अर्श तक ऊंचा उठने का श्रेय माता परमेश्वरी देवी के पुरुषार्थ को जाता है। जब चौधरी मित्रसेन जी आर्य की आर्थिक स्थिति सामान्य थी तब भी तथा बाद में भी परमेश्वरी देवी उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलती रहीं। उन्होंने पग-पग पर अपने पति का साथ दिया। यह कहावत प्रसिद्ध है कि मनुष्य की सफलता के पीछे किसी महिला का सहयोग होता है, इस प्रकार सिंधु परिवार की उन्नति के पीछे माता परमेश्वरी का सर्वाधिक सहयोग रहा है। माता जी जैसी सूझबूझ की धनी उदार, यज्ञ प्रेमी, अतिथि सेवा करने वाली कोई-कोई महिला मिलेगी।

### परमेश्वरी देवी जी ने विशाल परिवार को एक सूत्र में बांधे रखा



पूज्या श्रद्धामयी माता परमेश्वरी देवी जी के जीवन का मैंने बहुत ही गंभीरता से मूल्यांकन किया है। एक बड़े संयुक्त परिवार को एक सूत्र में बांधे रखने के लिए जिस विवेक, सूझबूझ, उदारता, सबके प्रति पूर्ण प्रीति, एकात्मता, क्षमाशीलता, धैर्य, त्याग, तेजस्विता, शुचिता एवं पूर्ण सात्विकता या दिव्यता होनी चाहिए, वे सभी गुण पूज्या माताजी में थे। हम सबके पिता समान चौधरी मित्रसेन आर्य जी कहते थे कि ईश्वर भक्त कभी भी उदास व पहाड़ के समान दुःख आने पर भी विचलित नहीं होता एवं कभी भी अकेलापन अनुभव नहीं करता, अपने नाम के अनुरूप ही पूज्या माताजी परमेश्वरी देवी परमेश्वर के साथ सदा एकीकृत होकर जीती थीं।

*-स्वामी रामदेव, योग गुरु, पंतजलि योगपीठ, हरिद्वार, उत्तराखंड।*

### संघर्षों से तपकर कुंदन बनीं माता परमेश्वरी देवी जी



वैदिक पथ के पथिक, आर्यश्रेष्ठी चौ. मित्रसेन आर्य की सहधर्मिणी माता परमेश्वरी देवी नारी जाति का गौरव थीं। भारतीय संस्कृति के ग्राम्य परिवेश में पली-बढ़ी एक बाला आर्यकुल की वधू बनकर स्वयं को आर्य परम्परा के लिए समर्पित कर देती है। इनका जीवन श्रम व संघर्ष का जीवन रहा है। वे निर्भीकता, विचारशीलता तथा जीवन्तता के साथ संघर्षों से निकलकर कुन्दन बन गईं। उन्होंने सदैव मर्यादित जीवन की जीवनी बनकर जीवन-यापन किया। आपने कर्मयोगी पतिदेव तथा पुत्रों को व्यापार व उद्योग के क्षेत्र में भावनात्मक सम्बल प्रदान करते हुए सदैव उत्साहित किया। इसी कारण संकटापन्न स्थिति में भी आप दृढ़तापूर्वक चौधरी साहब के साथ खड़ी रहीं।

-डॉ. सुकामा, पद्मश्री अवॉर्ड विभूषित

### माता जी के समूचे जीवन में आर्यत्व निहित



परमेवरी देवी जीवन भर वैदिक और आर्ष शिक्षा के प्रचार-प्रसार में निरंतर सक्रिय रहीं। शिक्षक होने के साथ-साथ आप महान संन्यासी और यज्ञ प्रेमी भी रही हैं। आप माता के सभी गुणों से ओत-प्रोत थीं। आपके समस्त जीवन में आर्यत्व निहित था। आपका परोपकारमय जीवन सभी के लिए प्रेरणादायी रहेगा। आपने अपने पुत्र-पुत्री, पौत्र-पौत्री, प्रपौत्र-प्रपौत्री आदि को सभ्य संस्कार प्रदान किए हैं। परिवार के सदस्यों के सभ्य गुणों का अवलोकन कर यह निश्चित हो जाता है कि माता जी का जीवन पूर्णरूपेण सफल रहा। माताजी सुख-दुःख, लाभ-हानि, जय-पराजय आदि में धर्मपूर्वक एक समान रहती थीं। ये गुण सरलता से प्राप्त नहीं होते हैं, इनके लिए यज्ञ, जप, तप, ध्यान, योग, दान आदि को अपने जीवन में समाहित करना पड़ता है। आदरणीया माता परमेश्वरी देवी जी ने आदरणीय स्व. चौ. मित्रसेन जी के साथ निरन्तर अहर्निश सत्प्रयत्न कर परिवार को उन्नतिपथ पर अग्रसरित किया था।

*-स्वामी प्रणवानन्द सरस्वती, गुरुकुल गौतम नगर, नई दिल्ली*



### मोहन भागवत सिंधु भवन मिलने आए

आरएसएस के सर संघचालक मोहन भागवत जी रोहतक में आए तो उन्होंने सिंधु भवन पहुंचकर माता परमेश्वरी का आशीर्वाद लिया और उनके स्नेह के कायल हो गए।



### लड़कियों की पढ़ाई पर जोर

परमेश्वरी देवी जी के मार्गदर्शन में परम मित्र मानव निर्माण संस्थान अनेक गुरुकुल संचालित कर रहा है। विशेषकर लड़कियों की शिक्षा पर जोर दिया जा रहा है। ओड़िशा में छात्राओं के लिए छात्रावास और भोजन की व्यवस्था भी संस्थान की ओर से की जाती है।



### मित्र स्तंभ की यादगार तस्वीर


परमेश्वरी देवी जी के संरक्षण में खांडा खेड़ी में भारत मित्र स्तंभ 2023 में देश को समर्पित किया गया। चौधरी मित्रसेन की प्रतिमा के साथ परमेश्वरी देवी जी की यादगार तस्वीर।

## ऋषियों जैसे स्वभाव से विभूषित माता परमेश्वरी देवी ने उपनिषद के सूत्र 'अतिथि देवो भवः' को अपने जीवन में आत्मसात किया

# आतिथ्य सत्कार का सर्वोच्च आदर्श, आर्य जगत अन्नपूर्णा देवी के रूप में जानता है

ऋषियों जैसे स्वभाव से विभूषित माता परमेश्वरी देवी जी का आतिथ्य सत्कार अतुलनीय रहा। उपनिषद के सूत्र अतिथि देवो भवः को अपने जीवन में आत्मसात करने वाली माताजी अतिथि सेवा को अपना सौभाग्य मानती थीं, जिसके कारण समस्त आर्य जगत माता जी को अन्नपूर्णा देवी के रूप में जानता है। इनके आतिथ्य भाव का साक्षात्कार साधु-संतों, योगियों, आर्य विद्वानों से लेकर देश के प्रधानमंत्रियों और मुख्यमंत्रियों ने भी अनेक बार किया है। बड़े-बड़े उद्योगपति, नामी समाजसेवी और राजनेता माता जी का अतिथि सत्कार ग्रहण करने के लिए बरबस ही सिंधु भवन की ओर खिंचे चले आते थे। आध्यात्मिक, राजनीतिक, सामाजिक और उद्योग जगत की विशिष्ट हस्तियों के अतिरिक्त बॉलीवुड के सदाबहार कलाकार धर्मेंद्र भी माता जी के आथित्य सत्कार की मुक्त कंठ से प्रशंसा कर चुके हैं। देश के विभिन्न भागों से दिल्ली और चंडीगढ़ आने वाले विशिष्ट लोग फाइव स्टार होटल में भोजन करने के बजाए माता जी द्वारा परोसे गए सात्विक भोजन को ग्रहण करने के लिए लालायित रहते थे। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी जब स्वर्गीय चौ. मित्र सेन जी से सिंधु भवन में मिलने आए थे तो वे भी माता परमेश्वरी देवी जी द्वारा निष्काम भाव से किए गए आथित्य सत्कार से अभिभूत हो गए थे। अतिथि सेवा से गदगद होकर उन्होंने माता जी को अन्नपूर्णा देवी की संज्ञा दी थी। कवि हृदय वाले वाजपेयी जी ने चौ. मित्र सेन जी की ओर देखकर कहा था कि आप अत्यंत सौभाग्यशाली हैं क्योंकि आपको अन्नपूर्णा जैसी धर्मपत्नी प्राप्त हुई है।

### जब स्वामी रामदेव भावुक हो गए, बच्चे की तरह माता जी के कंधे पर रख लिया सिर



बॉलिवुड अभिनेता धर्मेंद्र जब सिंधु भवन पहुंचे तो वहां का संस्कारित माहौल देखकर चकित रह गए। स्वामी रामदेव एक बार माताजी के वात्सल्य और अतिथि के प्रति समर्पण भाव को देखकर इतने भावुक हो गए कि उन्होंने अपना सिर माताजी के कंधे पर रख दिया। एक बालक की तरह उन्होंने अपनी आंखें बंद कर लीं और भाव विह्वल होकर माताजी के गले लग गए। चौधरी मित्र सेन जब भी हरिद्वार स्थित पतंजलि योगपीठ में जाते थे तो माताजी स्वामी रामदेव जी के लिए देसी घी और बूरा अवश्य भिजवाया करती थीं। योग गुरु स्वामी रामदेव जी के साथ पतंजलि योगपीठ के पीठाधीश्वर आचार्य बालकृष्ण जी भी सिंधु भवन में माता जी की अतिथि सेवा का आत्मिक सुख प्राप्त कर चुके हैं।





### देखा माता जी का वात्सल्य

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री साहिब सिंह वर्मा, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा, पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी शैलजा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत, ओम प्रकाश जिंदल, स्वामी अग्निवेश जी, स्वामी इंद्रवेश जी, महान तपस्वी स्वामी दीक्षा नंद सरस्वती जी, प्रख्यात पत्रकार एचडी शौरी आदि माता जी के आतिथ्य सत्कार का साक्षात्कार कर चुके हैं। आर्य समाज संस्थाओं के प्रख्यात विद्वानों, मनीषियों, भजनोपदेशकों और गुरुकुलों के आचार्यों ने भी माताजी के अन्नपूर्णा स्वरूप के दर्शन किए हैं।

### घृतश्च्युतो विराजो नाम कामदुधा अक्षीयमाणाः

वेदों में नारियों को अन्नपूर्णा कह कर संबोधित किया गया है। यहां अनायास यजुर्वेद का एक मंत्र याद आ जाता है : **घृतश्च्युतो विराजो नाम कामदुधा अक्षीयमाणाः ।।** अर्थात हे! घर में रहने वाली देवियों, तुम घी बहाने वाली हो, मधु बहाने वाली हो, विविध खानपान आदि वस्तुओं से शोभित हो। तुम कामधेनु हो। तुम्हारे पास अन्न, दूध, घृत आदि ऐश्वर्य भरे रहते हैं जो कभी समाप्त नहीं होते। उनसे तुम परिजनों और अभ्यागतों को तृप्त करती रहो। अन्नपूर्णा के रूप में विराजमान माता परमेश्वरी देवी जी की रसोई में भी दूध, घी और अन्न के भंडार कभी समाप्त नहीं होते थे। सिंधु भवन में पधारने वाले संतों, विद्वानों और अतिथियों को माताजी कामधेनु के रूप में तृप्त करती हैं।



# देश में एम्स की संख्या 7 से 23 पर पहुंची और मेडिकल कॉलेज दोगुने

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों की बेहतर स्वास्थ्य के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं शुरू की हैं। उन्होंने बताया कि मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद देश में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की संख्या 7 से बढ़कर 23 हो गई है। शाह बेंगलुरु स्थित अदिचुंचनगिरी यूनिवर्सिटी के नए कैंपस के उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने 12 करोड़ घरों में शौचालय बनवाए, फिट इंडिया मूवमेंट की शुरुआत की, योग दिवस मनाने की परंपरा शुरू की और मिशन इंद्रधनुष के तहत मुफ्त टीकाकरण अभियान चलाया। 'पोषण अभियान' से माताओं और बच्चों के पोषण की चिंता की गई, 'आयुष्मान भारत योजना' के तहत 5 लाख रुपए तक का मुफ्त स्वास्थ्य बीमा दिया गया और प्रधानमंत्री जनऔषधि योजना से सस्ती दवाएं उपलब्ध कराई गईं।

### 2014 तक 387 मेडिकल कॉलेज थे, अब 780

उन्होंने कहा कि 2014 में देश में केवल 7 एम्स थे, जो अब बढ़कर 23 हो गए हैं। पहले जहां देश में 387 मेडिकल कॉलेज थे, अब उनकी संख्या 780 हो गई है। एमबीबीएस की सीटें भी 1,18,000 तक पहुंच गई हैं। अमित शाह ने अदिचुंचनगिरी मठ की भी सराहना की और कहा कि इस संस्था ने अनेक गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों को अध्यात्म और निःस्वार्थ सेवा से जोड़ा है।

केंद्र की योजनाओं का किया बखान



### बेंगलुरु स्थित अदिचुंचनगिरी यूनिवर्सिटी के नए कैंपस के उद्घाटन समारोह में शाह ने कहा

### पीजी सीटें 31,000 से बढ़कर 74,000

गृह मंत्री ने यह भी बताया कि देश में डॉक्टरों की संख्या बढ़ाने के लिए बड़े कदम उठाए जा रहे हैं। पीजी सीटें 31,000 से बढ़कर 74,000 हो गई हैं। यानी हर साल देश में 1,18,000 एमबीबीएस डॉक्टर और 74,000 स्पेशलिस्ट डॉक्टर तैयार हो रहे हैं। इस कार्यक्रम में केंद्रीय भारी उद्योग और इस्पात मंत्री एच डी कुमारस्वामी, रेल और जल शक्ति राज्य मंत्री वी सोमन्ना और आदिचुंचनगिरी मठ के निर्मलानंदनाथ महास्वामीजी भी मौजूद थे।

### कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया

शाह गुरुवार शाम को कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु पहुंचे, जहां भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने वरिष्ठ भाजपा नेता और कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा से भी मुलाकात की। उन्होंने एक्स पर मुलाकात की एक तस्वीर साझा करते हुए लिखा कि बेंगलुरु में वरिष्ठ भाजपा नेता और कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री येदियुरप्पा से मुलाकात की।

### पीएम मोदी ने 60 करोड़ गरीबों को इलाज की सहायता दी

शाह ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके नेतृत्व वाली सरकार की सराहना की। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने कई साल पहले गुजरात में कहा था कि गरीबों की सबसे बड़ी समस्या बीमारी और उपचार पर खर्च है। सरकार को गरीबों के उपचार की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। आज मुझे गर्व है कि प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी ने 60 करोड़ गरीबों को हर साल पांच लाख रुपए तक का मुफ्त उपचार करवाया है।

#### मोदी सरकार ने गरीबों के जीवन में किया बदलाव

शाह ने बताया कि मोदी सरकार ने स्वास्थ्य को लेकर कई पहलें शुरू की हैं, जिनमें 12 करोड़ घरों में शौचालय बनवाना, फिट इंडिया मूवमेंट, योग दिवस, मिशन इंद्रधनुष, पोषण अभियान, आयुष्मान भारत और भारतीय जनऔषधि परियोजना शामिल हैं। उन्होंने कहा, सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि एक नागरिक को मां के गर्भ में जन्म लेने से लेकर पूर्ण नागरिक बनने तक किसी बीमारी का सामना न करना पड़े और यदि वह बीमार होता है, तो उपचार महंगा न हो।

## खबर संक्षेप

### एआई प्लेन क्रैश करा दूंगी, डॉक्टर की धमकी



**बेंगलुरु।** एयर इंडिया की बेंगलुरु से सूरत जा रही फ्लाइट में तब हड़कंप मच गया, जब एक 36 वर्षीय महिला डॉक्टर ने प्लेन क्रैश करने की धमकी पायलट को दे दी। डॉक्टर की पहचान व्यास हिरल मोहनभाई के तौर पर हुई। इन्होंने हंगामा इसिलए मचाया क्योंकि इनका बैग इनके हिसाब से फ्लाइट में नहीं रखा गया था। इसकी रिपोर्ट अब की गई है।

### अवध असम एक्सप्रेस से टकराई ट्रॉली,1 की मौत



**कटिहार।** बिहार के कटिहार में कटिहार बरौनी रेल खंड पर काढागोला और सेमापुर के बीच बरौनी से कटिहार जा रही अवध असम एक्सप्रेस ट्रेन (15910) और रेलवे ट्रॉली के बीच टक्कर हो गई। इस हादसे में एक ट्रॉलीमैन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 4 रेलकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए। कई मजदूर गंभीर घायल बताए जा रहे हैं।

### सरगुजा में नदी में बही 2 महिलाएं और 2 बच्चे



**अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में एक नदी में बाढ़ आ जाने के बाद दो महिलाएं और दो बच्चे बह गए हैं। पुलिस ने बताया कि पुलिस और एसडीआरएफ के जवानों ने चारों की तलाश शुरू कर दी है।केरजु पुलिस चौकी क्षेत्र में ढोड़ागांव के पास मैनी में गुरुवार शाम सोमारी , बिनावती नागवंशी, 3 वर्षीय आरयस नागवंशी, 8 वर्षीय अनिता बह गए।

### अस्पताल में मनसे का हंगामा, 20 पर केस

**ठाणे।** नवी मुंबई के एक सरकारी अस्पताल में कथित तौर पर पोस्टमार्टम विभाग में भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर हंगामा करने के मामले में मनसे के 20 कार्यकर्ताओं के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। कार्यकर्ताओं का एक समूह 17 जून को वाशी नगर अस्पताल में घुस गया और चिकित्सा अधीक्षक के कार्यालय में नारेबाजी की थी।

### पीएम मोदी ने सीवान में रैली को संबोधित कर राजद और कांग्रेस पर किया हमला

# 'पंजे' व 'लालटेन' वालों का मंत्र है- अपने साथ...परिवार का विकास, इनसे सावधान

एजेंसी ▶▶ सीवान

बिहार दौरे पर पहुंचे पीएम नरेंद्र मोदी राजद और कांग्रेस पर जमकर बरसे। पीएम मोदी ने शुक्रवार को सीवान में एक रैली को संबोधित करते हुए लालू यादव के राज की याद दिलाई और कहा कि जिस बिहार ने सदियों तक भारत की प्रगति को नेतृत्व दिया, उसको पंजे और लालटेन के शिकंजे ने पलायन का प्रतीक बना दिया था। पीएम मोदी ने महागठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि मेरे इस विश्वास का कारण बिहार के आप सभी लोगों का सामर्थ्य है। आपने मिलकर बिहार से जंगलराज का सफाया किया है। यहां के हमारे नौजवानों ने तो 20 साल पहले के बिहार की बदहाली सिर्फ किस्सों और कथाओं में ही सुनी है। उन्हें अंदाजा ही नहीं है कि जंगलराज वालों ने बिहार की क्या हालत बना दी थी। जिस बिहार ने सदियों तक भारत की प्रगति को नेतृत्व दिया, उसको पंजे और लालटेन के शिकंजे ने पलायन का प्रतीक बना दिया था।

### जलापूर्ति, स्वच्छता परियोजनाओं की आधारशिला रखी और उद्घाटन भी किया

रेल लाइन का किया उद्घाटन

नई ट्रेन सेवा को हरी झंडी दिखाई

गोरखपुर जाने वाली वंदे भारत भी शुरू की



### 6,600 मकानों को किया समर्पित, कुछ चाबियां भी सौंपी

बुनियादी ढांचे के विकास के लिए 400 करोड़ से अधिक की नई वैशाली-देवरिया रेलवे लाइन परियोजना का उद्घाटन किया> इस मार्ग पर एक नई ट्रेन सेवा को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने उत्तर बिहार में 'कनेक्टिविटी' को बढ़ाने पटना-मुजफ्फरपुर व बेतिया से होते हुए गोरखपुर जाने वाली वंदे भारत को भी हरी झंडी दिखाई।मरहोरा संयंत्र में निर्मित अत्याधुनिक रेल इंजन को भी हरी झंडी दिखाई। नमामि गंगे परियोजना के तहत 1,800 करोड़ से अधिक लागत के छह सीवेज उपचार संयंत्रों (एसटीपी) का उद्घाटन किया, जिससे क्षेत्र के लोगों की जरूरतें पूरी होंगी।

### संविधान निर्माण से लेकर देश को दिशा दिखाने में राजेंद्र बाबू की बड़ी भूमिका

पीएम मोदी ने कहा कि सीवान की ये धरती हमारे स्वतंत्रता संग्राम की प्रेरक स्थली है। ये हमारे लोकतंत्र को, देश को, संविधान को ताकत देने वाली भूमि है। सीवान ने राजेंद्र बाबू जैसी महान संतान देश को दी। संविधान निर्माण से लेकर देश को दिशा दिखाने में राजेंद्र बाबू की बहुत बड़ी भूमिका रही। सीवान ने ब्रज किशोर प्रसाद जैसे महान समाज सुधारक भी देश को दिए।

#### बिहार के लिए बहुत कुछ करेगा मोदी

उन्होंने कहा कि मेरे बिहारी भाई-बहन कठिन से कठिन परिस्थिति में काम करके दिखा देते हैं। सीएम नीतीश के नेतृत्व में एनडीए सरकार बिहार को विकास की पटरी पर वापस लाई है और मैं विश्वास दिलाने आया हूं कि हमने भले बहुत कुछ किया हो। बिहार के लिए बहुत कुछ करेगा मोदी।

### भुवनेश्वर में रोड शो, परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया

ओडिशा को दी करोड़ों की सौगात

**भुवनेश्वर।** पीएम मोदी ने भुवनेश्वर में रोड शो किया। सरकार के एक वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में राज्य स्तरीय समारोह की अध्यक्षता की। उन्होंने 18,600 करोड़ से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया। इन परियोजनाओं में पेयजल, सिंचाई, कृषि अवसंरचना, स्वास्थ्य अवसंरचना, ग्रामीण सड़कें और पुल, राष्ट्रीय राजमार्गों के खंड और एक नई रेलवे लाइन शामिल हैं। राष्ट्रीय रेलवे नेटवर्क के साथ बौध के एकीकरण के ऐतिहासिक क्षण पर पीएम मोदी पहली बार जिले में रेल संपर्क बढ़ाने वाली नई ट्रेन सेवाओं को हरी झंडी भी दिखाई।

#### 100 इलेक्ट्रिक बसों को दिखाई हरी झंडी



प्रधानमंत्री मोदी ने भुवनेश्वर में राजधानी क्षेत्र शहरी परिवहन (सीआरयूटी) प्रणाली के अंतर्गत 100 इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखाई।

#### ओडिशा विजन दस्तावेज जारी किया

पीएम ओडिशा विजन दस्तावेज भी जारी किया। यह 2036 के ऐतिहासिक वर्षों पर आधारित है, जब ओडिशा भारत के प्रथम भाषाई राज्य के रूप में 100 वर्ष पूरे करेगा तथा 2047 जब देश स्वतंत्रता के 100 वर्ष मनाएगा। वह राज्य की सफल महिलाओं को सम्मानित करने सहित कई अन्य पहलों का हिस्सा भी बनेंगे।

### पूर्व केंद्रीय वाणिज्य मंत्री शर्मा का बयान

# पीयूष गोयल की टिप्पणी अनुचित और 'मूर्खतापूर्ण'

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



पूर्व केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री आनंद शर्मा ने वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल की भारत-आसियान व्यापार समझौतों को 'मूर्खतापूर्ण' और आसियान देशों को 'चीन की बी-टीम' करार देने वाली टिप्पणी की कड़ी निंदा की है। शर्मा ने गोयल के बयान को 'अनुचित, गलत सलाह पर आधारित और दुर्भाग्यपूर्ण' बताया। उन्होंने कहा कि भारत और आसियान देशों के बीच तीन दशकों से अधिक समय से बहुआयामी संबंध हैं, जो पारस्परिक रूप से लाभकारी और महत्वपूर्ण हैं।

हरिभूमि से बातचीत में शर्मा ने कहा, यह संबंध भारत की 'लुक ईस्ट' नीति का अभिन्न हिस्सा हैं, जिसका उद्देश्य आर्थिक रूप से जीवंत और भू-रणनीतिक रूप से एशिया-प्रशांत क्षेत्र के साथ भारत के संबंधों को गहरा और विविध करना है। उन्होंने कहा,भारत की लगातार सरकारों ने इस नीति को आगे बढ़ाया है और संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक पहुंचाया है। भारत आसियान+6 (जापान, भारत, दक्षिण कोरिया, चीन, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड) के पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन का भी सदस्य है।

#### गोयल की टिप्पणी अपमानजनक

शर्मा ने गोयल की टिप्पणी को 'गैर-जिम्मेदाराना और अपमानजनक' करार देते हुए कहा कि यह भूल जाना गलत है कि इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो 2025 के गणतंत्र दिवस परेड के मुख्य अतिथि थे। आसियान के साथ व्यापक आर्थिक सहयोग समझौता और जापान व दक्षिण कोरिया के साथ व्यापार समझौते निवेश, वस्तुओं और सेवाओं के व्यापार को बढ़ावा देने बनाए गए हैं। ये समझौते भारत के हितों को ध्यान में रखकर तैयार किए गए हैं।

**आसियान के साथ व्यापार का महत्व**

शर्मा ने बताया कि आसियान देशों के साथ व्यापार में आवश्यक आयात शामिल हैं, जैसे इंडोनेशिया से लौह अयस्क और कोयला, मलेशिया और इंडोनेशिया से पाम तेल, ब्रुनेई दारुस्सलाम और मलेशिया से तेल-पेट्रोलियम उत्पाद, और म्यांमार से दालें।

#### साझेदारी पर जोर

शर्मा ने कहा कि एक परस्पर जुड़े और परस्पर निर्भर विश्व में साझेदारी ही आगे बढ़ने का रास्ता है, न कि बहिष्कार और अलगाव। उन्होंने वाणिज्य मंत्री पर तंज कसते हुए कहा कि उन्हें साझेदार देशों के साथ व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने को प्राथमिकता देनी चाहिए, न कि उन्हें अपमानित करते हुए अमेरिका के साथ उसकी शर्तों पर एक गैर-लाभकारी व्यापार समझौते के लिए झुकना चाहिए। बहरहाल, शर्मा ने अपनी टिप्पणी में भारत-आसियान संबंधों के रणनीतिक और आर्थिक महत्व को रेखांकित किया और पीयूष गोयल से अपनी टिप्पणियों पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया।

# कर्नाटक में अल्पसंख्यकों के लिए आवास कोटा 15 प्रतिशत करना अक्षम्य अपराधः भाजपा

### वह वोट बैंक की राजनीति के लिए खुश करने में लगी हुई हैः येदियुरप्पा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा केंद्रीय संसदीय बोर्ड के सदस्य और पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा ने शुक्रवार को कहा कि अल्पसंख्यकों को अत्यधिक लाभ प्रदान करना एक अक्षम्य अपराध है। बेंगलुरू स्थित भाजपा के राज्य मुख्यालय 'जगन्नाथ भवन' में मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस की कर्नाटक सरकार को अनुसूचित जातियों और जनजातियों पर अधिक ध्यान देना चाहिए था, लेकिन इसके बजाय यह केवल वोट बैंक की राजनीति के लिए अल्पसंख्यकों को खुश करने में लगी हुई है। हम सभी इसकी कड़ी निंदा करते हैं। उन्होंने कहा कि हम अल्पसंख्यकों के खिलाफ नहीं हैं। लेकिन अल्पसंख्यकों को अत्यधिक लाभ प्रदान करना अक्षम्य अपराध है। कर्नाटक में अल्पसंख्यकों के लिए आवास कोटा 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत करने के कांग्रेस सरकार के फैसले पर कड़ी आलोचना करते हुए येदियुरप्पा ने ये बातें कही।

उन्होंने सरकार से जागने और विकास पर ध्यान केंद्रित करने तथा समाज के सभी वर्गों के लोगों के लिए न्याय सुनिश्चित करने का आग्रह किया। उन्होंने आरोप लगाया, राज्य सरकार में भ्रष्टाचार व्याप्त है और अधिकांश विकास कार्य ठप हो गए हैं। येदियुरप्पा ने कहा कि स्थिति इतनी विकट हो गई है कि लोगों की समस्याओं को कोई नहीं सुन रहा है। उन्होंने आलोचना करते हुए कहा यह सरकार केवल प्रचार पर केंद्रित है और विकास को पूरी तरह से नजरअंदाज कर दिया है। उन्होंने दावा किया कि सिंचाई परियोजनाएं पूरी तरह से ठप हो गई हैं। सरकार कर्नाटक में कहीं भी एक किलोमीटर सड़क बना कर दिखाए।

कांग्रेस विधायक बीआर पाटिल के वायरल ऑडियो क्लिप के सवाल का जवाब देते हुए, जिसमें वे कथित तौर पर कह रहे हैं कि आवास योजना के तहत घर पाने के लिए पैसे देने होंगे, येदियुरप्पा ने कहा कि बी.आर. पाटिल ने जो कहा वह 100 प्रतिशत सच है। पैसे दिए बिना कोई काम नहीं होता - यह अब साबित हो गया है। यहां तक कि गरीब लोग जिन्हें घर की जरूरत है, उन्हें भी पैसे देने के लिए मजबूर होना पड़ता है।

### झांझरा भूमिगत खदान और सोनपुर बाजारी ओसीपी में परिचालन की समीक्षा करेंगे

# केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री रेड्डी ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के 2 दिनी दौरे पर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने शुक्रवार से ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (ईसीएल) का दो दिनी दौरा शुरू किया। इस दौरान मंत्री झांझरा भूमिगत खदान और सोनपुर बाजारी ओसीपी में परिचालन की समीक्षा करेंगे, हाल ही में सफल 'ऑपरेशन सिंदूर' की याद में झांझरा में 'सिंदूर पार्क' नामक इको पार्क का उद्घाटन करेंगे और इको पार्क में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के भव्य समारोह में भाग लेंगे। वे नवनिर्मित महुदंगा पुनर्वास स्थल का भी उद्घाटन करेंगे।



इसके अतिरिक्त, स्थानीय समुदायों को सहायता प्रदान करते हुए, रेड्डी एनसीडब्ल्यूए के दिशानिर्देशों के अनुसार अनुकंपा रोजगार के तहत उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे और आरएन कॉलोनी, सोनपुर बाजारी क्षेत्र, ईसीएल में विकलांग लोगों को ट्राइसाइकिल प्रदान करेंगे। अपने कार्यक्रम के तहत, रेड्डी खनन इकोसिस्टम के हितधारकों के साथ संवादात्मक सत्र आयोजित करेंगे। इसमें कोयला खदान कर्मचारी भी शामिल होंगे, जिन्होंने संगठन के लिए मील के पत्थर हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मंत्री परियोजना प्रभावित लोगों (पीएपी) से मिलने के लिए पुनर्वास और पुनर्स्थापन (आरएंडआर) स्थलों का भी दौरा करेंगे और असाधारण प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित करेंगे।

# सुरक्षा व्यवस्था के बाद नए आवास में शिफ्ट होंगे राहुल गांधी, 5 सुनहरी बाग है नया पता

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी अपने 55वें जन्मदिन के अवसर पर नई दिल्ली में नए सरकारी आवास, बंगला नंबर 5, सुनहरी बाग रोड, में शिफ्ट हुए तो उनकी सुरक्षा को लेकर कोठी की बाउंड्रीज और इंट्रेंस में कुछ परिवर्तन करने का सुझाव सुरक्षाकर्मियों ने संबंधित विभाग को दिया है। राहुल को जेड प्लस सुरक्षा का घेरा मिला हुआ है। उसी की कसौटी पर सुरक्षा व्यवस्था को कसा जाना है।

सूत्रों ने बताया कि चूंकि सुनहरी बाग में दिनभर हैवी ट्रैफिक लोड होता है इसीलिए सिक्योरिटी को बेहतर रखना सुरक्षाकर्मियों के लिए चुनौती होगा। ये बात अलग है कि इस कोठी में पहले पूर्व सामाजिक न्याय मंत्री ए नारायणस्वामी रहा करते थे। टाइप आठ का बंगला कैबिनेट रैंक के मंत्रियों के लिए आवंटित होता है। राहुल को भी बतौर विपक्ष के नेता कैबिनेट रैंक का दर्जा प्राप्त है इसीलिए सुनहरी बाग की कोठी आवंटित की गई।

लुटियंस दिल्ली में स्थित सुरक्षा व संसदीय व्यवस्था की दृष्टि से सुनहरी बाग स्ट्रेटजिक लोकेशन पर है, लेकिन सुरक्षा की दृष्टि से अपेक्षाकृत संवेदनशील क्षेत्र भी है। सूत्रों ने बताया कि सुरक्षा के लिहाज से चाकचौबंद इंतजाम होने के बाद राहुल गांधी औपचारिक रूप से नये बंगले में शिफ्ट करेंगे।

ये तय है कि आगामी 21 जुलाई से शुरू हो रहे संसद के मॉनसून सत्र से पहले राहुल गांधी पूरी तरह से नये बंगले में शिफ्ट हो जाएंगे। राहुल गांधी अपनी मां, कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी के साथ 10, जनपथ स्थित आवास में रह रहे थे। वह 2023 में 12, तुगलक लेन वाला सरकारी बंगला खाली करने के बाद 10, जनपथ शिफ्ट हुए थे। सूत्रों ने बताया कि तब तक वास्तु पूजन और गृह प्रवेश का अन्य विधि विधान और सुरक्षा के उपाय सभी साथ साथ चलते रहेंगे।

### चुनाव प्रक्रिया के वीडियो डिलीट करने का निर्देश

# फुटेज का इस्तेमाल दुर्भावना और भ्रम फैलाने किया जा रहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने राज्यों के मुख्य चुनाव अधिकारियों को निर्देश दिया है कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान के इलेक्ट्रॉनिक डेटा जैसे वीडियो, सीसीटीवी फुटेज आदि को चुनाव प्रक्रिया पूरी होने के 45 दिन बाद नष्ट कर दें। चुनाव आयोग का कहना है कि उनके वीडियो फुटेज का इस्तेमाल दुर्भावना और भ्रम फैलाने के लिए किया जा रहा है। चुनाव आयोग ने राज्य चुनाव अधिकारियों को निर्देश दिया है कि यदि 45 दिन की अवधि के भीतर अदालतों में चुनाव नतीजों को चुनौती नहीं दी जाती है, तो वे 45 दिन के बाद चुनाव प्रक्रिया के सीसीटीवी कैमरा, वेबकास्टिंग और वीडियो फुटेज को नष्ट कर दें।

### अधिकारी चुनाव प्रक्रिया पूरी होने के 45 दिन बाद नष्ट कर दें: ईसी



#### चुनाव आयोग ने अधिकारियों को पत्र लिखकर दी जानकारी

चुनाव आयोग ने 30 मई को राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारियों को लिखे पत्र में कहा था कि 'उसने चुनाव प्रक्रिया के दौरान कई रिकॉर्डिंग उपकरणों - फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी, सीसीटीवी और वेबकास्टिंग के माध्यम से चुनाव प्रक्रिया के विभिन्न चरणों को रिकॉर्ड करने के निर्देश जारी किए हैं। हालांकि चुनाव संबंधी कानून ऐसी रिकॉर्डिंग को अनिवार्य नहीं करते

#### याचिका नहीं तो डेटा को नष्ट करें

चुनाव आयोग ने अब राज्य चुनाव प्रमुखों से कहा है कि सीसीटीवी डेटा, वेबकास्टिंग डेटा और विभिन्न चरणों में चुनाव प्रक्रियाओं की फोटोग्राफी को 45 दिनो तक ही सुरक्षित रखा जाएगा। आयोग ने कहा है कि अगर किसी विशेष निर्वाचन क्षेत्र के संबंध में कोई चुनाव याचिका दायर नहीं की जाती है, तो उक्त डेटा को नष्ट किया जा सकता है।

#### 45 दिन के अंदर दी जा सकेगी फैसले को चुनौती

कोई भी व्यक्ति 45 दिन में उच्च न्यायालय में चुनाव फैसले को चुनौती दे सकता है। दिसंबर में सरकार ने भी सीसीटीवी और वेबकास्टिंग फुटेज, साथ ही उम्मीदवारों की वीडियो रिकॉर्डिंग, इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेजों के सार्वजनिक निरीक्षण को रोकने चुनाव नियम में बदलाव किया, ताकि उनका दुरुपयोग रोका जा सके। केंद्रीय कानून मंत्रालय ने चुनाव संचालन नियम, 1961 के नियम 93 में संशोधन किया, ताकि सार्वजनिक निरीक्षण के लिए खुले कागजात या दस्तावेज के प्रकार को प्रतिबंधित किया जा सके।

# स्वास्थ्य जागरूकता का वैश्विक अभियान योग

आज दुनिया योगमय होगी। संयुक्त राष्ट्र में विश्व योग दिवस मनाया जाएगा। भारत ने जब 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने के लिए वर्ष 2014 में संयुक्त राष्ट्र में वकालत की थी, तब से अब तक योग दिवस एक अंतरराष्ट्रीय उत्सव व स्वास्थ्य जागरूकता का वैश्विक अभियान बन चुका है। पहला योग दिवस वर्ष 2015 में मनाया गया था। दुनिया ने खुले मन से भारत के योग को अपनाया और अच्छे स्वास्थ्य में योग के योगदान को समझा। भारत 191 देशों में योग दिवस कार्यक्रम आयोजित करेगा। इस अवसर पर शनिवार को विश्वभर के 1,300 से अधिक स्थानों पर 2,000 से अधिक योग कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इन कार्यक्रमों से देश की प्राचीन परंपरा और सौम्य ताकत को प्रदर्शित किया जाएगा। भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर) के अनुसार, पाकिस्तान स्थित भारतीय उच्चायोग भी इस अवसर पर इस्लामाबाद में योग कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। इस बार अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की 10वीं वर्षगांठ मनाई जा रही है। आईसीसीआर 'योग बंधन' नामक विशेष कार्यक्रम भी आयोजित कर रही है, जिनमें ब्राजील, अर्जेंटीना, रूस, चीन, दक्षिण अफ्रीका, मलेशिया, श्रीलंका, इंडोनेशिया, सिंगापुर और दक्षिण कोरिया सहित 15 देशों के 17 योग गुरुओं और प्रशिक्षकों की भागीदारी रहेगी। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 की थीम 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य समारोह आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में होगा। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) भी देशभर में 81 स्मारक स्थलों पर योग सत्र आयोजित करेगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह अहमदाबाद के निकट प्रतिष्ठित बावड़ी 'अडालज वाव' में आयोजित कार्ग्रकम में शामिल होंगे। 21 जून को सभी एएसआई स्थलों पर जनता के लिए प्रवेश निःशुल्क रहेगा। हजारों प्रतिभागी ऐतिहासिक स्थलों जैसे पुराना किला (दिल्ली), गोल गुम्बज (कर्नाटक), कोणार्क सूर्य मंदिर (ओडिशा), चित्तौड़गढ़ किला (राजस्थान), एलीफेंटा गुफाएं (महाराष्ट्र) और एएसआई के 76 अन्य स्थलों पर योग का अभ्यास करने के लिए एकत्रित होंगे। संस्कृति मंत्रालय आज देशभर में 100 प्रसिद्ध स्थलों और 50 अन्य सांस्कृतिक स्थलों पर योग सत्र आयोजित करेगा, जिनमें यूनेस्को के कुछ विरासत स्थल भी शामिल हैं। यूनेस्को के जिन विश्व धरोहर स्थलों में योग सत्र आयोजित किए जाएंगे, उनमें चराईदेव मोइदम (असम), रानी की वाव और धोलावीरा (गुजरात), हम्पी और पट्टाडकल (कर्नाटक), खजुराहो स्मारक समूह और सांची स्तूप (मध्य प्रदेश), कोणार्क का सूर्य मंदिर (ओडिशा), एलीफेंटा गुफाएं (महाराष्ट्र) और तंजावुर का बृहदीश्वर मंदिर (तमिलनाडु) शामिल हैं। मंत्रालय के मुताबिक, प्रमुख सांस्कृतिक और ऐतिहासिक स्थल जैसे गोलकुंडा किला और सालारजंग संग्रहालय (हैदराबाद), हुमायूं का मकबरा, पुराना किला और सफदरजंग मकबरा (दिल्ली), जलियांवाला बाग (पंजाब), चित्तौड़गढ़ और कुंभलगढ़ किले (राजस्थान), लेह पैलेस (लद्दाख), परी महल (श्रीनगर, जम्मू-कश्मीर), बेकल किला (केरल), और हजारद्वारी तथा कूच बिहार पैलेस (पश्चिम बंगाल) जैसे अन्य स्थलों पर भी योग सत्र आयोजित किए जाएंगे। कोरोना के बाद योग ने लोगों को स्वस्थ रखने में अहम भूमिका निभाई है। आज योग लोगों के दैनिक जीवन का हिस्सा है। देश के अनेक योग मनीषियों ने इसे आम लोगों तक ले जाने में अहम भूमिका निभाई है। आज हम योग को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लें।



योग दिवस
अखिलेश आर्येन्दु

# योग ने सिखाया जीने का तरीका

वैदिक दर्शन के सबसे महत्वपूर्ण, उपयोगी और सर्वहितकारी हिस्से के रूप में योगासन, ध्यान, ज्ञान और अध्यात्म-विज्ञान बताया गया है। शास्त्रकारों के मुताबिक योग ऐसी जीवन-क्रिया व पद्धति है जिसका महत्व और उपयोग जाग्रत अवस्था में तो है ही, नींद और समाधि लगाने के समय भी है। सेहतमंद रहने का इससे बेहतर उपाय दूसरा कोई नहीं है। ऋषि पतंजलि ने इसे वेद से निकालकर योगदर्शन के जरिए इसका विस्तार किया और इसे सर्वसुलभ, सर्वहितकारी, सर्वगुणात्मक और परम व्यावहारिक बना दिया। शरीर की सारी क्रियाएं और जीवन-व्यवहार पूरी तरह संतुलित होता है, वह व्यक्ति सेहतमंद है और जो सेहतमंद है वही सुखी है।

आज योग दिवस दुनियाभर में मनाया जा रहा है। बेहतर सेहत, सुख, शांति और मूल्यपरक जिंदगी जीने का तरीका योग के जरिए ही सीखा जा सकता है। यही वजह है कि 21वीं शताब्दी में बेहतर सेहत, वैचारिक शांति और मन में शांति की सुलभता के मद्देनजर योगासन और ध्यान की पद्धतियों, इसकी उपयोगिता और फायदे को लेकर सबसे ज्यादा चर्चा होती आई है। वैदिक दर्शन के सबसे महत्वपूर्ण, उपयोगी और सर्वहितकारी हिस्से के रूप में योगासन, ध्यान, ज्ञान और अध्यात्म-विज्ञान बताया गया है। शास्त्रकारों के मुताबिक योग ऐसी जीवन-क्रिया व पद्धति है जिसका महत्व और उपयोग जाग्रत अवस्था में तो है ही, नींद और समाधि लगाने के समय भी है। सेहतमंद रहने का इससे बेहतर उपाय दूसरा कोई नहीं है। ऋषि पतंजलि ने इसे वेद से निकालकर योगदर्शन के जरिए इसका विस्तार किया और इसे सर्वसुलभ, सर्वहितकारी, सर्वगुणात्मक और परम व्यावहारिक बना दिया। अक्षरों को शब्दों में और शब्दों को श्लोकों के माध्यम से जन-जन को उपलब्ध कराकर शरीर, मन, प्राण, आत्मा और चेतना को पवित्र, शक्तिशाली, निरोग और जाग्रत कर दिया। वैदिक ऋषि परम्परा में मानव जीवन की पूर्णतः के लिए जो चार पुरुषार्थ बताए गये हैं उनमें धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष हैं।

अष्टांग योग के जरिए इन चारों पुरुषार्थों को जिंदगी का हिस्सा बनाकर जीवन को पूर्णता दिलाई जा सकती है। ये चारों पुरुषार्थ वैदिक धर्म ग्रंथों में वर्णित हैं, लेकिन दूसरे मजहबी किताबों में इसे अलग तरह से समझाया गया गया है। इसलिए विश्व ने जब 21 जून 2015 को योग दिवस मनाना शुरू किया तो उसे कोई विशेष समस्या नहीं हुई। क्योंकि योगासन शरीर, मन और आत्मा के सेहतमंद होने का सूत्र, विधि और क्रिया हर व्यक्ति के लिए फायदेमंद और उपयोगी लगी।

आज दुनिया के तकरीबन 200 देश योगासन और ध्यान की तमाम विधियों को अपना चुके हैं। भारत योग के जरिए फिर विश्व गुरु बनने की राह पर आगे बढ़ चुका है। एक दशक में दुनिया का हर इंसान योग को अपने लिए सुखदायी और शांतिपरक अनुभव कर रहा है। उपनिषदों में मानव को जिन आदर्शों के साथ सार्थक जीवन जीने का उपदेश दिया गया है, उनके सूत्र के रूप में 'असतो मा सद्गमय, तमसो मा ज्योतिर्गमय और मृत्युर्मा अमृतम गमय है, इन्हें जानना जरूरी है। योगदिवस को विश्व स्तर पर मनाने का प्रयोजन यह भी रखा गया कि इसके जरिए विश्व सभी लोग आपस में जुड़ेंगे ही नहीं बल्कि हर तरह की जटिलाओं, समस्याओं, बीमारियों और संकटों से मुक्त होकर जीवन को सौ से भी अधिक वर्ष तक जीने के लिए खुद को तैयार करेंगे। वैदिक परंपरा सनातन और चिर नवीन कही जाती है। इस पंरपरा में योग सहित जितना वैदिक ज्ञान उपलब्ध है वह जितना पुरातन है उतना ही चिर नवीन भी। महर्षि चरक ने मन को इंद्रिय एवं विषयों से अलग होकर आत्मा में स्थिर होना योग कहा है। वशिष्ठ संहिता के अनुसार मन को शांत करने का सबसे बेहतर तरीका योग के जरिए ही जाना जा सकता हैं। अमरकोश में योग को ध्यान और संगति का वाचक माना गया है। भगवान कृष्ण गीता में कहते हैं, समत्वं योग उच्यते, यानी कर्म की सफलता और असफलता में निष्काम भाव से कर्म करना योग है। आधुनिक जीवनशैली अर्थप्रधान होने



की वजह से हम खुद पर ध्यान नहीं दे पाते हैं। इसलिए शरीर, मन, प्राण व आत्मा सभी स्तरों पर हमारा संतुलन बिगड़ा रहता है। आयुर्वेद के अनुसार देश-दुनिया का हर व्यक्ति किसी न किसी बीमारी या परेशानी से जूझ रहा है। अपनी समस्याओं का हल वह खुद से खुद में न ढूंढकर किसी अस्पताल या डॉक्टर के जरिए ढूंढता रहता है यानी जीवन में द्वंद्व के हालात हमेशा बने रहते हैं। इन हालात से बिना किसी आर्थिक दबाव के निपटने के लिए योगासन-ध्यान से बेहतर कोई उपचार या समाधान नहीं है। हमारी जिंदगी समस्याओं का पिटारा बन गई है। ये समस्याएं या दुश्वारियां योग-साधना के जरिए बेहतर तरीके से खत्म या कम की जा सकती हैं।

अष्टांगयोग के जरिए शारीरिक, मानसिक, आत्मिक, पारिवारिक व सामाजिक समस्याओं या परेशानियों से मुक्त हुआ जा सकता है। शरीर सभी साधनों और साध्यों (उद्देश्यों) का आधार है। और शरीर, मन, प्राण को सेहतमंदक, पवित्र, तन्दुरुस्त और संतुलित होना जरूरी है, क्योंकि सभी सफलताएं इनके सेहतमंद होने से ही मिल सकती हैं। आयुर्वेद के अनुसार जिसका वात, पित्त व कफ संतुलित है, जठराग्नि भी संतुलित हो, शरीर को धारण करने वाली सात धातुएं-रस, रक्त, मांस, मेद, अस्थि, मज्ञा और वीर्य का अनुपात सम हो, दश इंद्रियां, मन और आत्मा और मल-मूत्र की प्रवृति ठीक हों, वह सेहतमंद व्यक्ति कहा जाता है। शरीर की सेहतमंदता मन और आत्मा से जुड़ी हुई है। इसलिए योगदर्शन में ऋषि पतंजलि ने योग के आठों अंगों में पहले पांच अंग (बाह्य अंग) शरीर, मन, प्राण की सेहतमंदता से जोड़ा हैं और तीन अंग (आंतरिक अंग) आत्मा की उन्नति और मोक्ष से ताल्लुक रखते हैं। योग में बताया गया है- षड्कर्म के लिए उत्साह और उल्लास जरूरी है। पूरे मनोवेग से शरीर, मन, प्राण और आत्मा को पवित्र और शक्तिशाली बनाने का संकल्प जरूरी है। षट्कर्म के अंतर्गत नेति-धौति से शरीर शुद्धि, आसन से शारीरिक व मानसिक रोग से छुटकारा और प्राणायाम से शरीर में हल्कापन और निरोगता, प्रत्याहार से मन की शुद्धि और स्थिरता, ध्यान से आत्मदर्शन और समाधि से दुख या आवागमन से मुक्ति। षट्कर्म का साधक व्यक्ति अपना तो कल्याण करता है ही, परिवार, समाज, दर्शन और विज्ञान की उन्नति होती है। योग-ध्यान के अभ्यास के जरिए कई प्रकार की ऊर्जाएं वातावरण से हासिल की जा सकती हैं। इसमें कुछ ऊर्जा शरीर में खर्च हो जाती है और कुछ ऊर्जा संग्रहित होती रहती हैं। हमारे शरीर में 12 अलग-अलग प्रकार के मुख्य मेरीडियन हैं जिसके द्वारा शरीर के अलग-अलग तरह के अवयवों तक ऊर्जा प्रवाहित होती है। जिस अवयव में ऊर्जा का प्रवाह उचित मात्रा में होता है, वह अवयव सेहतमंद रहता है औरं जिस अवयव में ऊर्जा का प्रवाह कम या अधिक होता है या अवरोध हो जाता है, उस अवयव में बीमारी पैदा हो जाती है। यह ऊर्जा का प्रवाह समुचित मात्रा में है या नहीं या अवरोध पूरी तरह से है इसे बायोफीड बेक ऊर्जा मापने वाले यंत्र द्वारा मापा जाता है। साथ ही ऊर्जा प्रवाह को इस यंत्र द्वारा संतुलित भी किया जा सकता है। ह

मारी जिंदगी का मकसद सबसे पहले खुदं को सेहतमंद रखते हुए दूसरों को भी सेहतमंद और सुखी रखने का होना चाहिए। यह तभी संभव है जब हमारा मन, चित्त, हृदय और आत्मा सभी पवित्र और संतुलित होंगे। हमारे अंदर मनस चेतना और आत्म चेतना दोनों पूरी तरह जाग्रत और शक्तिशाली होंगे। कहने का भाव यह है कि शरीर की सारी क्रियाएं और जीवन-व्यवहार पूरी तरह संतुलित होता है, वह व्यक्ति सेहतमंद है और जो सेहतमंद है वही सुखी है। त्याग की प्रबल और अहंकार विहीन भावना, ज्ञान की अहंकार रहित भावना और धन की अहंकार रहित भावना से यदि हमारा जीवन सिंचित है तो, हम मानव जीवन के परम लक्ष्य मोक्ष पाने के अधिकारी बन सकते हैं।

(लेखक चिंतक व पर्यावरण संरक्षक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

दिवस विशेष
श्वेता गोयल



# वैश्विक संकटों के दौर में जीवन का संबल है योग

आज की भागदौड़ भरी दुनिया में जब तनाव, अवसाद, चिंता और रोगों की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है, तब योग न केवल एक शारीरिक अभ्यास के रूप में बल्कि मानसिक और आत्मिक शांति का मार्ग बन चुका है। वर्ष 2025 में 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' की थीम के साथ जब 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है तो यह अवसर पूरी दुनिया को यह संदेश देता है कि योग स्वास्थ्य, संतुलन और आत्म-साक्षात्कार के लिए एक सार्वभौमिक समाधान है। योग अब केवल भारत की सांस्कृतिक धरोहर नहीं रहा बल्कि विश्व स्तर पर यह एक व्यापक स्वास्थ्य पद्धति के रूप में स्वीकार किया जा चुका है। विश्व के 170 से अधिक देशों में 21 जून को योग दिवस मनाना इस बात का स्पष्ट संकेत है कि योग ने जाति, धर्म, राष्ट्र की सीमाओं को लांघकर मानवता को एक सूत्र में बांधने का कार्य किया है। योग के नियमित अभ्यास से केवल शरीर ही नहीं बल्कि मन, बुद्धि और आत्मा भी संयमित होती है। शरीर को रोगमुक्त रखने, मानसिक विकारों को नियंत्रित करने और ऊर्जा के संतुलन को बनाए रखने के लिए योग जितना सरल है, उतना ही गहन भी। यह प्राचीन भारतीय ज्ञान प्रणाली आज के वैज्ञानिक युग में भी एक भरोसेमंद चिकित्सा विकल्प के रूप में प्रतिष्ठित हो चुकी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से जब 2014 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में योग दिवस के प्रस्ताव को केवल 90 दिनों में 177 देशों के समर्थन के साथ पारित किया गया था तो यह स्पष्ट था कि योग अब वैश्विक मानवता के स्वास्थ्य और कल्याण का पथ बन चुका है। योग अब एक वैश्विक आंदोलन का रूप ले चुका है, जिसका उद्देश्य है स्वास्थ्यपूर्ण जीवन, मानसिक संतुलन और आध्यात्मिक उन्नति। योगासनों और प्राणायाम की विधियां शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने की सबसे सहज और सुलभ प्रणाली हैं। प्राचीन ऋषियों द्वारा रचित यह प्रणाली केवल आसनों तक सीमित नहीं बल्कि जीवनशैली में संतुलन का विज्ञान है। आधुनिक विज्ञान भी अब इस बात को स्वीकार कर चुका है कि योग तनाव से राहत, रक्तचाप नियंत्रण, श्वसन क्रिया सुधार, इम्युनिटी बूस्ट और मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने में अत्यंत उपयोगी है। विभिन्न योगासन जैसे भुजंगासन, सर्वांगासन, ताड़ासन, हलासन, त्रिकोणासन, धनुरासन, मकरासन, मंडूकासन, पश्चिमोत्तानासन, पवनमुक्तासन, नौकासन, गोमुखासन, उष्ट्रासन, विश्रामासन इत्यादि न केवल शारीरिक बल प्रदान करते हैं बल्कि शरीर के अंगों को सुचारू रूप से कार्य करने में भी सहायता करते हैं। योग गुरुओं का भी यह मानना है कि योग केवल एक स्वास्थ्य पद्धति नहीं बल्कि जीवन जीने की कला है। यह शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करता है। योग हमें यह सिखाता है कि जीवन केवल भौतिक उपलब्धियों तक सीमित नहीं बल्कि आंतरिक सुख और मानसिक संतुलन ही असली सफलता है। आधुनिक चिकित्सा विज्ञान भी अब योग के प्रभावों को स्वीकार करता है। अमेरिका, यूरोप, जापान, ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में योग अब चिकित्सीय दृष्टिकोण से अपनाया जा रहा है। विशेष रूप से मानसिक रोग, अवसाद, उच्च रक्तचाप, अस्थमा, मोटापा, थकान, नींद की कमी, थायरॉयड, मधुमेह और यहां तक कि कैंसर तक के मामलों में योग को सहायक चिकित्सा के रूप में अपनाया जा रहा है। इतना ही नहीं, योग से न केवल रोगों की रोकथाम होती है बल्कि यह व्यक्ति को एक बेहतर मानव बनने की दिशा में भी अग्रसर करता है। योग से आत्म-अनुशासन, संयम, सहनशीलता और शांति का विकास होता है। जब व्यक्ति भीतर से शांत और संतुलित होता है, तभी वह समाज और विश्व में भी शांति और संतुलन ला सकता है। इसीलिए योग केवल एक व्यक्तिगत अभ्यास नहीं बल्कि सामाजिक और वैश्विक स्वास्थ्य की दिशा में एक क्रांतिकारी परिवर्तन है। हर व्यक्ति को न केवल अपने स्वास्थ्य के लिए बल्कि सम्पूर्ण मानवता की बेहतरी के लिए योग अपनाना चाहिए। आज जरूरत इस बात की है कि योग को महज योग दिवस तक सीमित न रखते हुए उसे अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की 11वीं वर्षगांठ एक बार फिर हमें यह याद दिलाती है कि शरीर और मन दोनों के स्वास्थ्य के लिए योग अनिवार्य है। योग को जीवनशैली में शामिल कर हम न केवल बीमारियों से दूर रह सकते हैं बल्कि अपने अंदर की ऊर्जा को भी पुनः जाग्रत कर सकते हैं। इसलिए, आइए, इस योग दिवस पर हम सब यह संकल्प लें कि न केवल स्वयं के बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में योग को शामिल कर हम एक स्वस्थ, समृद्ध और शांतिपूर्ण विश्व की ओर कदम बढ़ाएं।

(लेखिका शिक्षण क्षेत्र से जुड़ी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## जीवन का प्रथम अनुबंध किसको माना है?



संकलित
दर्शन

अनुबंध चतुष्टय में 'अधिकारी' को प्रथम अनुबंध स्वीकार किया गया है। मानव की आध्यात्मिक और लौकिक यात्रा के निर्विघ्न संचालन में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। लोक में इसके लिए योग्यता या पात्रता पद का प्रयोग होता है, जिसका तात्पर्य है, किसी कार्य के निष्पादनार्थ पात्रता प्राप्त करना। सामान्यतः प्रत्येक कार्य के लिए प्रत्येक व्यक्ति पात्र नहीं होता। इसलिए अनधिकारी व्यक्ति द्वारा किया गया कार्य सफल और लोकमंगलकारी हो, यह आवश्यक नहीं, परंतु अधिकारी (पात्र) व्यक्ति द्वारा किया गया प्रत्येक कार्य सफल भी होता है और लोकमंगलकारी भी। इसलिए अधिकारी आत्मिक और जागतिक कल्याण का मार्ग प्रशस्त करने वाला मानव जीवन का प्रथम अनुबंध है। इसीलिए इसे शास्त्रों में विशेष महत्व दिया गया है। वेदांत में अधिकारी को परिभाषित करते हुए कहा गया-जिसने विधिवत ज्ञान प्राप्त कर काम्य एवं निषिद्ध कर्मों का परित्याग कर दिया है। नित्य, नैमित्तिक और उपासनादि कर्म करने से जिसकी बुद्धि परिष्कृत और अंतःकरण निर्मल हो चुका है, ऐसा पापरहित व्यक्ति ही विशिष्ट ज्ञान का अधिकारी है। विश्वामित्र आदि ऋषियों ने अधिकारी समझकर ही राम को विविध आयुध प्रदान किए, जिससे उनका दुरुपयोग न हो सके। जैसे अधिकारी व्यक्ति का ज्ञान लोकमंगल के लिए होता है, उसी प्रकार अधिकारी को प्रदान की गईं शक्तियां समाज, देश और मानवता की रक्षा के लिए होती हैं। इतिहास साक्षी है कि जब भी अनधिकारी को शक्तियां प्रदान की गई हैं, उनका दुरुपयोग ही हुआ है।

## धन कमाने के साथ भक्ति भी करें



संकलित
प्रेरणा

एक दिन कबीरदास अपना काम कर रहे थे। काम करते समय वे भगवान का ध्यान भी कर लेते थे। पूरे दिन कबीरदास ऐसा ही करते थे। एक व्यक्ति उन्हें कई दिनों से देख रहा था। उसने कबीरदास से पूछा कि आप भक्त हैं, लेकिन आपको अलग से भक्ति करते हुए मैंने नहीं देखा। कबीर दास जी ने उस व्यक्ति की बात सुनी और कहा कि इस प्रश्न का उत्तर मैं दूंगा, लेकिन अभी तुम मेरे साथ चलो। हम थोड़ा घूम आते हैं। रास्ते में उन्हें एक महिला दिखाई दी। वह महिला पानी भरकर लौट रही थी। उसके सिर पर पानी से भरा मटका रखा था और वह अपनी मस्ती में गीत गाते हुए जा रही थी। उस महिला ने मटके को पकड़ा भी नहीं था। उसके सिर पर मटका स्थिर था और उसका पानी भी नहीं छलक रहा था। कबीर दास जी ने उस व्यक्ति से कहा कि ये महिला पानी लेकर जा रही है। सिर पर मटका रखा है, लेकिन उसने मटके पकड़ा भी नहीं है और गीत गाते हुए जा रही है। इसका ध्यान अपने मटके पर है, गाने पर भी है और रास्ते पर भी है। कबीर जी ने उस व्यक्ति को आगे समझाया कि इस महिला की तरह ही मैं भी काम करते-करते भगवान का ध्यान कर लेता हूं, भक्ति कर लेता हूं। दुनियादारी के काम करते हुए भी मेरा मन भगवान की भक्ति में ही लगा रहता है। मैं ये काम भी कर लेता हूं और भक्ति भी कर लेता हूं। ठीक इसी तरह जीवन में संतुलन बहुत जरूरी है। हमें धन भी कमाना चाहिए और भक्ति भी करते रहना चाहिए।

## योग दिवस



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व संध्या पर शुक्रवार को जम्मू में अमरनाथ यात्रा के लिए राम मंदिर आधार शिविर में साधुओं ने योग किया।

## आज की पाती

### मानव जीवन और विकास में पुस्तकों की भूमिका

ज्ञानार्जन या ज्ञानोपलब्धि के लिए स्वाध्याय और पुस्तकों का सम्बन्ध अन्न और जल तथा सुई और धागे की तरह एक-दूसरे का पोषक एवं पूरक है। स्वाध्याय के साथ पुस्तकों और पुस्तकालयों का महत्त्व और उनकी उपयोगिता पर भी चिंतन करना अपेक्षित है। देव-पूजन में जितना महत्त्व देवी-देवों का है, उतना ही महत्त्व देवालयों का है। यदि देव मंदिर अथवा देवालय नहीं होंगे तो देव-विग्रह की प्रतिष्ठा कहां होगी। हम सभी जानते हैं कि पुस्तक स्वयं में ज्ञान नहीं है। वह निर्जीव कागजों का एक संपुट है, परंतु ज्ञान का यह एक महत्त्वपूर्ण माध्यम है, जिसकी उपयोगिता सर्वमान्य है। पुस्तकें देखने में अजीब अथवा जड़ दिखाई देती हैं, लेकिन सच्चाई यह है कि उनमें लेखकों, रचयिताओं की आत्मा बसी रहती है। इसलिए भावात्मक दृष्टि से उस ज्ञान के साधन को ज्ञान मानकर प्रतिष्ठित किया गया है। *-विवेक कुमार शुक्ला, रायपुर*

## करंट अफेयर

### दक्षिण अफ्रीका में योग दिवस मनाया जाएगा


दक्षिण अफ्रीका में शनिवार को हजारों योग प्रेमी 'अंतरराष्ट्रीय योग दिवस' (आईडीवाई) के अवसर पर यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल 'क्रैडल ऑफ ह्यूमनकाइंड' में एकत्र होंगे। इस आयोजन में योग विशेषज्ञ भी भाग लेंगे। जोहानिसबर्ग में भारत के महावाणिज्य दूत महेश कुमार ने कहा, "यह स्थल सांस्कृतिक और मानव इतिहास की दृष्टि से अत्यंत मूल्यवान है। यहां योग दिवस मनाना प्राचीन भारतीय दर्शन और मानवता एवं प्रकृति के साथ सामंजस्य की भावना को दर्शाता है। कुमार ने पिछले वर्ष वांडरर्स स्टेडियम में योग दिवस का नेतृत्व किया था, जहां 8,000 से अधिक लोग शामिल हुए थे। उन्होंने कहा, " 'योग' संस्कृत शब्द 'युज' से निकला है, जिसका अर्थ है 'जोड़ना'। यह मन, शरीर और पर्यावरण के बीच संतुलन को दर्शाता है।" आईडीवाई के 11वें संस्करण से पहले, भारतीय उच्चायोग और इसके कर्मचारियों ने प्रिटोरिया, जोहानिसबर्ग और डरबन में कई स्थानों पर योग कार्यक्रम आयोजित किए हैं।



## ऑफ बीट

### घर अक्सर थर्मोस्टेट से अधिक गर्म लगते हैं

एक ही सड़क पर बने दो घर : एक 1950 के दशक में और दूसरा 1990 के दशक में बनाया गया था। वहां कोई पेड़ या अन्य छाया नहीं है। एयर कंडीशनिंग इकाइयां समान हैं, हाल ही में बदली गई हैं, और पूरी तरह से काम कर रही हैं। समान थर्मोस्टेट 82 डिग्री फ़ारेनहाइट (27.8 सेल्सियस) पर सेट होते हैं। जब बाहर का तापमान 110 एफ (43.3 सी) होता है, तो 1950 के दशक का घर हवा के समान तापमान के साथ भी अंदर संभवतः कम से कम 10 एफ (5.6 सी) गर्म महसूस होता है। क्यों? इसका उत्तर तेज गर्मी से संबंधित है। तेज़ गर्मी ही वह चीज़ है जो आपको ठंडी सर्दियों की रात में कैम्प फायर में गर्म रखती है। आग हवा को अधिक गरम नहीं करती; बल्कि, सूर्य की तरह, आग की अधिकांश गर्मी अदृश्य तरंगों के माध्यम से सीधे कैम्प फायर से आपके शरीर तक पहुंचती है। गर्म, धूप वाले दिन में, अच्छा इन्सुलेशन और डबल-फलक वाली खिड़कियां एयर कंडीशनिंग के लिए कम गर्मी का हस्तांतरण करती हैं, जिससे इमारत के अंदर का औसत तापमान हवा के तापमान के कुछ डिग्री के भीतर रहता है। गर्म सतहों के कारण छोटी इमारतें, जैसे कि मोबाइल घर, छोटे घर, शिपिंग कंटेनर और अपार्टमेंट में बदल गए गैरेज, अक्सर थर्मोस्टेट सेटिंग की परवाह किए बिना असहज महसूस करते हैं।




## ट्रेंड

### समृद्धि-यात्रा



जब सुरक्षा का बेहतर माहौल और अच्छा इंफ्रास्ट्रक्चर होता है, तब दुनिया की कोई ताकत आपकी समृद्धि के मार्ग को रोक नहीं सकती। आज प्रदेश के हर जनपद में 'समृद्धि-यात्रा' देखने को मिल रही है। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे उसका उदाहरण है।
-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

### जनसहभागिता



प्रधानमंत्री मोदी ने भारत के संस्कार, भारत की जीवनशैली, सांस्कृतिक धरोहर और आंतरिक चेतना को पूरे विश्व में प्रतिष्ठा दिलाई है। 21 जून को जब पूरा विश्व अंतराष्ट्रीय योग दिवस मनाएगा, तब हम दिल्लीवासी इस उत्सव को पूर्ण जनसहभागिता से भरपूर बनाएंगे।
-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली

### अंग्रेजी भाषा जरूरी



बीजेपी नहीं चाहती कि भारत का ग़रीब बच्चा अंग्रेज़ी सीखे - क्योंकि वो नहीं चाहते कि आप सवाल पूछें, आगे बढ़ें, बराबरी करें। आज अंग्रेज़ी भी मातृभाषा जितनी जरूरी है क्योंकि यही रोज़गार दिलाएगी।
-राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

### एक कॉमन भाषा हो



अगर देश को जोड़ना है। लोगों को एकजुट करना है, तो देश में एक कॉमन भाषा होनी चाहिए जिसे हर कोई समझ सके, उसमें वार्तालाप कर सके। इसमें कोई दो राय नहीं होनी चाहिए कि इस कसौटी पर सिर्फ एक ही भाषा फिट बैठती है और वो है- हिंदी।
-मुकेश खन्ना, अभिनेता

**अपने विचार**
हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

## स्वस्थ जीवन जीने के लिए योग और पर्यावरण दोनों आवश्यक



### जीवन में पर्यावरण व योग का महत्व

*मनुष्य जीवन बड़ा ही अनमोल है। अतः जितने दिन जीयें एक स्वस्थ शरीर के साथ जीयें और स्वस्थ शरीर के साथ जीवन जीने के लिए पर्यावरण और योग दोनों का ही हमारे जीवन में महत्वपूर्ण योगदान है। क्योकि पर्यावरण हमें जीने के लिए आवश्यक चीजें प्रदान करता है, जिस प्रकार हवा अर्थात आक्सीजन, पानी और भोजन वहीं पर योग से हमें शारीरिक स्वास्थ्य व मन को शांत रखने की ऊर्जा मिलती है। यौगिक सूक्ष्म क्रियाओं और स्वच्छ पर्यावरण का यदि मिलन हो जाए तो मनुष्य के अंदर किसी भी प्रकार का रोग व विकार नहीं रहता। पर्यावरण में ऐसी जड़ी-बुटियां हैं जिनके उपयोग से गंभीर से गंभीर रोगों का ईलाज किया सकता है जैसे गिलोय, नीम, ब्रह्मी, शंखपुष्पी, सहजन आदि का रोगानुसार उपयोग व नियमित रुप से प्राणायाम, ध्यान, सूत्रनेति क्रिया, योगासन जैसे मंडूकासन, नौकासन, उत्तानपादासन, वज्रासन, मर्कटासन आदि के द्वारा रोगों को दूर करके एक स्वस्थ जीवन जी सकते हैं।*

### अर्थ को कैसे स्वच्छ रखें



पर्यावरण का मतलब है हमारे आस-पास की प्राकृतिक वस्तुएं जैसे हवा, पानी, भूमि, पेड़-पौधे आदि। पर्यावरण को बचाने से हम न केवल अपने स्वास्थ्य और कल्याण में सुधार कर सकते हैं, बल्कि एक स्वस्थ और सुंदर ग्रह बनाने में भी मदद कर सकते हैं। अतः इसके लिए ज्यादा से ज्यादा पेड़ पौधे लगाकर उनका पोषण करें, नदियों के जल को स्वच्छ रखें आदि। पर्यावरण को संरक्षित करना हमारी जिम्मेदारी है। हमें प्रदूषण को कम करने, वनों की कटाई को रोकने, और वन्यजीवों की रक्षा करने जैसे उपाय करने चाहिए।

### योग का अर्थ व महत्व



योग हमारी प्राचीन भारतीय विद्या है। योग का अर्थ है जुड़ना ध्यान के माध्यम से आत्मा का परमात्मा से मिलन। योग हमें शारीरिक स्वास्थ्य, श्वास नियंत्रण, ध्यान और नैतिक सिद्धांतों से जोड़ता है। यह मन, शरीर और आत्मा को एक साथ लाने का एक तरीका है। योग हमारे शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है।

### घुटने का दर्द



जैसे यदि किसी के घुटनें में दर्द है जो आजकल आम समस्या होती जा रही है तो आक नामक पौधे के पत्तों पर सरसों का तेल लगाकर गर्म करके बांधे और नियमित प्राणायाम व ठंडे पानी या बर्फ से सिकाई करे तो लाभ होगा।

### शरीर में एसिड का बनना



शरीर में एसिड ज्यादा बनता है तो अपनी रसोई में जाईए और जीरा के दस बारह दाने निकालिए और मूंह में रखकर चूसते व चबाते रहिये खाली पेट लाभ होगा। योग में बाह्य कुंभक व नियमित धीरे धीरे कपालभाति करें।

### श्वास-दमा की दिक्कत



श्वास-दमा के रोगी खुली स्वच्छ हवा में लंबे-लंबे गहरे श्वास लें और तुलसी, अदरक, मुलेठी जैसी जड़ी बुटियों का सेवन करें। इससे श्वास और दमा संबंधी बीमारियों में विशेष लाभ मिलता है। और जल्दी ही आराम आ जाता है।

### सिरदर्द से परेशानी



सिरदर्द से परेशान ब्राह्मी व शंखपुष्पी का सेवन करें और नियमित नाड़ीशोधन प्राणायाम करें। इससे विशेष लाभ मिलता है। इस पृथ्वी पर विटामिन का सबसे बड़ा स्रोत मोरिंगा है जिसे आप सजन से जानते हैं। उसके पत्तों का सेवन करें और नियमित नाड़ीशोधन प्राणायाम, कपालभाति व योगासन करें।

*-डॉ. शम्भू योगी (ध्यान गुरु), योग एवं प्राकृतिक चिकित्सक*

## तनाव कम करें यिन योग

**ताओवाद में निहित योग का एक आधुनिक रूप, यिन योग शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक कल्याण पर इसके प्रभावों के कारण लोकप्रियता में बढ़ रहा है।**



**यिन योग के सिद्धांत :**
**अपने किनारों को खेलें:** विभिन्न संवेदनाओं को समझने और अभ्यास को नेविगेट करने की इस जागरूकता को यिन योग में किनारों को खेलना कहा जाता है।
**स्थिर हो जाए:** शारीरिक स्थिरता से सांस नरम और सहज हो जाती है, जो मन को स्थिर करने के लिए आवश्यक है।
**यिन योग के लाभ :** **लचीलापन बढ़ाता** : मन-शरीर के बीच संबंध को बढ़ाता है: यिन योग एक ध्यानात्मक अभ्यास है जो आपको शारीरिक और मानसिक दोनों तरह के लाभ प्राप्त करने का समय देता है। जब आप किसी मुद्रा में स्थिर रहते हैं, तो आप शरीर में होने वाली विभिन्न संवेदनाओं और इन संवेदनाओं के प्रति अपने मन की प्रतिक्रिया के बारे में जागरूक हो सकते हैं।
**माइंडफुलनेस को मजबूत करता:** यिन योग आपका ध्यान वर्तमान पर लाकर जागरूकता को बेहतर बनाने में मदद कर सकता है।
**मुक्त ची प्रवाह बनाता** : यिन वह महत्वपूर्ण जीवन शक्ति ऊर्जा है जो हमारे अस्तित्व को सभी स्तरों पर बनाती है, बनाए रखती है और पोषण देती है - भौतिक, सूक्ष्म और कारण। यिन योग आसन मेरिडियन लाइनों को खोलते हैं, वे चैनल जिनके माध्यम से ची बहती है। स्थिर ची विभिन्न बीमारियों, जैसे कि पुराने दर्द, सूजन और ऑटोइम्यून बीमारियों का कारण बनती है।

## योग दिवस पर लें ये 25 संकल्प

1. योग को जीवन शैली में शामिल करेंगे।
2. रोजाना कम से कम 20 मिनट योग करेंगे।
3. अपने परिवार को भी योग के साथ जोड़ेंगे।
4. तनाव को दवा से नहीं, योग से दूर करेंगे।
5. योगासन जैसे ताड़ासन, वज्रासन, त्रिकोणासन, भस्त्रिका प्राणायाम, हलासन, अनुलोम-विलोम और कपाल भांति को जीवनशैनी में शामिल करुंगा।
6. स्क्रीन यानी मोबाइल, टीवी या कंप्यूटर से कुछ समय के लिए दूरी बनाएंगे।
7. धूम्रपान और नशे से दूर रहेंगे।
8. स्वच्छ जीवनशैली अपनाएंगे।
9. फास्टफूड और पैक्डफूड से पूर्ण रूप से दूर रहेंगे।
10. योग के प्रति जागरुकता को भी अपने स्तर पर फैलाएं।
11. वजन नहीं बढ़ने देंगे।
12. पॉजिटिव लोगों के साथ रहेंगे।
13. उचित दिनचर्या अपनाएं। बेहतर नींद लें।
14. समय से सोएंगे और सुबह सूर्य निकलने से पहले उठेंगे।
15. खाने की सही दिनचर्या बनाएंगे।
16. तेज मसालेदार और तले-भुने से दूर रहेंगे।
17. मांसाहार से दूरी बनाएंगे।
18. रोजाना अभ्यास करेंगे।
19. अपनी दिनचर्या में पैदल चलना शामिल करें।
20. साइकिल चलाना शुरू करें।
21. तैरना या नृत्य जैसी गतिविधियां शामिल करें।
22. मित्र या परिवार के सदस्य के साथ टहलें।
23. व्यायाम के लिए समय निर्धारित करें।
24. क्रॉस-ट्रेनिंग करें, बोरियत से बचेंगे।
25. अपने शरीर की सुनें।

# सदियों से मन को शांत करने और स्वस्थ जीवन देने में कारगर

***11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर 191 देशों में साधक धरती से आसमान तक जमाएंगे आसन, दुनिया को देंगे एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य का संदेश***

# ध्यान तनाव दूर कर सुधारता है तन और मन की सेहत



योगाचार्य
योगी आनंद

***'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य, यह वर्ष 2025 के अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम केवल एक नारा नहीं, अपितु एक सार्वभौमिक सत्य का आह्वान है। आज जब मानवता तकनीकी प्रगति के शिखर पर है, वहीं दूसरी ओर पर्यावरणीय प्रदूषण और मानसिक असंतुलन की खाई और गहरी होती जा रही है। इस लेख में हम विशेष रूप से इस पर विचार करेंगे कि प्रदूषण किस प्रकार हमारे मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर रहा है और किस प्रकार योग व ध्यान के माध्यम से हम आंतरिक शांति की पुनः स्थापना कर सकते हैं।***

### सात ऊर्जा केंद्र

सात ऊर्जा केंद्रों पर निर्देशित ध्यान, जिसे चक्र ध्यान भी कहा जाता है, शरीर के सात ऊर्जा केंद्रों (चक्रों) पर ध्यान केंद्रित करने का एक अभ्यास है। यह अभ्यास शारीरिक, भावनात्मक और आध्यात्मिक कल्याण को बेहतर बनाने में मदद करता है। चक्र ध्यान में, प्रत्येक चक्र पर अलग-अलग ध्यान केंद्रित किया जाता है, जो शरीर में विशिष्ट स्थानों पर स्थित होते हैं और माना जाता है कि वे जीवन शक्ति या प्राण के प्रवाह को प्रभावित करते हैं। इन चक्रों को संतुलित करने से, व्यक्ति अपने शारीरिक, भावनात्मक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य में सुधार कर सकता है।

### समय निर्धारण


5-10 मिनट की छोटी सत्र से शुरू करें, और धीरे-धीरे सत्र की अवधि को 20-30 मिनट या आरामदायक अवधि लगने तक बढ़ाएं। महत्व समय की अवधि से ज़्यादा, नियमितता में है; अपने समय सारणी के अनुसार और नियमित अभ्यास के लिए एक समय-मान ढूंढना जरूरी है। कुछ लोग छोटे और अक्सर सत्र से फायदा उठाते हैं, जबकि दूसरे लंबे और कम बार के सत्र को पसंद करते हैं। खुद के लिए सबसे अच्छा क्या काम करता है, वो ढूंढने के लिए प्रयोग करें और धीरे-धीरे इस पर निरंतर अभ्यास करें।

### आसन या स्थितियां

पारंपरिक ध्यान आसन जैसे घुटनो पर बैठना, या कुर्सी पर बैठना होते हैं, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण है कि आपके लिए एक आरामदायक स्थिति ढूंढना। स्थिति को एक सतर्क लेकिन आरामदायक अवस्था का समर्थन करना चाहिए, सीधी रीढ़ के साथ जिससे सांस लेने में मदद मिले। आप बैठकर, खड़े होकर, या लेटकर ध्यान कर सकते हैं वह स्थिति चुनें जो आपको आपके अभ्यास की अवधि के लिए सतर्क और आरामदायक रहने दे।

### ध्यान करने के नियम

1. **एक शांत जगह चुनें** : ध्यान लगाने के लिए किसी शांत जगह का चयन करें।
2. **आरामदायक स्थिति में बैठें:** आप कुर्सी पर या फर्श पर पद्मासन या सुखासन में बैठ सकते हैं।
3. **अपनी आंखें बंद करें:** अपनी सांस पर ध्यान केंद्रित करें।
4. **सांस लेने और छोड़ने पर ध्यान दें:** अपनी सांस को नियंत्रित करने की कोशिश न करें, बस इसे स्वाभाविक रूप से आने और जाने दें।
5. **अपने विचारों को आने-जाने दें:** यदि आपके मन में कोई विचार आता है, तो उसे बिना निर्णय के आने-जाने दें, और अपना ध्यान वापस अपनी सांस पर लाएं।
6. **नियमित रूप से अभ्यास करें:** सर्वोत्तम परिणामों के लिए, हर दिन कुछ मिनटों के लिए ध्यान का अभ्यास करें।
7. **धैर्य रखें:** ध्यान एक कौशल है जिसे विकसित करने में समय लगता है, इसलिए धैर्य रखें और अभ्यास करते रहें।



### ध्यान के लाभ

तनाव कम करता है, तनाव हार्मोन कोर्टिसोल के स्तर को कम करने में मदद करता है।
- चिंता कम करता है।
- नींद में सुधार करता है।
- ध्यान एकाग्रता और स्मृति में सुधार करने में मदद करता है।
- रक्तचाप कम करता है।
- दर्द से राहत दिलाता है।
- इम्युनिटी बढ़ाता है।
- सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करता है।

नियमित ध्यान आत्म-जागरूकता बढ़ाकर और सकारात्मक दृष्टिकोण को बढ़ावा देकर भावनात्मक स्वास्थ्य में सुधार कर सकता है। यह नकारात्मक भावनाओं को बेहतर ढंग से संभालने में सहायता करता है और भावनात्मक स्थिरता को बढ़ावा देता है।

### ध्यान के प्रमुख प्रकार

#### आनापानसति ध्यान



आनापानसति ध्यान आपको अपनी श्वास की प्राकृतिक लय पर ध्यान केंद्रित करने के लिए निर्देशित करता हैं। श्वास शरीर में प्रवेश करती है और बाहर निकलती है। आप आराम से बैठ सकते हैं और नाक से सांस की अनुभूति या शरीर में प्रवेश करने और बाहर निकलने वाली हवा की अनुभूति के प्रति उनकी जागरूकता को धीरे-धीरे निर्देशित कर सकते हैं।

#### ॐ ध्यान

ॐ जप ध्यान में परम्परागत ‘ॐ’ को बार-बार बोलकर मन को एकत्रित किया जाता है, जिसमें इसकी गूंज और वाइब्रेशन पर ध्यान केंद्रित होता है। यह अभ्यास विश्राम प्रदान करने, ध्यान को बढ़ाने, और आत्मा और ब्रह्मांड के साथ जुड़ाव का अनुभव कराने का उद्देश्य रखता है।

#### चक्र ध्यान

चक्र ध्यान प्राचीन भारतीय परंपराओं में निहित एक समग्र अभ्यास है। यह शारीरिक, भावनात्मक और आध्यात्मिक कल्याण को बढ़ावा देने के लिए शरीर के ऊर्जा केंद्रों, या चक्रों को संतुलित करने और संरेखित करने पर केंद्रित है। अभ्यासकर्ता आम तौर पर सात चक्रों में से प्रत्येक की कल्पना करते हैं, रीढ़ की हड्डी के आधार पर जड़ से लेकर सिर के शीर्ष पर मुकुट तक, कताई ऊर्जा पहियों के रूप में। केंद्रित ध्यान, श्वास कार्य और विशिष्ट पुष्टि के माध्यम से, चक्र ध्यान का उद्देश्य शारीरिक और आध्यात्मिक रुकावटों को दूर करना और जीवन के विभिन्न पहलुओं में संतुलन और सद्भाव को बढ़ावा देते हुए महत्वपूर्ण जीवन शक्ति ऊर्जा के मुक्त प्रवाह को बढ़ावा देना है।

#### विपश्यना ध्यान

विपश्यना ध्यान एक प्राचीन बौद्ध प्रथा है जो गहन आत्म-अन्वेषण और अंतर्दृष्टि पर जोर देती है। इसमें मन और शरीर को गैर-निर्णयात्मक जागरूकता के साथ देखना, संवेदनाओं, विचारों और भावनाओं को समता भाव से देखना शामिल है। ध्यान अभ्यासियों का उद्देश्य गहन सजगता ज्ञान प्राप्त करना, खुद को पीड़ा से मुक्त करना और मानसिक स्पष्टता प्राप्त करना है।

# एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य

## प्रदूषण से क्षीण होती जा रही मानसिक शांति का ध्यान और योग से समाधान

***ध्यान एक प्राचीन अभ्यास है जो शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य में सुधार करने में मदद करता है। ध्यान का उपयोग सदियों से मन को शांत करने, तनाव कम करने और संपूर्ण स्वास्थ्य में सुधार के लिए किया जाता रहा है।***

### प्रदूषण और मानसिक अशांति का संबंध

जब हम प्रदूषण शब्द सुनते हैं, तो प्रायः हमारी कल्पना में धूल, धुआं, कचरा, रासायनिक अपशिष्ट आदि आते हैं। परंतु प्रदूषण केवल भौतिक वातावरण को ही नहीं, अपितु हमारे मनोविज्ञान और चेतना को भी गहराई से प्रभावित करता है।

1. **वायु प्रदूषण** : निरंतर जहरीली हवा में साँस लेना न केवल फेफड़ों को प्रभावित करता है, बल्कि मस्तिष्क की कोशिकाओं पर भी दुष्प्रभाव डालता है। अनुसंधानों से सिद्ध हुआ है कि उच्च वायु प्रदूषण वाले क्षेत्रों में तनाव, अवसाद और चिंता की दर अधिक पाई जाती है।
2. **ध्वनि प्रदूषण** : तेज हॉर्न, मशीनों की आवाजें और शोर-शराबा मानसिक थकावट को जन्म देते हैं। यह नींद में व्यवधान, एकाग्रता में कमी और मूड स्विंग्स का कारण बन सकता है।
3. **सूचना प्रदूषण** : आज डिजिटल युग में हर क्षण अनगिनत सूचनाओं से मस्तिष्क भर जाता है। यह भी एक प्रकार का मानसिक प्रदूषण है जो व्यक्ति को अशांत, विचलित और चिंतातुर बना देता है।

**इन सभी प्रदूषणों का सीधा प्रभाव हमारे मन और चित्त पर पड़ता है। शुद्ध वायु और शांत वातावरण की अनुपस्थिति में ध्यान, चिंतन, और संतुलित जीवनकठिन हो जाता है।**

## योग और ध्यान : समाधान की दिशा में सनातन उपाय

**योग कोई नया आविष्कार नहीं, बल्कि भारत की प्राचीन ऋषि परंपरा की अमूल्य देन है। यह केवल शरीर को स्वस्थ रखने की विधि नहीं, बल्कि मन, आत्मा और पर्यावरण के बीच समन्वय की साधना है।**

**1. प्राणायाम और श्वास साधना :** वायु प्रदूषण से जब श्वसन प्रभावित होता है, तब नाड़ी शुद्धि प्राणायाम, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी जैसे प्राणायाम विधियाँ फेफड़ों को शुद्ध करती हैं और मस्तिष्क को ऑक्सीजन युक्त करती हैं, जिससे तनाव में कमी आती है।

**2. ध्यान :** ध्यान एक ऐसी क्रिया है, जहाँ व्यक्ति बाहरी अराजकता से भीतर की मौनता की ओर यात्रा करता है। नियमित ध्यान से तनाव हार्मोन (कॉर्टिसोल) में कमी आती है और डोपामिन, सेरोटोनिन जैसे सुखद हार्मोन का स्राव बढ़ता है। यह भीतर की शांति को पुनः जागृत करता है।

**3. योगिक जीवन शैली :** योग के अनुसार सात्विक आहार, नियमित दिनचर्या, संयम और सदाचार जीवन में मानसिक संतुलन को बनाए रखते हैं। यह न केवल व्यक्ति को शांत करता है, बल्कि उसे प्रकृति के साथ एकात्म अनुभव कराता है।



### योग में निहित है एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य का भावार्थ

जब तक मानव और प्रकृति के बीच सामंजस्य नहीं होगा, तब तक स्वास्थ्य केवल व्यक्तिगत विषय नहीं रहेगा। आज की मानसिक बीमारियाँ, अवसाद, अकेलापन, ये सभी प्रकृति से दूर होते समाज की पीड़ा है। ध्यान और योग द्वारा जब व्यक्ति स्वयं से जुड़ता है, तो वह पृथ्वी से भी जुड़ता है। यही "एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य" का सार है।

### निष्कर्ष

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की यह थीम हमें आह्वान करती है कि यदि हमें मानवता और पृथ्वी दोनों को बचाना है, तो हमें अपने मन को शुद्ध करना होगा, अपने जीवन को संतुलित करना होगा। और इसका सबसे सहज और सनातन उपाय है योग और ध्यान।

# जीवन शैली संबंधी बीमारियों को दूर भगाता है योग





**डॉ. मोनिका हीरा**
*प्राकृतिक चिकित्सक, योग और आहार विशेषज्ञ*

दैनिक जीवन में काम की व्यस्तता, तनाव, असंतुलित आहार आदि के कारण मन और शरीर दोनों स्थिरता नहीं रहती जिसके कारण वर्ष जीवन शैली संबंधी बीमारियां बढ़ती जा रही है। अक्सर जीवन शैली संबंधी बीमारियों से ग्रस्त होने पर भी हम आप अपनी सेहत का ध्यान देना बंद कर देते हैं लेकिन इसके विपरीत जरूरत है अपनी सेहत का ख्याल बहुत अच्छे से रखने की। इसकी पूर्ति का मात्र एक संपूर्ण तरीका है योग।

**जीवन शैली संबंधी बीमारियों में उच्च रक्तचाप, मधुमेह, मोटापा, हृदय संबंधी रोग, डिप्रेशन शामिल**

**धरती स्वस्थ होगी तो व्यक्ति भी स्वस्थ रहेगा :** मन और शरीर दोनों को स्थिर रखने के लिए हर साल 21 जून को विश्व भर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष 21 जून को 11 अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने जा रहे हैं। हर साल योग दिवस पर एक खास थीम के साथ मनाया जाता है इस साल की थीम है "एक पृथ्वी और एक स्वास्थ्य के लिए योग"। इस थीम का अर्थ है कि हम सब की सेहत इस धरती के स्वास्थ्य से जुड़ी है जब धरती स्वस्थ होगी तो व्यक्ति भी स्वस्थ रहेगा।

### योग से नियंत्रण संभव

योग में विभिन्न आसन, प्राणायाम,मुद्रा, षट्कर्म आदि के द्वारा इन बीमारियों को नियंत्रण में लाया लाना संभव हो पाया है। मधुमेह जोकि एक मेटाबॉलिक डिसऑर्डर है इसमें रक्त में शर्करा की मात्रा बढ़ जाती है। इसे नियंत्रित करने के लिए मुख्य आसान मंडूकासन, पश्चिमोत्तानासन, अर्धमत्स्येंद्रासान, गोमुखासन आदि है।

### हृदय संबंधी रोग

- हृदय संबंधी रोग, व्यक्ति के हृदय व रुधिर वाहिनियों प्रभावित होते हैं। ऐसी स्थिति उत्पन्न होने पर व्यक्ति को शवासन, बालासान, मकरासान, अर्धमत्स्येंद्रासन, अर्धचक्रासन आदि करे परंतु उसे प्रथम प्राण मुद्रा व अपान मुद्रा करना अत्यधिक लाभप्रद है।
- मोटापा आज के समय में अत्यधिक गंभीर परेशानी बन चुका है। हर व्यक्ति जो मोटापे से ग्रस्त है मोटापा कम करने के लिए कई तरह के सप्लीमेंट केमिकल आदि का प्रयोग कर रहा है।

### मोटापा कम करने के लिए करें ये आसन



जिसके कारण मोटापा तो कम नहीं होता लेकिन कई तरह की गंभीर बीमारियों का सामना करना पड़ता है। इसके लिए सूर्य नमस्कार, भुजंगासन, वज्रासन मकर आसन आदि करना आवश्यक है साथ ही प्रतिदिन कपालभाति , भास्त्रिका प्राणायाम, भ्रामरी प्राणायाम आदि करना चाहिए । मुद्रा में वरुण मुद्रा व अपान मुद्रा लाभप्रद है। आज की स्थिति में जिस प्रकार जीवन शैली संबंधी रोग बढ़ते जा रहे हैं, वहां यह भी देखा जा रहा है कि लोग आज भी विभिन्न केमिकल व दवाइयां के द्वारा इन बीमारियों को ठीक करने की कोशिश करते हैं लेकिन उन्हें असफल ही प्राप्त होती है।



## खबर संक्षेप

### डॉलर के मुकाबले रुपया 14 पैसे बढ़कर 86.59 पर बंद

मुंबई। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और डॉलर के कमजोर होने से शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 14 पैसे बढ़कर 86.59 (अस्थायी) पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि घरेलू शेयर बाजारों में मजबूत प्रदर्शन और एफआईआई लिवाली ने स्थानीय मुद्रा को और समर्थन दिया।

### आने वाले कल के इंजीनियरों को दे रहे नया आयाम : गलगोटिया

नोएडा। गलगोटिया युनिवर्सिटी और टाटा टेक्नोलॉजीज़ ने प्रोडक्ट डेवलपमेन्ट लर्निंग सेंटर के लॉन्च की घोषणा की है। उद्योग एवं अकादमिक जगत के बीच यह साझेदारी इंजीनियरिंग प्रोफेशनल्स को भविष्य के लिए तैयार करने की दिशा में उल्लेखनीय उपलब्धि है। सेंटर का उद्घाटन श्री पवन भागेरिया, ग्लोबल प्रेज़ीडेन्ट-एचआर, आईटी एण्ड एजुकेशन, टाटा टेक्नोलॉजीज़ तथा डॉ ध्रुव गलगोटिया, सीईओ, गलगोटिया युनिवर्सिटी द्वारा किया गया। यह आधुनिक लर्निंग सेंटर मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रोनिक इंजीनियरिंग के छात्रों को एमसीएडी/पीएलएम, इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) टेक्नोलॉजी एवं अन्य उभरते क्षेत्रों में व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान करेगा।

## घरेलू शेयर बाजारों में पिछले तीन दिनों से गिरावट जारी थी

# शेयर बाजार में गिरावट थमी, सेंसेक्स 1,046 अंक उछला, निफ्टी फिर 25,000 के पार

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में पिछले तीन दिनों से जारी गिरावट पर शुक्रवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स में 1,046 अंकों का उछाल आया। वहीं एनएसई निफ्टी फिर से 25,000 के पार पहुंच गया। वैश्विक बाजारों में कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के बीच वित्तीय, दूरसंचार और प्रौद्योगिकी शेयरों में खरीदारी के चलते शुक्रवार को बाजार में तेजी आई।

**निफ्टी फिर से 25,000 के पार पहुंच गया**

निवेशकों ने एक दिन में 4.8 लाख करोड़ रुपए कमाए। कारोबारियों ने कहा कि पश्चिम एशिया में तनाव कम होने के बीच विदेश से बड़े पैमाने पर सकारात्मक रुझान और विदेशी पूंजी की लिवाली से घरेलू शेयर बाजारों को समर्थन मिला।

### भारी तेजी से निवेशक मालामाल, एक दिन में 4.8 कमाए

#### बीएसई सूचकांक 1046 अंक उछला

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,046.30 अंक उछलकर 82,408.17 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 1,132.62 अंक बढ़कर 82,494.49 पर पहुंच गया था। निफ्टी 319.15 अंक चढ़कर 25,112.40 पर बंद हुआ।

#### बीएसई के 2463 शेयरो में रही तेजी

बीएसई पर 2,463 शेयरों में तेजी रही, जबकि 1,484 शेयरों में गिरावट आई और 147 शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ। इस सप्ताह सेंसेक्स में 1,289.57 अंक यानी 1.58 प्रतिशत की तेजी आई और निफ्टी 393.8 अंक यानी 0.59 प्रतिशत चढ़ा।



#### बाजार में तनाव कम होने से हुआ सुधार

जियोजित इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''ईरान के साथ अमेरिका की बातचीत होने की उम्मीद के कारण पश्चिम एशिया में तनाव कम होने और तत्काल सैन्य कार्रवाई का जोखिम कम होने से शेयर बाजार में तेजी आई। इस घटनाक्रम के कारण कच्चे तेल की कीमतों में सुधार हुआ, जिससे घरेलू बाजारों को लाभ मिला और विदेशी निवेशकों की धारण मजबूत हुई।''

#### बाजार के धारणा में आया सुधार

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा, ''ईरान-इजराइल संघर्ष में नरमी आने के संकेत मिलने वाली खबरों के बाद बाजार की धारणा में सुधार हुआ। अमेरिका ने किसी कार्रवाई में देरी का संकेत दिया, जिससे कच्चे तेल की कीमतें घटीं। इसके अलावा, एफआईआई की लगातार खरीदारी ने बाजार और समर्थन दिया।''



### चांदी 2000 रुपये फिसली और सोना 600 रुपये टूटा

नई दिल्ली। कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्टों की बिकवाली से शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 600 रुपये टूटकर 99,960 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। पिछले बाजार सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,00,560 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। वहीं 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 550 रुपये टूटकर 99,250 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर रहा। बृहस्पतिवार को सोने की कीमत 99,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। शुक्रवार को चांदी की कीमत भी 2,000 रुपये लुढ़क कर 1,05,200 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रही। बृहस्पतिवार को यह 1,07,200 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। मेहता इक्विटीज के उपाध्यक्ष (जिंस) राहुल कलंत्री ने कहा, ''चांदी हाल के उच्च स्तर से फिसलकर एक सप्ताह के निम्न स्तर के करीब पहुंच गई है और तीन सप्ताह में पहली बार साप्ताहिक गिरावट की ओर बढ़ रही है। सप्ताह की शुरुआत में तेज उछाल के बाद यह 35.70 डॉलर प्रति औंस से नीचे आ गई।''

### न्यूरोग्रिट गोल्ड ने खोला पार्किंसंस बीमारी के उपचार का द्वार

हरिद्वार। पतंजलि के वैज्ञानिकों द्वारा सी एलीगेंस पर किए गए नवीन शोध ने यह पुष्टि की है कि आयुर्वेदिक औषधि न्यूरोग्रिट गोल्ड कैप्सूल न केवल पार्किंसंस बीमारी के कारण हुए स्मृति लोप को सुधारने में मदद करती है, अपितु यह जीवों की आयु को बढ़ाने में भी सहायक है, वहीं इनकी लम्बाई और प्रजनन क्षमता पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं डालती है। यह अनुकरणीय शोध अंतरराष्ट्रीय विले प्रकाशन के रिसर्च जर्नल सीएनएस न्यूरोसाइंस एंड थैरेप्यूटिक्स में प्रकाशित हुआ है।


**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से व० मण्डल बिजली इंजीनियर/टी. आर.एस, इलेक्ट्रिक लोको शेड, खानआलमपुरा यार्ड, सहारनपुर निम्नलिखित कार्य के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in पर रजिस्टर्ड/पंजीकृत निविदाकर्ताओं से निविदाएँ आमंत्रित की जाती है।

| खुली निविदा संख्या | ई.एल.एस.–एस.आर.ई.–25–26–टी–04 |
|---|---|
| कार्य का विवरण | भारत में किसी भी स्थान से किसी भी स्थान तक रेलवे सामग्री का परिवहन, जीएसटी और अन्य सभी शुल्कों सहित। |
| समापन/खोलने की तिथि | 16.07.2025 |
| लगभग लागत | रु 61,60,450/– |
| अर्नेस्ट मनी | रु 1,23,200/– |
| समापन अवधि | दो वर्ष |
| वैधता अवधि | 60 दिन |
| निविदा फॉर्म की लागत | आई० आर० ई० पी० एस० से डाउनलोड हेतु निःशुल्क तथा रुपये 5000/– Sr.DEE/TRS/SRE ऑफिस से हार्ड कॉपी के लिए। |

1. वर्क्स निविदाएं की ई–टेंडरिंग में भाग लेने के निविदाकारों के पास क्लास–III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र होना चाहिए। 2. निविदाकर्ता को सभी पात्रता संबंधित दस्तावेजों की स्कैन प्रतियों को अपलोड करना आवश्यक है। 3. सभी कर वर्तमान नियम के अनुसार लागू होंगे। 4. विवरण के लिए, कृपया आईआरईपीएस वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लॉग इन करें।
संख्याः ई.एल.एस.–एस.आर.ई.–25–26–टी–04 दिनांक 19.06.2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1846/25



**ऊर्जा दक्षता ब्यूरो**
(विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक सांविधिक निकाय)
चौथा तल, सेवा भवन, आर. के. पुरम, नई दिल्ली- 110066
वेबसाइटः www.beeindia.gov.in दूरभाषः 011-26766700
LiFE Lifestyle For Environment

**ऊर्जा प्रबंधकों और ऊर्जा संपरीक्षकों के लिए 25वीं राष्ट्रीय प्रमाणन परीक्षा**

ऊर्जा दक्षता ब्यूरो द्वारा 27 और 28 सितंबर, 2025 (शनिवार और रविवार) को ऊर्जा प्रबंधकों और संपरीक्षकों के लिए 25वीं राष्ट्रीय प्रमाणन परीक्षा आयोजित की जाएगी। इच्छुक उम्मीदवार परीक्षा के लिए www.nceexam.in वेबसाइट पर पंजीकरण कर सकते हैं।

''प्रॉस्पेक्टस'' वेबसाइट पर "डाउनलोड" टैब पर उपलब्ध है। उक्त वेबसाइट का लिंक www.beeindia.gov.in पर भी उपलब्ध है।

ऑनलाइन पंजीकरण प्रारंभः 27 जून 2025, सुबह 11:00 बजे
ऑनलाइन पंजीकरण की समाप्तिः 28 जुलाई 2025 को 11:00 बजे

CBC-34106/12/0009/2526 सचिव


### रेंटिलियम भारत के रेंटल प्रॉपर्टी परिवेश को बना रहा है डिजिटल

नई दिल्ली। भारत में किराये की प्रॉपर्टी संभालना काफी मुश्किल भरा काम रहा है। स्प्रेडशीट्स, मेंटेनेन्स कॉल्स और किराएदारों का रिकॉर्ड रखना अपने आप में मुश्किल काम होता है। रेंटल सेक्टर के बहुत अधिक विशाल होने के बावजूद प्रॉपर्टी मैनेजरों द्वारा डिजिटल तरीकों को अपनाना अब तक काफी सीमित रहा है। लेकिन सॉफ्टवेयर प्लेटफॉर्म्स की नई लहर इसमें बदलाव ला सकती है। ऐसा ही एक प्लेटफॉर्म है सास बेस्ड रेंटल मैनेजमेन्ट सिस्टम रेंटिलियम, जो लीज़ जनरेशन से लेकर फाइनैंशियल रिकॉर्ड्स तक पूरी प्रक्रिया को आसान बना देता है। पारंपरिक तरीकों से लेकर पुराने सिस्टम तक, रेंटिलियम प्रॉपर्टी के मालिकों, किराएदारों और प्रॉपर्टी मैनेजरों को डिजिटल इंटरफेस के ज़रिए एक मंच पर लाता है। यह किराया वसूलने की प्रक्रिया को केंद्रीकृत करता है, लीजिंग प्रक्रिया को स्वचालित बनाकर तथा मेंटेनेन्स अनुरोध की रियल-टाईम ट्रैकिंग में मदद कर प्रॉपर्टी मालिकों के लिए स्मार्ट **ERP** का संचालन करता है। इस प्लेटफॉर्म के टूल्स में डिजिटल ऑनबोर्डिंग, ऑनलाईन लीज़ साइनिंग, रेंट ट्रैकिंग, कॉस्ट मैनेजमेन्ट और वित्तीय सुलह शामिल हैं।' 'ज़्यादातर प्रॉपर्टी मैनेजर्स आज भी कठिन तरीकों या मैनुअल तरीकों पर निर्भर हैं'' रेंटिलियम के संस्थापक, प्रबंध निदेशक श्री मनोज श्रीवास्तवा ने कहा। ''हम इस प्लेटफॉर्म के ज़रिए प्रॉपर्टी मालिकों एवं किराएदारों की समस्याओं को हल करते हैं, फिर चाहे वह कम्प्लायन्स की मुश्किलें हों, भुगतान में देरी या मेंटेनेन्स के रिकॉर्ड से जुड़े मुद्दे। रेंटिलियम पूरी पारदर्शिता, स्वचालन एवं नियन्त्रण के माध्यम से रेंटल प्रक्रिया को नया आयाम देता है।'


**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


### पश्चिम एशिया तनाव का भारतीय कंपनियों पर प्रभाव कम : क्रिसिल

कोलकाता। साख तय करने वाली एजेंसी क्रिसिल रेटिंग्स ने कहा है कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष का फिलहाल भारतीय कंपनियों के वैश्विक व्यापार पर कोई खास असर नहीं पड़ा है।

## राशिफल

**मेष** – किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में कठिनाइयां आ सकती हैं। बातचीत में संयत रहें।

**वृष** – मन में शान्ति एवं प्रसन्नता के भाव रहेंगे। माता का सानिध्य मिलेगा। बातचीत में संयत रहें। आय की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी।

**मिथुन** – आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। कारोबार को गति मिल सकती है। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। धैर्यशीलता में कमी आएगी।

**कर्क** – किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। वाहन सुख में वृद्धि हो सकती है, परन्तु स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें।

**सिंह** – किसी पैतृक सम्पत्ति का लाभ हो सकता है। यात्रा पर जा सकते हैं। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**कन्या** – कारोबार के लिए यात्रा लाभप्रद रहेगी। सेहत का ध्यान रखें। धैर्यशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। माता का साथ मिलेगा। वाहन सुख में कमी आ सकती है।

**तुला** – पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। संगीत में रुचि बढ़ सकती है।

**वृश्चिक** – धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। कार्यक्षेत्र की स्थिति अनुकूल रहेगी। पिता से धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं। बातचीत में सन्तुलन बनाए रखें।

**धनु** – अति उत्साही होने से बचें। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। परिवार में सम्मान की प्राप्ति होगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद रहेंगे। दिनचर्या अव्यवस्थित रहेगी।

**मकर** – रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। मन प्रसन्न रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

**कुंभ** – अफसरों का सहयोग मिलेगा। आय बढ़ेगी। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। कारोबार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। लाभ में वृद्धि होगी।

**मीन** – नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। संतान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

## पेज एक का शेष

### माता परमेश्वरी देवी...

सदा हमारे साथ रहेंगे। उनका अंतिम संस्कार शनिवार, 21 जून को सुबह 10 बजे हमारे पैतृक गांव खांडा खेड़ी में होगा। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें।याद रहे माता परमेश्वरी देवी जी आर्य समाज सेवा में हमेशा अग्रणी रहती थी। उन्होंने आर्य समाज से जुड़े सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिकाएं निभाईं। वो आर्य समाज के साथ-साथ खेती और समाज उत्थान में विशेष रुचि रखती थी। उनका हर संभव प्रयास रहता था कि हर जरूरतमंद की यदासंभव मदद की जाए। कल उनके अंतिम संस्कार में देशभर की अनेक राजनीतिक, सामाजिक और धार्मिक हस्तियां हिस्सा लेंगी।

### पाकिस्तानी एयरबेसों पर ...

शरीफ और सेनाप्रमुख जनरल असीम मुनीर भी इस बात को मान चुके हैं कि भारत के हवाई हमलों से हुए जबरदस्त नुकसान से घबराकर ही पाकिस्तान ने भारत के सामने संघर्षविराम करने की पेशकश की थी। अब पाक के उप-प्रधानमंत्री व विदेश मंत्री ने भी इस बात को स्वीकार कर लिया है।

### विशाखापत्तनम में...

योग दिवस की विषयवस्तु 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' रखी गई है।

### सरकार हर मोर्चे पर...

और उचित समाधान सुनिश्चित करेगी। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट रूप से कहा कि हरियाणा सरकार युवाओं व छात्रों के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। सरकार हर स्तर पर युवाओं व छात्रों के साथ खड़ी है। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को आंदोलन शुरू किये हुए दस दिन हो चुके हैं। छात्र बोले, हमारी लड़ाई कुलपति व विवि प्रशासन से है न कि किसी पार्टी विशेष या सरकार के खिलाफ विद्यार्थियों ने पत्रकारों से बातचीत में स्पष्ट किया कि उनकी लड़ाई कुलपति व विवि प्रशासन से है न कि किसी पार्टी विशेष या सरकार के खिलाफ। उन्होंने कहा कि उनका सिर्फ एक ही सवाल है कि प्रोफेसर और सिक्योरिटी गार्ड के हाथों में डंडे किसके आदेश पर दिए गए और वह किस कानून के तहत दिए गए। यदि कुलपति के आदेश पर यह सबकुछ हुआ है तो उनको इस पद पर रहने का अधिकार नहीं है और यदि उनके आदेश पर नहीं हुआ है तो वे ऐसे कुलपति हैं जिनकी प्रशासन पर पकड़ नहीं है, ऐसी स्थिति में भी उनका पद पर बने रहने का अधिकार नहीं है। छात्रों ने कहा है कि कुलपति बीआर काम्बोज के इस पद पर रहते हुए यहां के विद्यार्थी अपने आप को असुरक्षित महसूस करेंगे।

### हरियाणा के सीएस...

गई विशेष सिफारिश और 'लोकहित' का हवाला देते हुए केंद्र ने सेवा विस्तार की अनुमति दी है। गौरतलब है कि अनुराग रस्तोगी को इसी वर्ष फरवरी 2025 में हरियाणा का मुख्य सचिव नियुक्त किया गया था। अनुराग रस्तोगी के प्रशासनिक अनुभव और कार्यशैली को देखते हुए राज्य सरकार ने उन्हें और एक साल तक मुख्य सचिव के पद पर बनाए रखने की पहल की, जिसे केंद्र सरकार ने मंजूरी दे दी है।

**आनंद मोहन शरण के हाथ से निकला मौका :** हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी को सेवा विस्तार मिलने का सबसे ज्यादा प्रभाव 1990 बैच के आईएएस अधिकारी आनंद मोहन शरण पर पड़ेगा। आईएएस आनंद मोहन शरण फिलहाल हरियाणा के वन्य एवं प्राणी संरक्षण तथा पर्यावरण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव हैं। वह इसी साल 31 अगस्त को रिटायर होने वाले हैं। ऐसे में अगर अनुराग रस्तोगी को सेवा विस्तार नहीं मिलता तो उनके मुख्य सचिव बनने का रास्ता साफ हो सकता था, क्योंकि वरिष्ठता की सूची में सबसे पहला नाम आनंद मोहन शरण का चल रहा था। हालांकि अब आईएएस आनंद मोहन शरण के हाथ से यह मौका छूटता नजर आ रहा है। इसके अलावा मुख्य सचिव पद के बाकी प्रबल दावेदारों में 1990 बैच के आईएएस अधिकारी सुधीर राजपाल और डॉ. सुमिता मिश्रा भी शामिल थे। इसमें से आईएएस सुधीर राजपाल फिलहाल स्वास्थ्य तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव हैं। वह 30 नवंबर 2026 को रिटायर होंगे। जबकि इसी तरह मुख्य सचिव पद की दौड़ में शामिल 1990 बैच की आईएएस डॉ. सुमिता मिश्रा 31 जनवरी 2027 को रिटायर होंगी।

### एयर इंडिया...

पेशकश की है। रद्द की जाने वाली अंतरराष्ट्रीय उड़ानें दुबई से चेन्नई के लिए एआई-906, दिल्ली से मेलबर्न के लिए एआई-308, मेलबर्न से दिल्ली के लिए एआई-309 और दुबई से हैदराबाद के लिए एआई-2204 थीं। ऐसे ही चार घरेलू उड़ानें पुणे से दिल्ली के लिए एआई-874, अहमदाबाद से दिल्ली के लिए एआई-456, हैदराबाद से मुंबई के लिए एआई-2872 और चेन्नई से मुंबई के लिए एआई-571 रद्द कर दी गई हैं। बयान में आगे कहा गया है कि विमानों पर बढ़ी जांच, हवाई क्षेत्र प्रतिबंध और खराब मौसम के कारण हम कुछ व्यवधानों से जूझ रहे हैं, जिसके बारे में यात्रियों को उचित रूप से सूचित किया जाएगा।

**एयर इंडिया की दिल्ली-पुणे फ्लाइट से टकराया पक्षी रिटर्न जर्नी कैंसिल :** दिल्ली से पुणे जाने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट से शुक्रवार को एक पक्षी टकरा गया, जिसके बाद फ्लाइट की रिटर्न जर्नी कैंसिल करनी पड़ी। विमान सुरक्षित रूप से उतर गया और पक्षी के टकराने का पता पुणे में उतरने के बाद चला। एयर इंडिया का कहना है कि इंजीनियरिंग की टीम इसकी गहन जांच कर रही है। बयान में कहा गया कि पुणे से दिल्ली के लिए 20 जून को निर्धारित उड़ान संख्या एआइ़ 2470 को पक्षी टकराने की वजह से रद्द कर दिया गया है। इसका पता विमान के पुणे में सुरक्षित लैंडिंग के बाद चला।

**मदुरै जा रहे इंडिगो की उड़ान में तकनीकी खराबी चेन्नई लौटा :** मदुरै जाने वाली एक निजी एयरलाइन के विमान में शुक्रवार को बीच हवा में तकनीकी खराबी आ गई। इस वजह से उसे वापस चेन्नई लौटना पड़ा। हवाई अड्डे के अधिकारियों ने बताया कि करीब आधे घंटे की उड़ान के बाद इंडिगो एयरलाइंस के विमान के पायलट ने खराबी का पता लगाया और चेन्नई वापस आने और उतरने की अनुमति मांगी। इसके बाद करीब 68 यात्रियों को लेकर जा रहा विमान बाद में सुरक्षित रूप से यहां उतरा। सभी यात्रियों को विमान से उतार लिया गया।

### ईरान ने खोली अपनी...

ईरान में सुरक्षित सभी भारतीय : ईरानी अधिकारियों ने ये भी कहा कि अगर आवश्यकता पड़ी तो भारतीयों को सुरक्षित उनके देश भेजने के लिए और उड़ानों की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने कहा कि ईरान में सभी भारतीय सुरक्षित हैं। उधर, भारत का विदेश मंत्रालय ईरान-इजरायल युद्ध पर कड़ी निगरानी बनाए हुए है। राजधानी में इसके लिए एक चौबीसों घंटे वाला एक कंट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है। वहीं, तेहरान और तेल-अवीव में मौजूद भारतीय दूतावासों के जरिए अपने नागरिकों को लगातार परामर्श जारी कर सतर्कता बरतने और दूतावासों के संपर्क में बने रहने की सलाह दी गई है। साथ ही हेल्पलाइन नंबर, ईमेल का पता भी दिया गया है। जिस पर देश का कोई नागरिक संपर्क कर जरूरी मदद ले सकता है।

### यूं भारत पहुंचे 110...

से सड़क मार्ग से आर्मेनिया पहुंचाया गया था। वहां से कतर की राजधानी दोहा से होते हुए विशेष विमान के जरिए ये नई दिल्ली पहुंचे। अनुमानित आंकड़ों के मुताबिक, ईरान में भारतीयों की कुल संख्या करीब 10 हजार है। जबकि इजरायल में 18 से 20 हजार भारतीय नागरिक रहते हैं।

### सिक्किम से रवाना हुआ...

आध्यात्मिक परंपराओं की पुनः शुरुआत का प्रतीक बताया।

**राजनाथ सिंह करेंगे चीन की यात्राः** उधर, शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह अगले सप्ताह 25 से 26 जून तक चीन की यात्रा कर सकते हैं। जो कि बीते लगभग एक दशक बाद की जा रही चीन यात्रा होगी। जिसमें राजनाथ सिंह की समूह में शामिल भारत के अन्य भागीदार देशों जैसे रूस, चीन और मध्य एशियाई देशों के अपने समकक्षों के साथ द्विपक्षीय बैठक होने की संभावना है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के साथ राजनाथ सिंह की किसी द्विपक्षीय बैठक की कोई उम्मीद नहीं है। क्योंकि पाकिस्तान द्वारा भारत के खिलाफ सीमा पार आतंकवाद का सिलसिला लगातार जारी है।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **दीपक कुमार**, पुत्रः संतोष कुमार, निवासीः मकान नं. 4186, गली नंबर–12, अजीत नगर, गांधी नगर, दिल्ली ने **FIR No. 431/2020, U/s 33 Delhi Excise Act, पुलिस थाना कृष्णा नगर, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **दीपक कुमार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **दीपक कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना कृष्णा नगर, दिल्ली** की अभियुक्त **दीपक कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 26.07.2025.** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री पी. भार्गव राव
जेएमएफसी – 05, कोर्ट नं. – 3, पूर्वी
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली
DP/8060/SHD/2025



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 BNSS देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि दो अभियुक्तगण **1. किशोर, पुत्रः रमेश चंद, पताः डी–171, गली नंबर 3, प्रताप नगर, मंडोली सबोली, दिल्ली, 2. विनीत, पुत्रः देवी सिंह, पताः मकान नंबर 153, डी–ब्लॉक, गली नंबर 3, प्रताप नगर, मंडोली सबोली, दिल्ली** ने **FIR No. 137/2025, U/s: 309(4)/309(6)/3(5)/127(2)/112 BNS, पुलिस थाना पटेल नगर, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किये हैं (या संदेह है कि उन्होने किये हैं) और उन पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **1.किशोर, 2. विनीत** मिल नही रहे हैं। और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि **1.किशोर, 2. विनीत** फरार हो गये हैं (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना पटेल नगर, दिल्ली** के अभियुक्तगण **1.किशोर, 2. विनीत** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **29.07.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
सुश्री आकृति महेंद्रू,
एलडी. एसीजेएम, पश्चिम, कमरा नं. 145
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली
DP/7948/CD/2025




**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | डीएचबीवीएन हिसार | आकार 3/सीएक्स185 वर्ग मिमी के एचटी 11 केवी टीआर एक्सएलपीई यूजी केबल की अधिप्राप्ति। | 24.06.2025 23.07.2025 | 54.25 करोड़ | www.dhbvn.org.in | 8059888695 semm@dhbvn.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/35848/I/88/7 दि. 20.06.25


### शब्द पहेली - 5904




**बाएँ से दाए**
1.बलगम-2
3.जाप,मंत्र पाठ-2
5.काया,बदन-2
7.ठाठ-बाट-2
9.गिरावट,अवनति-3
11.बुरी आदत-2
13.सदं,अच्छा-2
15.बंदर-3
17.अपशिष्ट पदार्थ-2
19.थोड़ा-2
22.दबाना,कुचलना-3
24.शारीरिक ऊंचाई-2
26.आम जनता-2
28.पिता के पिता-2
30.पक्षाघात,फालिज-3
32.मनमौजी,अलमस्त-2
34.नवीन-2
36.लोच-3
38.गाड़ी,घोड़ागाड़ी-2
41.बीता हुआ दिन-2
43.लेखनी,पेन-3
45.अधर-2
47.रांझा की प्रेमिका-2
49.अप्सरा,परी -2
51.गर्भ,कोख-3
53.दंड,शिक्षा -2
55.पाश,फंदा-2
57.परखना-3
60.वोट,अभिप्राय-2
62.हत्या-2
64.तिरस्कृत-3
66.शराब-2
67.उद्देश्य-2
68.टूंटी,नलका-2
69.आनंद-2

**ऊपर से नीचे**
1.प्याला-2
2.धर्म आदेश-3
4.क्षण,लमहा-2
6.गगन,आकाश-2
8.सरुर,खुमार-2
10.पति की बहन-3
12.अंधकार-2
14.शर्म,लज्जा-2
16.पासों से भविष्य जानने की विद्या-3
18.भाग्य (अंग्रेजी-2)
20.रहस्य-2
21.कुर्बान-2
23.अनुकृति-3
25.जोर,बल-2
27.नाखून-2
29.दक्षिणा-2
31.पढ़ने वाला-3
33.परत-2
35.भैंस जैसा एक प्राणी-2
37.झगड़ा-3
39.भूमि,धरा -2
40.राहगीर-2
42.रक्त-2
44.मां का प्रेम-3
46.दम-2
48.आनंद-2
50.छुट्टी-2
52.झगड़ना-3
54.प्याला-2
56.प्यार-2
58.असफल-3
59.यमराज-2
61.पैंदा-2
63.संपत्ति-2
65.सम्राट-2

**शब्द पहेली - 5903 का हल**









## छठी अंडर-17 नेशनल जूनियर बॉक्सिंग चैंपियनशिप में मुक्केबाजों ने दिखाया दम

# हरियाणा की काफी राजस्थान की अनामिका को पछाड़ अगले दौर में

### राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी ने जागरूकता सत्र का आयोजन किया

### चंडीगढ़ के निशांत ने अंशराज को हराकर अगले दौर में बनाई जगह

हरिभूमि न्यूज ▶▶रोहतक

राजीव गांधी खेल परिसर स्थित नेशनल बॉक्सिंग अकादमी में चल रही छठी अंडर-17 नेशनल जूनियर बॉक्सिंग चैंपियनशिप के दूसरे दिन शुक्रवार को विभिन्न राज्यों से आए युवा मुक्केबाजों ने रिंग में दमखम दिखाया। जिसमें ब्वॉयज केटेगरी में चंडीगढ़ के निशांत ने अशंराज को पछाड़ कर अपनी जगह बनाई और गर्ल्स केटेगरी में हरियाणा की काफी ने राजस्थान की अनामिका को पछाड़ अगले दौर में जगह बनाई। इस दौरान एक महत्वपूर्ण और ज्ञानवर्धक राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी ने जागरूकता सत्र का आयोजन किया। खिलाड़ियों ने अलग-अलग भार वर्गों में अपने हुनर और तकनीक का प्रदर्शन करते हुए अगले दौर में जगह बनाई। राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी के प्रतिनिधी डॉ. पवन कुमार ने उपस्थित खिलाड़ियों को उन्होंने खिलाड़ियों को ईमानदारी, निष्पक्षता और खेल में नैतिकता बनाए रखने के महत्व को समझाया।

साथ ही बताया कि निषिद्ध पदार्थों के सेवन से न केवल खिलाड़ी का करियर खतरे में पड़ता है, बल्कि उनके स्वास्थ्य पर भी गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। इस सत्र का आयोजन हरियाणा बॉक्सिंग संघ द्वारा किया गया, जिसका उद्देश्य युवा मुक्केबाजों को डोपिंग नियमों की जानकारी देना और उन्हें स्वच्छ खेल के प्रति जागरूक करना रहा। प्रशासनिक निदेशक ओमबीर हुड्डा ने बताया कि दूसरे दिन के मुकाबलों में कई दिलचस्प और कड़े मुकाबले देखने को मिले, जिसमें खिलाड़ियों ने शानदार संयम, तेज गति और आक्रामक रणनीतियों का प्रदर्शन किया। रिंग के चारों ओर दर्शकों की तालियों और कोचों के मार्गदर्शन ने खिलाड़ियों को उत्साहित किया। यह चैंपियनशिप 25 जून तक चलेगी, जिसमें देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए युवा मुक्केबाज पदक जीतने और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। आयोजन स्थल पर सुरक्षा, चिकित्सा सुविधाएं और आयोजन की व्यवस्थाएं सराहनीय रूप से की गई हैं।

#### लड़कों के परिणाम

**44-46 किलोग्राम में विजेता**
सूरज कुमार यादव
रामेश स्वापनील
नरेंद्रा कुमार नीला
दक्षेष सिंह
ध्रुव खर्ब
पुरेंद्रा भाई पटेल
अमन कुमार
यथार्थ पुहल

**46-48 किलोग्राम**
निशांत सिंह
आर्यन चौधरी
रविंद्रा चीवतेती
प्रियांशु वर्मा
राजू तमंग

**48-50 किलोग्राम**
फ्रेडी वनलालपेकसंगा
पीयूष
प्रीत
तेजस खोखर
के संदीप
बनरेप सेयम मलंगीयांग
अमरदीप सिंह
रोहन जोशी

**50-52 किलोग्राम**
जोशुआ एलसी बेरियप्पा
पार्थ चोपड़े
हिमांशु सिंह दानू
अकेश एरिपेली
मिलन

**52-54 किलोग्राम**
वीर राणा
देवीवारा प्रसाद सबब्रप
उधम सिंह राघव
रमन कुमार साहू
कुनाल वर्मा

**54-57 किलोग्राम**
योगेश्वर नागर
रितेश कुमार
गौरव सिंह नेगी
यारागुंटा उमेश

**57-60 किलोग्राम**
साहिल दूहन
आयुषमान गोगोई
हेंमत हाली
प्रत्युष डोभाल
शास्वत महाले
प्रिंश वर्मा
मालसावमजेला
पी उधाया
आयुब राय

#### लड़कियों के परिणाम

**44-46 किलोग्राम में विजेता**
लक्ष्मी
ई-निरजंनी
ईकयरपमगेका सोहियोंग
हिलांग आना

**46-48 किलोग्राम**
शीतल
के महालक्ष्मी
लामाईलु गंगमेई
दिशा शर्मा

**48-50 किलोग्राम**
रिया हेखम
पूजा देवी
आयुष दुबे
गोदावरी राठोर
काफी

**50-52 किलोग्राम**
अनिता
सिमरन
एस प्रियंका शक्ति
अलिशा

**52-54 किलोग्राम**
वंशिका
सुहुमनीजंग कोम मांगटेई
सावली बरबुंजे
भारगवी भोंगु

**54-57 किलोग्राम**
राधामणी लोंगजाम
मनवीरकौर

**57-60 किलोग्राम**
अर्टिना देवी नोरम
लक्ष्मी राठोर
ईशिका
तन्वी
हर्षिका

**60-63 किलोग्राम**
सान्या यादव
डायनादेवी डोदम
दीया
पी भूवंशा

**63-66 किलोग्राम**
साक्षी थापा
आश्वते बिझ्ु
एस मोनिका
थनुजा

**66-70 किलोग्राम**
अक्षिता नेगी
हिमांशी
मन्नतप्रीत कौर
सान्वी

**70-75 किलोग्राम**
ई भारकवि सुहानी

### राहुल और यशस्वी ने पहले विकेट के लिए की 91 रनों की साझेदारी

# गिल और जायसवाल के शतक, भारत के स्टंप तक तीन विकेट पर 359 रन

एजेंसी ▶▶लीड्स

कप्तान शुभमन गिल (नाबाद 127 रन) और सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (101 रन) के शानदार शतकों की मदद से भारत ने शुक्रवार को यहां इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के पहले टेस्ट मैच के पहले दिन दबदबा बनाते हुए स्टंप तक तीन विकेट गंवाकर 359 रन बना लिए। पहला दिन भारतीय बल्लेबाजों के नाम रहा जिन्होंने टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। गिल और जायसवाल ने तीसरे विकेट के लिए 129 रन की भागीदारी निभाकर टीम को दो विकेट पर 92 रन के स्कोर से 221 रन तक पहुंचाया। मेजबान टीम ने लंच तक केएल राहुल (42 रन) और पदार्पण कर रहे बी साई सुदर्शन (शून्य) के



विकेट गंवा दिए थे। दिन का खेल समाप्त होने तक कप्तान गिल के साथ उप कप्तान और विकेटकीपर ऋषभ पंत 65 रन बनाकर क्रीज पर डटे थे। दोनों ने चौथे विकेट के लिए नाबाद 138 रन की भागीदारी निभा ली है। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने दो जबकि ब्रायडन कार्स ने एक विकेट झटका। जायसवाल और गिल ने शानदार खेल दिखाकर 'विराट कोहली और रोहित शर्मा' युग के बाद भारतीय बल्लेबाजी को आगे ले जाने के जज्बे का परिचय दिया। पूर्व कप्तान कोहली और रोहित के संन्यास लेने के बाद भारतीय बल्लेबाजी लाइन-अप में अनुभव की कमी है। वहीं जायसवाल और गिल दोनों टेस्ट क्रिकेट में नए नहीं हैं लेकिन नयी पीढ़ी के भारतीय सितारों को अपने पूर्ववर्ती स्टार की जगह भरने को लेकर काफी चिंता जताई जा रही थीं। पर आज की शतकीय पारियों को देखते हुए संकेत काफी अच्छे दिख रहे हैं।



### विमान दुर्घटना क्रिकेटरों ने रखा मौन

भारत और इंग्लैंड के क्रिकेटरों और मैदानी अंपायरों ने यहां पहले टेस्ट से पूर्व अहमदाबाद में विमान दुर्घटना में मारे गए लोगों की स्मृति में एक मिनट का मौन रखा और बांहों पर काली पट्टी बांधकर मैदान पर उतरे। 14 जून को एयर इंडिया की लंदन जाने वाली उड़ान के दुर्घटनाग्रस्त होने से 241 यात्री और चालक दल के सदस्यों की मौत हो गई थी। भारत के उपकप्तान ऋषभ पंत ने बुधवार को मीडिया से कहा था, 'विमान (दुर्घटना) में जो कुछ हुआ, उससे पूरा भारत निराश है, लेकिन हम अपनी तरफ से सिर्फ यही कर सकते हैं कि हम भारत को फिर से कैसे खुश कर सकते हैं।'

# डोपिंग: भारत में पॉजीटिव मामलों की दर सबसे ज्यादा

### विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी ने 2023 के परीक्षण किए जारी

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

भारत में डोपिंग की समस्या एक बार फिर सामने आ गई जब विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) के 2023 के परीक्षण आंकड़ों में भारत 5,000 या इससे अधिक नमूनों का विश्लेषण करने वाले देशों में शीर्ष पर रहा। हालांकि खेल मंत्रालय ने युद्धस्तर पर इससे निपटने और वाडा की आपत्तियों के समाधान के बाद संशोधित डोपिंग रोधी अधिनियम जल्दी लाने का वादा किया है। प्रतिबंधित पदार्थों के सेवन में पॉजीटिव पाये जाने की भारत की दर 3.8 प्रतिशत रही और 5606 नमूनों से 214 प्रतिकूल विश्लेषणात्मक निष्कर्ष (एएएफ) मिले। नमूनों की संख्या 2022 से काफी अधिक थी जब 3865 परीक्षणों की 3.2 प्रतिशत एएएफ दर थी। इन 5606 टेस्ट में से 2748 प्रतिस्पर्धा के दौरान किए गए।



भारत के पॉजीटिव नतीजों की दर चीन (28197 नमूने, 0.2 प्रतिशत एएएफ दर), अमेरिका (6798 नमूने, 1.0 प्रतिशत एएएफ दर), फ्रांस (11368 नमूने, 0.9 प्रतिशत एएएफ दर) और रूस (10395 नमूने, 1.0 एएएफ दर) से अधिक है। भारत के 214 के मुकाबले एएएफ में फ्रांस (105), रूस (99), अमेरिका (66), चीन (60) और जर्मनी (57) पीछे रहे।

#### हमारी टेस्टिंग पारदर्शी

खेल मंत्रालय के एक सूत्र ने कहा, 'डोपिंग किसी भी स्तर पर अस्वीकार्य है लेकिन हमें यह मानना होगा कि हमारी टेस्टिंग काफी पारदर्शी है और हर साल नमूनों की संख्या बढ़ रही है। हम युद्धस्तर पर जागरूकता अभियान भी चला रहे हैं और अगले दो साल में यह आंकड़ा कम हो जाएगा।'

#### 11 प्रतिशत से अधिक

वैश्विक स्तर पर, 2023 में 204,809 परीक्षण किए गए, जिनमें से 1820 प्रतिबंधित दवाओं के लिए सकारात्मक आए, जबकि भारत का हिस्सा 214 था जो डोप टेस्ट में नाकाम रहे कुल खिलाड़ियों की संख्या का 11 प्रतिशत से अधिक है। यह आंकड़ा किसी भी देश के लिए सबसे अधिक है।

### फाइनल में हारे भारतीय तीरंदाज, नौ पदकों के साथ किया समापन



सिंगापुर। भारत के जूनियर तीरंदाजों के पास एशिया कप के दूसरे चरण में सात स्वर्ण पदक जीतने का मौका था लेकिन पांच फाइनल में हारने के कारण उन्हें अधिकतर स्पर्धा में रजत पदक से संतोष करना पड़ा। इस तरह से भारत ने प्रतियोगिता में दो स्वर्ण, छह रजत और एक कांस्य सहित कुल नौ पदक जीतकर अपने अभियान का अंत किया। रिकर्व और कम्पाउंड स्पर्धाओं के 10 में से सात फाइनल में पहुंचने के बावजूद भारतीय तीरंदाज केवल दो बार पोडियम पर शीर्ष पर रहे। विष्णु चौधरी, पारस हुड्डा और जुयेल सरकार तीन में से दो सेटों में 50 का आंकड़ा छूने में असफल रहे और सीधे सेटों में 6-0 से हार गए। रिकर्व मिश्रित टीम फाइनल में भी यही कहानी रही।

**ऊर्जा दक्षता ब्यूरो**
(विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक सांविधिक निकाय)
चौथा तल, सेवा भवन, आर. के. पुरम, नई दिल्ली- 110066
वेबसाइट: www.beeindia.gov.in दूरभाष: 011-26766700
LiFE Lifestyle For Environment

**ऊर्जा प्रबंधकों और ऊर्जा संपरीक्षकों के लिए 25वीं राष्ट्रीय प्रमाणन परीक्षा**

ऊर्जा दक्षता ब्यूरो द्वारा 27 और 28 सितंबर, 2025 (शनिवार और रविवार) को ऊर्जा प्रबंधकों और संपरीक्षकों के लिए 25वीं राष्ट्रीय प्रमाणन परीक्षा आयोजित की जाएगी। इच्छुक उम्मीदवार परीक्षा के लिए **www.nceexam.in** वेबसाइट पर पंजीकरण कर सकते हैं।

"प्रॉस्पेक्टस" वेबसाइट पर "डाउनलोड" टैब पर उपलब्ध है। उक्त वेबसाइट का लिंक **www.beeindia.gov.in** पर भी उपलब्ध है।

ऑनलाइन पंजीकरण प्रारंभ: 27 जून 2025, सुबह 11:00 बजे
ऑनलाइन पंजीकरण की समाप्ति: 28 जुलाई 2025 को 11:00 बजे

CBC-34106/12/0009/2526 **सचिव**

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **दीपक कुमार**, पुत्रः संतोष कुमार, निवासी: मकान नं. 4186, गली नंबर-12, अजीत नगर, गांधी नगर, दिल्ली ने **FIR No. 431/2020, U/s 33 Delhi Excise Act,** पुलिस थाना कृष्णा नगर, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **दीपक कुमार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **दीपक कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना कृष्णा नगर, दिल्ली** की अभियुक्त **दीपक कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 26.07.2025.** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री पी. भार्गव राव
जेएमएफसी – 05, कोर्ट नं. – 3, पूर्वी
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/8060/SHD/2025

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 BNSS देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि दो अभियुक्तगण **1. किशोर, पुत्रः रमेश चंद, पताः डी-171, गली नंबर 3, प्रताप नगर, मंडोली सबोली, दिल्ली, 2. विनीत, पुत्रः देवी सिंह, पताः मकान नंबर 153, डी-ब्लॉक, गली नंबर 3, प्रताप नगर, मंडोली सबोली, दिल्ली** ने **FIR No. 137/2025, U/s: 309(4)/309(6)/3(5)/127(2)/112 BNS, पुलिस थाना पटेल नगर, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किये हैं (या संदेह है कि उन्होने किये हैं) और उन पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **1.किशोर, 2. विनीत** मिल नही रहे हैं। और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि **1.किशोर, 2. विनीत** फरार हो गये हैं (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना पटेल नगर, दिल्ली** के अभियुक्तगण **1.किशोर, 2. विनीत** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **29.07.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
सुश्री आकृति महेंद्रू,
एलडी. एसीजेएम, पश्चिम, कमरा नं. 145
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/7948/CD/2025

### हॉकी खिलाड़ियों को मिलेगा 25 हजार अतिरिक्त भत्ता



नई दिल्ली। भारतीय हॉकी को आगामी महत्वपूर्ण टूर्नामेंटों से पहले प्रोत्साहन देने की कवायद में खेल मंत्रालय ने पहली बार हॉकी खिलाड़ियों को भी 25000 रुपए प्रतिमाह अतिरिक्त भत्ता देने को मंजूरी दी है। मिशन ओलंपिक सेल की गुरुवार को हुई 156वीं बैठक में 'टारगेट ओलंपिक पोडियम' (टॉप्स) योजना के तहत 80 हॉकी खिलाड़ियों को यह भत्ता देने का फैसला लिया गया। खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने शुक्रवार को यहां मीडिया से अनौपचारिक बातचीत में कहा, 'हॉकी इंडिया की ओर से बार बार यह अनुरोध आ रहा था जिसे मंजूरी दे दी गई है। इसके तहत 80 हॉकी खिलाड़ियों (40 पुरुष और 40 महिला) को प्रतिमाह 25000 रुपए 'आउट आफ पॉकेट' भत्ता (ओपीए) दिया जाएगा जो टॉप्स योजना के तहत खिलाड़ियों को मिलता है।

### भारत ने जीते 5 स्वर्ण पदक...



नई दिल्ली। वियतनाम के वूंग ताऊ में आयोजित अंडर-23 एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में शुक्रवार को भारत ने प्रतियोगिता के दूसरे दिन पांच स्वर्ण और एक रजत पदक पर कब्जा जमाया।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### मेसी का जादू, फ्री किक पर गोल से जीता इंटर मियामी

अटलांटा। स्टार स्ट्राइकर लियोनेल मेसी ने अपनी ख्याति के अनुरुप प्रदर्शन करते हुए क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट में अपना पहला गोल फ्री किक पर किया। इससे इंटर मियामी ने दो बार के यूरोपीय चैंपियन पोर्टो पर 2-1 से जीत हासिल की। इंटर मियामी की टीम मध्यांतर तक 1-0 से पीछे थी, लेकिन टेलास्को सेगोविया ने दूसरे हाफ के दो मिनट बाद मार्सेलो वीगन्डट के क्रॉस पर गोल करके स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद अर्जेंटीना के 37 वर्ष के खिलाड़ी मेसी का जादू देखने को मिला। उन्होंने फ्री किक पर खूबसूरत गोल करके फिर से यह साबित कर दिया कि उन्हें दुनिया के सबसे महानतम खिलाड़ियों में क्यों गिना जाता है। इससे पहले पुर्तगाल के क्लब को वीडियो समीक्षा प्रणाली के जरिए शुरू से ही पेनल्टी किक मिली जिसे सामू ओमोरोदियन ने गोल में बदला। इन दोनों टीमों ने ग्रुप ए का अपना पहला मैच गोलरहित बराबर खेला था।

**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से व० मण्डल बिजली इंजीनियर/टी. आर.एस. इलेक्ट्रिक लोको शेड, खानआलमपुरा यार्ड, सहारनपुर निम्नलिखित कार्य के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर रजिस्टर्ड/पंजीकृत निविदाकर्ताओं से निविदाएँ आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| खुली निविदा संख्या | ई.एल.एस.-एस.आर.ई.-25-26-टी-04 |
| कार्य का विवरण | भारत में किसी भी स्थान से किसी भी स्थान तक रेलवे सामग्री का परिवहन, जीएसटी और अन्य सभी शुल्कों सहित। |
| समापन/खोलने की तिथि | 16.07.2025 |
| लगभग लागत | रू 61,60,450/- |
| अर्नेस्ट मनी | रू 1,23,200/- |
| समापन अवधि | दो वर्ष |
| वैधता अवधि | 60 दिन |
| निविदा फॉर्म की लागत | आई० आर० ई० पी० एस० से डाउनलोड हेतु निःशुल्क तथा रुपये 5000/- Sr.DEE/TRS/SRE ऑफिस से हार्ड कॉपी के लिए। |

1. वर्क्स निविदाएं की ई-टेंडरिंग में भाग लेने के निविदाकारों के पास क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र होना चाहिए। 2. निविदाकर्ता को सभी पात्रता संबंधित दस्तावेजों की स्कैन प्रतियों को अपलोड करना आवश्यक है। 3. सभी कर वर्तमान नियम के अनुसार लागू होंगे। 4. विवरण के लिए, कृपया आईआरईपीएस वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर लॉग इन करें।
संख्याः ई.एल.एस.-एस.आर.ई.-25-26-टी-04 दिनांक 19.06.2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1846/25

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | डीएचबीवीएन | आकार 3/सीएक्स185 वर्ग मिमी के एचटी 11 केवी टीआर एक्सएलपीई यूजी केबल की अधिप्राप्ति। | 24.06.2025 23.07.2025 | 54.25 करोड़ | www.dhbvn.org.in | 8059888695 semm@dhbvn.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/35848/1/88/7 दि. 20.06.25




'इंडिया ग्लोबल फोरम' के 'फ्यूचर फ्रंटियर्स फोरम' के सत्र में बोले ब्रिटेन के मंत्री

# विज्ञान और तकनीक में भारत एक उभरता खिलाड़ी, भारत के साथ संबंधों को दें मजबूती

*ब्रिटेन अपनी नई औद्योगिक नीति में भारत को प्राथमिकता देगा*

*भारत की 'परिवर्तनकारी स्वास्थ्य समाधानों' की सराहना की*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ब्रिटेन के विज्ञान, अनुसंधान और नवाचार मंत्री लॉर्ड पैट्रिक वैलेंस ने कहा है कि भारत विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में तेजी से उभरता एक सशक्त खिलाड़ी बन रहा है और ब्रिटेन को भारत के साथ अपने वैज्ञानिक व शैक्षणिक संबंधों को और गहराई देनी चाहिए। यह बात उन्होंने लंदन स्थित साइंस म्यूजियम में आयोजित 'इंडिया ग्लोबल फोरम' के 'फ्यूचर फ्रंटियर्स फोरम' के एक सत्र में कही, जिसका विषय था 'एक नई नवाचार युग के लिए यूके-भारत सहयोग को सशक्त बनाना'। लॉर्ड वैलेंस ने कहा कि भारत और ब्रिटेन के बीच पहले से ही मजबूत संबंध हैं और यह लगातार बढ़ रहे हैं, लेकिन केवल सरकार-स्तर के रिश्ते ही सब कुछ नहीं करते, असली प्रेरणा वैज्ञानिकों के बीच संवाद और सहयोग से मिलती है। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन सरकार ग्लोबल टैलेंट वीजा के जरिए उच्च कुशल पेशेवरों की आवाजाही को बढ़ावा देना चाहती है और भारत के साथ विभिन्न क्षेत्रों में पूरक क्षमताओं का लाभ उठाने की आवश्यकता है।

फोरम में भारत के वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत-ब्रिटेन के बीच किया गया फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) विज्ञान, तकनीक और नवाचार के क्षेत्र में बहुआयामी लाभ देता है। एक एफटीए पूरी दुनिया को यह संदेश देता है कि दोनों देश मित्र हैं, साझेदार हैं और एक-दूसरे पर विश्वास करते हुए मिलकर काम करने को तैयार हैं। 'पिचर्स एंड पंटर' नामक सत्र में भारत के उभरते स्टार्टअप्स ने अंतरराष्ट्रीय निवेशकों के पैनल के सामने अपने आइडिया पेश किए।

## भारत के साथ सहयोग की प्राथमिकताएं तय करें



*मंत्री लॉर्ड पैट्रिक वैलेंस ने कहा कि ब्रिटेन की सरकार जल्द ही अपनी नई इंडस्ट्रियल स्ट्रैटेजी (औद्योगिक रणनीति) जारी करने वाली है, जो भारत के साथ भविष्य के सहयोग की प्राथमिकताएं तय करेगी। लॉर्ड आरा डार्जी, ब्रिटेन की नेशनल हेल्थ सर्विस (एनएचएस) की महत्वपूर्ण समीक्षा के लिए जाने जाते हैं, उन्होंने भारत की 'परिवर्तनकारी स्वास्थ्य समाधानों' की सराहना की और कहा कि यह एक ऐसा 'बौद्धिक और उत्पादन-सामर्थ्य' है, जिसके साथ ब्रिटेन को साझेदारी करनी चाहिए।*

## भारत और ब्रिटेन आर्थिक साझेदारी को मजबूत करेंगे



केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने ब्रिटेन की अपनी यात्रा के दौरान कई शीर्ष ब्रिटिश अधिकारियों और उद्योग जगत के नेताओं से मुलाकात की। उन्होंने फाइनेंशियल फ्रेमवर्क और एआई जैसी उभरती तकनीकों में सहयोग के अवसरों पर चर्चा की। केंद्रीय मंत्री ने ब्रिटेन में चांसलर ऑफ दि एक्सचेकर रेचल रीव्स से मुलाकात की और भारत-ब्रिटेन आर्थिक साझेदारी को मजबूत करने के लिए फाइनेंशियल फ्रेमवर्क्स, सस्टेनेबल फाइनेंस और नए व्यापार अवसरों को पेश करने में सहयोग के अवसरों पर चर्चा की। उन्होंने ब्रिटेन स्थित बिजनेस फाइनेंशियल प्लेटफॉर्म टाइड के सीईओ ओलिवर प्रिल के साथ भी महत्वपूर्ण चर्चा की। पीयूष गोयल ने कहा कि डिजिटल दुनिया में भारत की प्रगति के साथ, हमने फिनटेक इकोसिस्टम, डिजिटल सशक्तीकरण और दोनों अर्थव्यवस्थाओं में एसएमई के नेतृत्व वाली वृद्धि को बढ़ावा देने पर चर्चा की।

### साइंस और टेक्नोलॉजी में करेंगे सहयोग

मंत्री गोयल ने लंदन के फ्यूचर फ्रंटियर्स फोरम में साइंस म्यूजियम ग्रुप के निदेशक और मुख्य कार्यकारी सर इयान ब्लैचफोर्ड से भी बातचीत की। गोयल ने कहा कि डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और इनोवेशन में भारत की प्रगति पर प्रकाश डाला और बताया कि कैसे दुनिया हमारी कुशल प्रतिभा, लागत प्रभावी समाधानों और एआई और उभरती टेक्नोलॉजी में बढ़ती क्षमताओं से लाभान्वित हो सकती है। साथ ही, दोनों देशों के बीच साइंस, टेक्नोलॉजी और इनोवेशन में सहयोग को गहरा करने के लिए भारत-ब्रिटेन एफटीए की क्षमता को रेखांकित किया।

उधमपुर पहुंचे रक्षा मंत्री ने जवानों को संबोधित करते हुए दी यह जानकारी


# नया भारत आतंकवाद के किसी भी स्वरूप का जोरदार प्रतिकार करेगा: राजनाथ सिंह

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

21 जून 2025 को पूरे देश में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विशाखापट्टनम में मुख्य योग समारोह का नेतृत्व करेंगे। तो वहीं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में सेना के जवानों के साथ योग करते हुए नजर आएंगे।

रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर बताया कि रक्षा मंत्री योग दिवस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए 20 जून को उधमपुर पहुंचे और वहां उन्होंने देश की उत्तरी सीमाओं की निगरानी में तैनात जवानों से बड़ाखाना पर मुलाकात की और उन्हें संबोधित किया। उधमपुर पहुंचने पर रक्षा मंत्री का सेनाप्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, बल की उत्तरी कमांड के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने स्वागत किया। यहां बता दें कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद यह दूसरा ऐसा मौका है। जब रक्षा मंत्री जम्मू-कश्मीर की यात्रा कर रहे हैं।

## भारत ने बदल दी अपनी नीति



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जवानों को कहा कि आतंकवाद के खिलाफ आज का भारत और उसकी नीति पूरी तरह से बदल गई है। एक समय था जब हम आतंकवाद का शिकार होते थे और दुनिया से सहानुभूति मांगते थे। लेकिन आज हम आतंकवाद का उसी की भाषा में जवाब देते हैं। ऑपरेशन सिंदूर इसका सबसे जीवंत उदाहरण है। उन्होंने कहा, जिस तरह से हमारी सशस्त्र सेनाओं और खुफिया तंत्र ने मिलकर सीमापार स्थित आतंकी अड्डों को मटियामेट किया। उसने केवल आतंकवादियों को ही नहीं बल्कि उनके सरपरस्तों को भी यह संदेश दे दिया है कि यह नया भारत है। जो आतंकवाद के किसी भी स्वरूप का जोरदार प्रतिकार करेगा। राजनाथ के मुताबिक, ये केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं थी। बल्कि सीमा पार बैठे हुए आतंकियों और उनसे भी ज्यादा उनके आकाओं को एक चेतावनी थी।

### जवानों की तपस्या का ऋणी पूरा राष्ट्र

उन्होंने कहा कि जवानों का जीवन साहस की परिभाषा है। जब आम नागरिक सोते हैं, तब आप जागते हैं। जब देश त्योहार मनाता है, तब आप सीमाओं पर तैनात रहते हैं। जब बर्फ गिरती है तो आप हिमवीर बनकर तैनाती पर अडिग रहते हैं। जब दुश्मन गोले बरसाता है तो आप सीना तानकर खड़े रहते हैं। बड़ाखाना आपको ये याद दिलाने का अवसर भी है कि देश आपको भूला नहीं है। यह राष्ट्र आपकी तपस्या का ऋणी है। उधमपुर में आप सभी के बीच आकर मुझे खुशी हो रही है। क्योंकि ये ही वो स्थान है जहां से हमारी उत्तरी सीमाओं की सुरक्षा की जिम्मेदारी संभाली जाती है। इसलिए मैं समझता हूं कि आप सभी हमारी सुरक्षा चेन का एक प्रमुख हिस्सा हैं।

## एकता का प्रतीक है बड़ाखाना

राजनाथ ने बड़ाखाना को परिभाषित करते हुए कहा कि यह परंपरा कई दशकों से हमारी सशस्त्र सेनाओं का अभिन्न अंग है। जो कि महज एक साथ बैठकर भोजन करने का ही एक अवसर नहीं होता है। बल्कि ये एक ऐसा क्षण होता है। जहां रैंक और पद सब पीछे छूट जाते हैं और आगे आता है सिर्फ एक भाव। वो है हमारी एकता का यानी हम सब एक हैं। रक्षा मंत्री ने बड़ाखाना का उत्सव बताते हुए कहा कि युद्धकाल हो या शांति, सेना ने हर परिस्थिति में इस परंपरा को सहेजा है। क्योंकि ये हमें याद दिलाता है कि हम सब एक परिवार हैं। हमारा रिश्ता भले ही खून के रिश्तों से न जुड़ा हुआ हो। लेकिन देशभक्ति, समर्पण और बलिदान के रिश्तों से जरूर जुड़ा हुआ है।

### यूं अलग है बड़ाखाना की खाली

उन्होंने कहा कि आपमें कई सैनिक ऐसे होंगे। जिन्होंने ऑपरेशन सिंदूर में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से में भाग लिया होगा। लॉजिस्टिक्स, संचार, सहयोग या सीधे युद्ध के मैदान में आपकी भागीदारी रही होगी। इसलिए आज बड़ाखाना में खाना खाते वक्त ये जान लें कि यह उस जीत की भी थाली है, जिसमें हमारी गरिमा, हमारी जवाबदेही और हमारा आत्मविश्वास परोसा गया है। उन्होंने जवानों को भारत की आत्मा बताते हुए उनके प्रति कृतज्ञता प्रकट की।

## हथियारबंद हमलावरों ने की 34 सैनिकों की हत्या



**नियामी।** नाइजर के पश्चिमी इलाके में माली और बुर्किना फासो की सीमा के पास गुरुवार सुबह हथियारबंद हमलावरों ने हमला कर दिया। इस हमले में 34 सैनिक मारे गए और 14 अन्य घायल हो गए। यह जानकारी नाइजर के रक्षा मंत्रालय ने दी। मंत्रालय ने बताया कि हमला सुबह करीब 9 बजे बानिबांगू क्षेत्र में हुआ। हमलावर 8 वाहनों और 200 से ज्यादा मोटरसाइकिलों के साथ आए थे। सरकार ने जवाबी कार्रवाई में दर्जनों हमलावरों को मार गिराया है। सरकार ने उन्हें 'आतंकवादी' बताया है। इसके अलावा, बाकी हमलावरों की तलाश के लिए जमीन और हवाई रास्ते से तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

चीन में मूसलाधार बारिश से आई बाढ़

## 30 हजार लोगों को बचाया, 5 की मौत, बिजली व इंटरनेट सेवाएं ठप



एजेंसी ▶▶ बीजिंग

दक्षिणी चीन के गुआंगडोंग प्रांत में कई दिनों की भारी बारिश के बाद बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। बचावकर्मियों ने हुआइजी काउंटी से लगभग 30,000 लोगों को निकाला। काउंटी की आधे से अधिक सड़कें जलमग्न हो गई। इसके साथ ही बिजली और इंटरनेट सेवाएं बाधित हो चूंकि हैं। हुआइजी काउंटी गुआंग्शी क्षेत्र की सीमा के पास है। यह गुआंगजौ से लगभग 140 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में स्थित है। यह एक प्रमुख औद्योगिक और बंदरगाह शहर है और प्रांतीय राजधानी भी है। इस तूफान के कारण ग्वांग्शी प्रांत में दो अलग-अलग स्थानों पर भूस्खलन की घटनाएं हुईं, जिनमें कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई। शुई जियांग नदी में भारी उफान के कारण शहरी इलाकों में सड़कों ने नहरों का रूप ले लिया है। कई इलाकों में जलस्तर इतना अधिक बढ़ गया है कि पानी इमारतों की पहली मंजिल तक पहुंच गया है और कारों की सिर्फ छतें ही दिखाई दे रही हैं। राहत और बचाव टीम ने एक स्कूल में उपस्थित दर्जनों बच्चों और बुजुर्गों को भी आपूर्ति भेजी। एक अस्पताल से गंभीर रूप से बीमार मरीजों को निकाला। एक नवजात शिशु के साथ एक महिला को दूध पाउडर और पानी पहुंचाया।

मिलिट्री कॉलेज की सुरक्षा में सेंध

## वेश बदलकर घुसे 4 लोग हिरासत में चुपके से खींच रहे थे तस्वीरें, जांच शुरू

एजेंसी ▶▶ सिकंदराबाद

हैदराबाद के सिकंदराबाद के मिलिट्री कॉलेज की सुरक्षा भंग करने के आरोप में चार लोगों को हिरासत में लिया गया है। इन चारों की पहचान राकेश कुमार नरेश राय, आशीष कुमार, आलिया अब्बशी और नगमा बानो महमूद के रूप में की गई है।

19 जून को दोपहर 1 बजे के आसपास, चार नागरिक, जिनमें से एक विंग कमांडर रजत कुमार मिश्रा नाम से वायुसेना अधिकारी का छद्मवेश धारण किए हुए था, तीन अन्य (एक पुरुष और दो महिला) के साथ बिना अनुमति के मिलिट्री कॉलेज ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड मेकेनिकल इंजीनियरिंग (एमसीईएमई), सिकंदराबाद के एमआई टेक्नो चौक गेट में घुस गया। इन्हें प्रवेश पाने के लिए एक नकली पहचान पत्र दिखाते हुए पाया गया। जब वे सड़क पर सीएसडी कैंटीन और



सैनिक स्मारक सहित संवेदनशील सैन्य क्षेत्रों की तस्वीरें खींच रहे थे और वीडियो बना रहे थे, तब एमसीईएमई के जुबली गेट पर संतरियों ने इन्हें रोका और चेक किया। संतरियों ने तुरंत एमसीईएमई कंट्रोल को सतर्क किया और व्यक्तियों को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया गया।

हिरासत में लिए गए चार लोगों की पहचान राकेश कुमार नरेश राय, आशीष कुमार, आलिया अब्बशी और नगमा बानो महमूद के रूप में हुई है। आगे की जांच के लिए मामला दर्ज कर लिया गया है।

महारत्न कंपनी एचएएल को मिली बड़ी कामयाबी

# इसरो से मिली एसएसएलवी बनाने की पूरी टेक्नोलॉजी

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

भारत में डिफेंस और एयरोस्पेस सेक्टर की बड़ी सार्वजनिक कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने स्मॉल सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल (एसएसएलवी) बनाने की 511 करोड़ रुपए की बोली जीत ली है। इसी के साथ हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स ने एसएसएलवी टेक्नोलॉजी ट्रांसफर हासिल कर लिया है। स्पेस रेगुलेटर-कम प्रमोटर, इंडियन नेशनल स्पेस प्रमोशन एंड अथॉराइजेशन सेंटर (इन-स्पेस) ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। इन-स्पेस के अध्यक्ष डॉ. पवन गोयनका ने कहा कि यह पहली बार है जब किसी स्पेस एजेंसी ने किसी कंपनी को कम्प्लीट लॉन्च व्हीकल टेक्नोलॉजी ट्रांसफर की है। एचएएल के पास अब स्वतंत्र रूप से एसएसएलवी लॉन्च बनाने, इस पर मालिकाना हक रखने और कमर्शियलाइज करने की क्षमता होगी। गोयनका ने इस डील को भारत की महत्वाकांक्षी 44 बिलियन डॉलर की स्पेस इकोनॉमी के लिए महत्वपूर्ण बताया। बता दें कि भारत का लक्ष्य 2022 में 8.4 बिलियन डॉलर की अपनी स्पेस इकोनॉमी को साल 2033 तक बढ़ाकर 44 बिलियन डॉलर करना है।



## नौ में से पहले छह कंपनियां शॉर्टलिस्ट की गईं

*इन-स्पेस के निदेशक-तकनीकी राजीव ज्योति ने कहा कि इन-स्पेस ने दो चरणों में चयन प्रक्रिया की। पहले चरण में नौ उद्योगों में से छह को शॉर्टलिस्ट किया गया। दूसरे चरण में, छह में से तीन की तकनीकी-वाणिज्यिक बोलियों की एक समिति द्वारा समीक्षा की गई। अंत में एचएएल को चुना गया। इन-स्पेस के अध्यक्ष डॉ. पवन गोयनका ने कहा कि सरकार के पूर्व प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार प्रो. विजया राघवन की अध्यक्षता वाली समिति और इसरो के पूर्व निदेशक सुरेश की सह-अध्यक्षता वाली समिति ने सावधानीपूर्वक मूल्यांकन के बाद पाया कि तीनों बोली लगाने वाले तकनीकी रूप से योग्य हैं। गोयनका ने कहा कि फिर हमने वाणिज्यिक बोलियां खोलीं, जिसमें एचएएल की 511 करोड़ रुपए की बोली सबसे ऊंची रही।*

**अपनी तरह का पहला तकनीकी हस्तांतरण**

डॉ. गोयनका ने बताया कि एचएएल ने इसरो के स्मॉल सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल (एसएसएलवी) के लिए 511 करोड़ रुपए में तकनीक हस्तांतरण हासिल किया है। यह अपनी तरह का पहला टीओटी है। यह भारतीय अंतरिक्ष क्षेत्र के लिए एक मील का पत्थर है। पोलर सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल (पीएसएलवी) के मामले में, इस तरह से निर्माण का ठेका एक कंसोर्टियम को दिया गया था। लेकिन, एसएसएलवी के मामले में, लॉन्च वाहन बनाने का काम पूरी तरह से एचएएल को दिया जा रहा है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109